seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

seema-sandesh.com

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

आज तीसरा नवरात्रा
माँ चन्द्रघंटा

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 280 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12

श्रीगंगानगर, मंगलवार, 13 अक्टूबर, 2026

न्यूज इन ब्रीफ

छह राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्त

नई दिल्ली। राष्ट्रपति ने छह राज्यों में नए राज्यपालों की नियुक्ति की है। ओम प्रकाश माथुर को केरलम, डॉ. सुधा यादव को कर्नाटक और राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को तमिलनाडु का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं, डॉ. ढाल सिंह बिसेन को उत्तराखंड, दुष्यंत गौतम को सिक्किम और ब्रज मोहन राम को ओडिशा का राज्यपाल बनाया गया है।

8985 गांव मोबाइल नेटवर्क से वंचित

नई दिल्ली। डिजिटल इंडिया के दौर में भी देश के 8985 गांवों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सुविधा नहीं पहुंची है। इनमें दुर्गम पहाड़ी, जंगल और सीमावर्ती क्षेत्र शामिल हैं। भारत-पाक और चीन सीमा से जुड़े करीब 1200 गांव भी नेटवर्क से बाहर हैं। सरकार डिजिटल भारत निधि के तहत टावर लगाने पर काम कर रही है। वहीं, रिलायंस जियो समेत कंपनियां सैटेलाइट कनेक्टिविटी के जरिए दूरदराज क्षेत्रों तक इंटरनेट पहुंचाने की तैयारी में हैं।

भूजल प्रदूषण पर फैक्टरी सील

नासिक। अंबड क्षेत्र के भूजल में खतरनाक रसायन मिलने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। संयुक्त जांच अभियान में एक अवैध केमिकल फैक्टरी को सील किया गया, जबकि छह अन्य इकाइयों को नियमों के उल्लंघन और दूषित पानी के अनुचित निस्तारण पर नोटिस जारी किए गए।

संविदा सफाईकर्मी आवेदन तिथि बढ़ी

जयपुर। राजस्थान में संविदा सफाई कर्मचारी भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को राज्य सरकार ने राहत दी है। स्वायत्त शासन विभाग ने ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 अक्टूबर कर दी है। इससे पहले अंतिम तिथि 13 अक्टूबर निर्धारित थी। प्रदेश के 183 नगरीय निकायों में 24 हजार 752 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। विभाग ने अनुभव प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता भी हटाई है। जोधपुर हाईकोर्ट के आदेश के बाद यह निर्णय लिया गया। अब बिना अनुभव प्रमाण-पत्र के भी पात्र अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

देश में असंभव कार्य हुए : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बुनियादी ढांचे, रेलवे, हवाई यात्रा, डिजिटल भुगतान, सेमीकंडक्टर और रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि डीबीटी से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंच रहा है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी विकास की नई पहचान बनी है और जो कार्य पहले असंभव माने जाते थे, वे आज संभव हो रहे हैं।

दिल्ली ● विपक्षी दलों ने प्रदर्शन किया, एसआईआर को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त व दोनों चुनाव आयुक्तों के खिलाफ मामला न्यायालय में

सुप्रीम कोर्ट पहुंचे राहुल गांधी, याचिका दायर की

नई दिल्ली। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत से मुलाकात का अनुरोध ठुकराए जाने के बाद लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। उन्होंने चुनाव आयोग की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ व्यक्तिगत रूप से याचिका दाखिल की है। याचिका में विपक्ष ने एसआईआर प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए इसे रोकने की मांग की है। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी उठाई गई है। यह जनहित याचिका इंडिया गठबंधन के 11 नेताओं की ओर से दायर की गई है। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, टीएमसी नेता सौगत रॉय, शिवसेना नेता संजय राउत, सीपीआईएम महासचिव एमए बेबी, डी राजा सहित अन्य नेताओं के हस्ताक्षर हैं। इस घटनाक्रम के बाद सत्तारूढ़ भाजपा सहित राजनीतिक विश्लेषक भी हतप्रभ रह गये। याचिका में भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू व विवेक जोशी को प्रतिवादी बनाया गया है। इससे पहले राहुल गांधी और खरगे ने सीजेआई से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने का समय मांगा था, लेकिन सीजेआई ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के पास प्रशासनिक हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है। उन्होंने नेताओं को अनुच्छेद-32 के तहत न्यायिक प्रक्रिया अपनाने की सलाह दी थी। हालांकि, एसआईआर से जुड़ी एक याचिका पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। विपक्षी दलों के नेताओं ने दिल्ली में प्रदर्शन भी किया।



पहली बार विपक्ष का सुप्रीम कोर्ट तक मार्च

विपक्षी सांसदों ने दिल्ली के बाराखंभा रोड से सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च निकाला था। उन्हें 500 मीटर पहले रोक दिया गया था। यह पहली बार है जब विपक्षी नेताओं ने किसी मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला। मार्च के पहले राहुल गांधी ने 40 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा था कि विपक्ष का मार्च शिवजी की बारात की तरह है, इसमें कोई भी शामिल हो सकता है। एसआईआर और ज्ञानेश कुमार के खिलाफ याचिका लगाई, राहुल-अखिलेश समेत 10 पार्टियों के 11 नेता याचिकाकर्ता राहुल, प्रियंका, खड़गे के साथ अन्य विपक्षी सांसद सोमवार शाम अचानक सुप्रीम कोर्ट के अंदर पहुंचे।

● **केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान** ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों से हाथ मिला रही है। वह अपनी चुनावी हार की जिम्मेदारी लेने के बजाय विरोध प्रदर्शन का रास्ता अपना रही है। उसे चुनाव आयोग पर आरोप लगाने के बजाय अपने नेतृत्व और संगठन की स्थिति सुधारनी चाहिए।

● **केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल** ने जयपुर में आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनाव में हार के बाद संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाती है। मेघवाल ने राहुल गांधी की राजनीति को 'झूठ बोलो और भाग जाओ' की रणनीति करार दिया। मंत्री ने आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधते हुए 'कॉकरोच पार्टी' को आप की स्पॉन्सर टीम बताया।

● **भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर** ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें 'हवा-हवाई नेता' बताया और कहा कि देश को सिर्फ आरोप लगाने वाले नेताओं की जरूरत नहीं है। देश को ठोस सबूत चाहिए। राहुल गांधी ऐसे बयानों से देश में अराजकता, अशांति और गड़बड़ी फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। संविधान हाथ में लेकर घूमने वाले को सीजेआई ने सिखा दिया।

● **केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान** ने एक्स पर कहा कि आदरणीय राहुल गांधी जी, संविधान की किताब हाथ में लेकर घूमते रहे, पर संविधान का पाठ आखिरकार आज देश के मुख्य न्यायाधीश ने आपको पढ़ाया। उन्होंने आगे तंज कसते हुए लिखा, 'निकले थे ज्ञापन लेकर, लौटे सीजेआई से सबक लेकर। न्याय याचिका से मांगा जाता है, ज्ञापन से नहीं।

दिल्ली बनी रहेगी छावनी वापस नहीं जाएंगे सुरक्षाकर्मी

जंतर-मंतर प्रदर्शन स्थलों की सूची से बाहर

नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडिया और दूसरे संगठनों के प्रदर्शनों के बीच दिल्ली में सुरक्षा के लिए तैनात करीब 20 हजार अर्धसैनिक बलों के जवान महीने भर राजधानी में रहेंगे। जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा बलों को रोकने का फैसला आगामी त्योहारों को देखते हुए भी लिया गया है। इस दौरान बाजारों और सार्वजनिक जगहों पर भीड़ बढ़ने की आशंका है। ऐसे में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा इंतजाम सख्त किए गए हैं। अर्धसैनिक बलों के अलावा दिल्ली पुलिस के हजारों जवान भी सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। दिल्ली में सोमवार को प्रदर्शन के लिए तीन नए निर्धारित स्थल भी घोषित किए गए। इनमें रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और सीबीडी मैदान शामिल हैं। अब तक प्रदर्शन के लिए तय जंतर-मंतर को इस सूची से हटा दिया गया है। जंतर-मंतर दिल्ली के मध्य इलाके में स्थित है, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, नए प्रदर्शन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जांच कर ली गई है। इन जगहों पर भीड़ को नियंत्रित करने और किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जरूरी इंतजाम किए गए हैं। प्रदर्शन स्थलों में बदलाव के बाद अब विरोध प्रदर्शन के लिए इन तीन जगहों का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

● भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सांसद और जेएनयू से निष्कासित प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। जेएनयू की कम से कम 11 छात्राओं ने प्रोफेसर पद से बर्खास्त कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमल अकोइजाम के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। भाजपा के महिला मोर्चा ने अकोइजाम को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की।

● मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के दिल्ली प्रदर्शन को कानून-व्यवस्था का मुद्दा बताने वाले बयान पर कांग्रेस ने हमला बोला है। केरल कांग्रेस ने कहा कि यदि कानून-व्यवस्था संभालना उनकी जिम्मेदारी नहीं है तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उनकी जगह कोई और व्यक्ति ढूंढ लिया जाएगा जो इसे संभाल सके। यह बयान सीजेआई के उस बयान के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि दिल्ली में बनी स्थिति उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आती।

जब अधिकारों का उल्लंघन हो तो कोर्ट को आगे आना ही चाहिए : सूर्यकांत

नई दिल्ली। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि ऐसा अधिकार जो ताकतवर लोगों के लिए तो काम करता है लेकिन कमजोरों के लिए नाकाम हो जाता है, वह असल में कोई अधिकार नहीं है-यह केवल एक विशेषाधिकार है, जिसकी ब्रांडिंग बेहतर तरीके से की गई है। सोमवार को विज्ञान भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 33वें स्थापना दिवस पर सीजेआई ने कहा कि किसी मानवाधिकार संस्था की असली परीक्षा इस बात में है कि क्या उसकी आवाज उन लोगों तक पहुंच पाती है, जो खुद अपने लिए बोलने में सबसे ज्यादा असमर्थ हैं। जब भी संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हो, तो अदालतों को आगे आना ही चाहिए।

डिजिटल अरेस्ट कर 2 करोड़ की ठगी

जयपुर। पुलिस, एटीएस, एनआईए, आरबीआई और अन्य सरकारी संस्थाओं के अधिकारी बनकर एक बुजुर्ग दंपती को करीब 20 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखने और गिरफ्तारी का भय दिखाकर 2 करोड़ रुपए से अधिक की साइबर ठगी करने के मामले में सेंट्रल साइबर क्राइम पुलिस थाना, जयपुर की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

सम्मान ● अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव को समझने और स्थिर करने में मददगार

रॉबर्ट हॉल और माइकल वुडफोर्ड को अर्थशास्त्र-2026 का नोबेल पुरस्कार

नई दिल्ली।

अर्थशास्त्र में वर्ष 2026 का नोबेल पुरस्कार अमेरिका में जन्मे अर्थशास्त्रियों रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड को प्रदान किया गया है। उन्हें यह सम्मान ऐसे मैक्रोइकोनॉमिक मॉडल विकसित करने के लिए मिला है, जिनसे नीति निर्माताओं को अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव को समझने और उसे स्थिर करने में मदद मिली। दोनों अर्थशास्त्रियों के शोध से यह समझने में सहायता मिली कि सही समय पर अपनाई गई मौद्रिक और राजकोषीय नीतियां आर्थिक संकट, मंदी और तेज विकास के दौर में संतुलन बनाने में किस तरह प्रभावी हो सकती हैं। उनके मॉडल आधुनिक आर्थिक नीतियां बनाने में महत्वपूर्ण आधार माने जाते हैं।


रॉबर्ट ई. हॉल

माइकल वुडफोर्ड

अर्थशास्त्र का नोबेल मूल पुरस्कारों का हिस्सा नहीं

अर्थशास्त्र का यह पुरस्कार अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में स्वीडन के केंद्रीय बैंक द्वारा 1968 में शुरू किया गया था। इसका आधिकारिक नाम 'स्वेरिजेस रिक्सबैंक पुरस्कार' है। यह अल्फ्रेड नोबेल द्वारा स्थापित मूल पांच नोबेल पुरस्कारों में शामिल नहीं था, लेकिन 1969 से इसे हर वर्ष 10 दिसंबर को अन्य नोबेल पुरस्कारों के साथ प्रदान किया जाता है। अब तक यह सम्मान 57 बार दिया जा चुका है और 99 अर्थशास्त्रियों को मिल चुका है।

भरतपुर ● खनन पट्टे के रास्ते को लेकर गांव वालों से चल रहा था विवाद, 70-80 लोगों ने किया हमला

पूर्व भाजपा विधायक भड़ाना की हत्या के मामले में 16 पकड़े

भरतपुर।

जिले के वैर क्षेत्र में रविवार शाम भाजपा के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ गुर्जर नेता अतरसिंह भड़ाना की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पूर्व विधायक की मौत के मामले में उनकी पत्नी कमलेश भड़ाना ने वैर थाना पुलिस को रिपोर्ट देकर करीब 32 लोगों को नामजद किया है। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि भौड़ा गांव स्थित खनन पट्टे पर करीब 80 लोग पहुंचे और उन्होंने फायरिंग करते हुए अतर सिंह भड़ाना पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमलावरों ने पूर्व विधायक और कर्मचारियों को जिंदा जलाने के इरादे से कार्यालय और कमरों में आग लगा दी, तथा थ्रेसर मशीनों में तोड़फोड़ की। वहीं, मामले में पुलिस ने 16 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, क्रशर प्लांट और खनन क्षेत्र से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे विवाद के बीच 70-80 लोगों की भीड़ ने भड़ाना और उनके गनमैन गगन शर्मा पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल भड़ाना को जयपुर ले जाया जा रहा था, लेकिन दौसा के महुआ के पास रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। गनमैन का उपचार जारी है। पूर्व विधायक की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल है तथा एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस की कई टीमें हमलावरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही हैं। घटना ने कानून-व्यवस्था और संवेदनशील विवादों के समय रहते समाधान को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एंबुलेंस के जरिए सोमवार को उनका पार्थिव शरीर हरियाणा के फरीदाबाद जिले स्थित उनके पैतृक गांव पाली पहुंचा। जहां गांव के श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार हुआ। अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर परिवार, रिश्तेदारों, गांव के लोगों और समर्थकों का भारी जमावड़ा लगा।



जनता की सुरक्षा तो भगवान भरोसे

कांग्रेस ने इस मामले में प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब पूर्व विधायक ही सुरक्षित नहीं है तो फिर आमजन की सुरक्षा किसके भरोसे होगी? पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूला, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल सहित कांग्रेस नेताओं ने इस मामले को लेकर सरकार पर हमला बोला, साथ ही सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग की है।



श्रीराम मंदिर में आज हनुमान चौक पर लगेंगी अर्जियां



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सूरतगढ़ रोड स्थित अन्नक्षेत्र श्रीराम मंदिर में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित दस दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में भक्ति और सेवा का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में एक ओर अखंड सियाराम जय-जय सियाराम संकीर्तन की मधुर स्वर लहरियां गूंज रही हैं, वहीं दूसरी ओर मां अन्नपूर्णा के भंडारे में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। अखंड राम नाम संकीर्तन को निरंतर जारी रखने के लिए छह सेवादार टीमें बनाई गई हैं। छह युवतियों सहित कुल 36 सेवादार दो-दो घंटे की निर्धारित अवधि में संकीर्तन की सेवा कर रहे हैं। 4 से 6 बजे और 6 से 8 बजे तक संकीर्तन में सेवाएं दे रहे हैं। आयोजन के दूसरे दिन सायंकालीन आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। नियमित पांच सवामणियों का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जा रहा है। मंगलवार को मंदिर में स्थापित हनुमान चौक पर श्रद्धालुओं की विशेष अर्जियां लगवाई जाएंगी।

मिमिट मलोट के विद्यार्थियों ने किया ट्राइडेंट उद्योग का दौरा



मलोट। पंजाब सरकार द्वारा स्थापित मलोट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (मिमिट) के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों ने ट्राइडेंट ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, बरनाला का औद्योगिक दौरा किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योगों की कार्यप्रणाली और तकनीकी उपयोग से अवगत कराना था। विभाग प्रमुख डॉ. हरमिंदर सिंह बिंद्रा और जस्ट क्लब के कोऑर्डिनेटर गुरप्रीत सिंह सोणी ने बताया कि विद्यार्थियों का ट्राइडेंट के तक्षशिला सेंटर में स्वागत किया गया। डीन डॉ. एम.पी. सिंह और अमरिंदर सिंह मंडेर ने विद्यार्थियों को कंपनी की विभिन्न इकाइयों और कार्यप्रणाली की जानकारी दी। दौरे के दौरान विद्यार्थियों ने धागा निर्माण से लेकर तौलिया तैयार होने तक की प्रक्रिया, जिसमें कटिंग, प्रेसिंग, गुणवत्ता जांच और पैकिंग शामिल है, को करीब से देखा। उन्होंने जाना कि उद्योगों में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग किस प्रकार किया जाता है। मिमिट के डायरेक्टर डॉ. अश्विनी बंसल ने ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन राजिंदर गुप्ता एवं टीम का आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. नवदीप लता और इंजीनियर अनीता भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

सीमा सन्देश # चूनावढ़



श्रीगंगानगर पदमपुर स्टेट हाईवे 03 पर सोमवार सुबह करीब 8 बजे चूनावढ़ बस स्टैंड के निकट भगवानसर ढाणी के पास पेट्रोल पंप के सामने कार और बाइक की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक करीब 15 फीट तक हवा में उछल गया, जबकि कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार मंगलदीप (30) पुत्र बुधराम निवासी 18 बीबी की श्रीगंगानगर जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं, कार में सवार चार लोग घायल हो गए। मंगलदीप श्रीगंगानगर जिला अस्पताल में भर्ती अपनी बहन का हाल जानकर बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में जग्गा फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप से तेल डलवाने के बाद जैसे ही वह बाइक लेकर स्टेट हाईवे पर चढ़ा, सामने से आ रही कार से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे के समय मंगलदीप ने हेलमेट पहन रखा था। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पिता बुधराम ने चूनावढ़ थाने में अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मंगलदीप पलंबर का काम करता था। उसकी शादी इसी साल हुई थी। परिवार में उसकी एक छोटी बहन और एक बड़ा भाई है।

घड़साना:अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार किए



सीमा सन्देश # घड़साना। पुलिस थाना नई मण्डी घडसाना व बोर्डर डीएसटी श्रीगंगानगर की संयुक्त कार्रवाई दो युवकों के अवैध पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अनूपगढ़ के निकटतम पर्यवेक्षण में बोर्डर डीएसटी टीम से प्राप्त गुप्त सूचना पर थानाधिकारी आलोक सिह पु.नि. के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने गौरव सोनी उर्फ गोरू (24 साल) पुत्र सुरजमल निवासी वार्ड नं. 15 गुरदयाल कॉलोनी घडसाना और अमित गोयल उर्फ बाणिया(21साल) पुत्र प्रदीप गोयल निवासी वार्ड न 23 चक 24 एएससी धक्का बस्ती घडसाना को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणो के कब्जे से 1 अवैध 30 बोर पिस्टल एवं 2 जिंदा कारतूस (07.62 एमएम) बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध आर्मस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर तफ्तीश श्री भजनलाल सउनि को सुपुर्द की गई है। आरोपीयों से विस्तृत अनुसंधान एवं पूछताछ जारी है। आरोपितों को पकड़ने वाली टीम में दिलीप कुमार सउनि, शंकरलाल , सुभाष , वेदप्रकाश कानि. शामिल रहे। बोर्डर डीएसटी टीम- विक्रम छिम्पा चालक बोर्डर डीएसटी की इस कार्यवाही में विशेष भूमिका रही।

सफाई कर्मचारी भर्ती की आवेदन तिथि बढ़ी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। स्वायत्त शासन विभाग ने संविदा सफाई कर्मचारी भर्ती-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 अक्टूबर कर दी है। विभाग की ओर से 12 अक्टूबर को जारी शुद्धि पत्र में इसकी घोषणा की गई है। विभाग के अनुसार, राज्य की 183 नगरीय निकायों में संविदा सफाई कर्मचारी के कुल 24,752 रिक्त पदों पर भर्ती की जा रही है। इसके लिए विज्ञापन संख्या 01/2026 दिनांक 27 जुलाई को जारी किया गया था। पहले ऑनलाइन आवेदन 15 अगस्त से 28 सितंबर तक आमंत्रित किए गए थे। इसके बाद जारी शुद्धि पत्र के माध्यम से आवेदन की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर तक बढ़ाई गई थी। अब अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए 28 अक्टूबर तक का अतिरिक्त समय दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भर्ती से संबंधित अन्य सभी शर्तें पूर्ववत रहेंगी। यह भर्ती राजस्थान संविदा भर्ती टू सिविल पोस्ट्स रूल्स, 2022 एवं संशोधित नियमों के तहत की जा रही है।

न्यूलाइट ज्वैलर्स ने शुरू किया 'स्पिन एवं विन' ऑफर; खरीदारी पर मिलेगा कैशबैक का लाभ

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



शहर के प्रतिष्ठित आभूषण प्रतिष्ठान न्यूलाइट ज्वैलर्स, 85 जवाहर मार्केट ने त्योहारी सीजन और आगामी खरीदारी को ध्यान में रखते हुए अपने ग्राहकों के लिए विशेष 'स्पिन एंड विन' ऑफर की शुरूआत की है। प्रतिष्ठान के संचालक एमपी सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्राहकों को आभूषण खरीदारी के साथ अतिरिक्त लाभ और बेहतर अनुभव उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बताया कि ऑफर के तहत एक लाख रुपये या उससे अधिक की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को पहिया घुमाकर सुनिश्चित कैशबैक जीतने का अवसर मिलेगा। ग्राहक अपनी पसंद के सोने-चांदी के आभूषण खरीदने के साथ इस विशेष योजना का लाभ उठा सकेंगे। एमपी सिंह ने कहा कि न्यूलाइट ज्वैलर्स हमेशा से ग्राहकों को शुद्धता, आकर्षक डिजाइन और उत्कृष्ट सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने बताया कि त्योहारी अवसर पर शुरू किया गया यह ऑफर ग्राहकों के लिए खरीदारी को और खास बनाने की पहल है। उन्होंने ग्राहकों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि ऑफर से संबंधित अधिक जानकारी के लिए ग्राहक प्रतिष्ठान पर संपर्क कर सकते हैं।

टिक्की वाले के यहां भी पहुंची स्वास्थ्य टीम, सैम्पल लिये



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला के मुताबिक एफएसओ रेणु चौधरी एवं नित्या शर्मा में शिव चौक के नजदीक स्थित इमली रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपयोग में ली जा रही तैयार ग्रेवी एवं हल्दी का सैंपल लिया। इसी तरह एफएसओ मंजूबाला एवं उर्मिला भादू ने गोल बाजार स्थित आगरा टिक्की का निरीक्षण कर सैंपल लिया गया। सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि आमजन विभागीय व्हाट्स एप नंबर 9351504313 पर खाद्य पदार्थों के संबंध में शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत नोजगे स्कूल, जैन गर्ल्स कॉलेज, जागृति विद्या मंदिर स्कूल एवं एक पीपीएम स्थित जीयूपीसी में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य पदार्थों के सेवन का महत्व बताया गया।

लॉरेंस गैंग के 3 गुर्गे हथियारों सहित गिरफ्तार

सीमा सन्देश# रावलामण्डी। जिला पुलिस की बॉर्डर डीएसटी टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गैंगस्टर आरजू बिश्नोई व कार्तिक जाखड़ के स्थानीय गैंग संचालक विष्णु कुमार उर्फ निंजा, दिलप्रीत सिंह उर्फ डीके व सुधीर कुमार उर्फ धीरु को पुरानी रंजिश का बदला लेने की वारदात करने की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से अवैध दो पिस्टल मय चार मैगजीन अनुमानित 7.62 टट बोर मय 43 जिंदा कारतूस बरामद किये गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सोमवार की अल सुबह बॉर्डर डीएसटी के कानिस्टेबल गोपीराम ने जरिये टेलीफोन सूचना दी की गैंगस्टर नेटवर्क के उक्त आरोपियों द्वारा वारदात को अंजाम देने की योजना बनायी जा रही है। जिनके पास भारी मात्रा में असला मिल सकता है। इस पर थानाधिकारी पुलिस थाना रावला मय टीम बलवन्त कुमार थानाधिकारी रावला, रामनिवास हैड कानि. , शैलेन्द्र , ओमप्रकाश , इन्द्रपाल , सीमा महिला कानि. द्वारा आरोपी विष्णु उर्फ निंजा निवासी वार्ड नं. 11, रावला मंडी के निवास से 2 पिस्टल, 4 मैगजीन व 43 कारतूस बरामद किए। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीबद्ध कर अनुसंधान गिरधारी सिंह उनि. द्वारा जारी है। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी कई प्रकरण दर्ज है। इस कार्यवाही में विशेष भूमिका गोपीराम कानि. डीएसटी श्रीगंगानगर की रही है।

मूंग चोरी के मामले में मिली जमानत

श्रीकरणपुर। स्थानीय धानमंडी से मूंग की फसल चोरी होने के प्रकरण में पुलिस द्वारा न्यायालय में चालान पेश किया गया। इस दौरान मामले में नामजद आरोपी सोनू कुमार को अदालत में पेश किए जाने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई के बाद उसे जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना में दर्ज मुकदमे में पुलिस ने तफ्तीश मुकम्मल करते हुए संबंधित अदालत में आरोप-पत्र (चालान) पेश किया। पेशी के दौरान आरोपी सोनू कुमार की ओर से जमानत याचिका पेश कर अधिवक्ता विशाल भारती वर्मा ने पक्ष रखा। अधिवक्ता विशाल वर्मा ने न्यायालय के समक्ष दलील दी कि आरोपी का प्रकरण में कोई सीधा रोल नहीं है और अनुसंधान के दौरान उसने पुलिस जांच में पूर्ण सहयोग दिया है। बहस व पत्रावली का अवलोकन करने के पश्चात जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लिया।

चेयरमैन आकांक्षा चौधरी का दौलतपुरा में अभिनंदन

सीमा सन्देश # दौलतपुरा



केसरसिंहपुर नगर पालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष आकांक्षा चौधरी का दौलतपुरा गांव पहुंचने पर ग्रामीणों की ओर से स्वागत किया गया। आकांक्षा चौधरी के पूर्वजों का गांव दौलतपुरा है। उनके ताया ससुर एवं श्रीगंगानगर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष जगदीशराय जांदू का जन्म भी इसी गांव में हुआ था। वहीं, उनके ससुर रामकुमार जांदू भी दौलतपुरा गांव से संबंध रखते हैं और यहां पूर्व में पंचायत समिति डायरेक्टर रह चुके हैं। आकांक्षा चौधरी ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों ने चुनाव में जिस तरह उनका साथ दिया, उसके लिए वह सभी की हृदय से आभारी हैं। कार्यक्रम में केसरसिंहपुर के पूर्व पालिका अध्यक्ष कालूराम बाजीगर, बीरबल राम, ओमप्रकाश बैरड़, सुल्तान राम गोदारा, बोहड़ सिंह गरेवाल, राजेंद्र बैरड़, रामकुमार जांदू, नरेंद्र सहारण, प्रशासक जनप्रतिनिधि सुनील बैरड़, इन्द्राज सहारण, विनोद गोदारा, हरपाल सिंह, उपसरपंच हाकम सिंह, जल संगम अध्यक्ष राजेंद्र बेनीवाल, राकेश बैरड़, अध्यापक सोहन लाल सहारण, कश्मीर ग्रेवाल, हरपाल सिंह, सहकारी समिति अध्यक्ष राजेंद्र ग्रेवाल, रमेश नायक, मनरेगा मजदूर प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष मंगल नायक, पवन बुडानिया, मनोहर बुडानिया, प्रेम बैरड़, लोकेश सहारण, उग्रसेन सहारण आदि उपस्थित रहे।

बीडीआईएस में विद्यार्थियों ने किया इंट्यूशन

श्रीगंगानगर। बीडीआईएस में आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में तीन दिवसीय इंट्यूशन प्रोसेस का आयोजन किया गया। इसमें जूनियर वर्ग के 29 तथा सीनियर वर्ग के 62 सहित कुल 91 विद्यार्थियों ने भाग लेकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नए अनुभव प्राप्त किए। संचालन विद्यालय प्राचार्या एवं आर्ट ऑफ लिविंग की वरिष्ठ प्रशिक्षिका डॉ. मीतू शर्मा, जयपुर से आई प्रशिक्षिका अपर्णा शर्मा तथा अंजनी लीला ने किया। डॉ. मीतू शर्मा ने बताया कि इंट्यूशन प्रोसेस का उद्देश्य बच्चों में एकाग्रता, आत्मविश्वास, भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक सोच का विकास करना है। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने आंखों पर पट्टी बांधकर रंग पहचानने, पुस्तकों को पढ़ने तथा आसपास की वस्तुओं को महसूस करने जैसी गतिविधियों में भाग लिया। उनके अनुसार नियमित अभ्यास से बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को विकसित करने में सहायता मिलती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में इससे पहले 388 विद्यार्थी इंट्यूशन कोर्स तथा 201 विद्यार्थी उत्कर्ष योग का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास और व्यक्तित्त्व विकास को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।



एसकेआईटी जयपुर में टेक-प्रवाह '26' का शुभारंभ



जयपुर। स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एसकेआईटी) में वार्षिक चार दिवसीय तकनीकी महोत्सव ह्यटेक-प्रवाह ह्य26ह्ण का शुभारंभ हुआ। 12 से 15 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे इस महोत्सव की थीम 'विचारों और प्रौद्योगिकी का संगम' रखी गई है। उद्घाटन समारोह में राजस्थान के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) वी. के. सिंह मुख्य अतिथि तथा साइबर क्राइम के पुलिस अधीक्षक सुमीत मेहरड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में दोनों अतिथियों ने बढ़ते साइबर क्राइम के खतरों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को हैकाथॉन जैसे मंचों के जरिए समाज की समस्याओं के समाधान खोजने और देश के डिजिटल भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन सूरजाराम मील, निदेशक जयपाल मील, अकादमिक निदेशक प्रो. एस. एल. सुराणा, प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार पचार, डीन डॉ. आर. के. जैन और मुख्य समन्वयक डॉ. प्रवीण जैन सहित संकाय सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे। महोत्सव के दौरान हैकाथॉन, प्रोजेक्ट एक्सपो, इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और आईआईटी बॉम्बे टेकफेस्ट जोनल्स जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता बढ़ाने और उद्योग-शिक्षा जगत के सहयोग में मददगार साबित होगा।

जागो किसान जागो

सीजन-2 · 15 अक्टूबर से

पूरा हिसाब

ट्रैक्टर खरीदो, ठगी नहीं

सीमा सन्देश

ताकत किसान की, जबान की

GST घटा, फायदा कहाँ गया?

22 सितंबर 2025 से ट्रैक्टर पर GST घट गया — क्या यह राहत आपके बिल में दिखी?

ट्रैक्टर पर GST ~~12%~~ → 5%

टायर और पार्ट्स पर GST ~~18%~~ → 5%

कितनी राहत तय हुई थी?

35 HP ट्रैक्टर	₹41,000
45 HP ट्रैक्टर	₹45,000
50 HP ट्रैक्टर	₹53,000
75 HP ट्रैक्टर	₹63,000

अनुमानित कमी, केंद्रीय कृषि मंत्री के अनुसार (सितंबर 2025)। असली राहत मॉडल और दाम पर निर्भर।

बिल में ऐसे जांचें

1. बिल में GST की दर 5% अलग से लिखी हो।
2. कंपनी की वेबसाइट पर मॉडल का एक्स-शोरूम दाम देखें और शोरूम के दाम से मिलाएं।
3. GST की राहत को "त्योहारी डिस्काउंट" बताकर न बेचा जाए — छूट और स्कीम अलग से लिखवाएं।
4. टायर-पार्ट्स खरीदें तो पक्का बिल लें, उसमें भी 5% GST।

GST की राहत आपका हक़ है, किसी का एहसान नहीं। न मिले तो उपभोक्ता हेल्पलाइन 1915

15 अक्टूबर से रोज़ पढ़ें — पहली कड़ी

"ज़रूरत है या शान?"

आपके साथ धोखा हुआ? हमें बताएं

बिल, लोन या रसीद की फोटो के साथ WhatsApp पर लिखें या वॉइस नोट भेजें। आपकी पहचान आपकी अनुमति के बिना नहीं छापी जाएगी।

स्कैन करें या संदेश भेजें

93528 93528

किसान की बात, किसान के साथ — यही है सीमा सन्देश की पहचान

1951 से

मौसम

अधिकतम 31.2° | न्यूनतम 19.0°

आर्द्रता

सुबह 87% | शाम 62%

विंड स्पीड

3-10KM/h

आज का सूर्यास्त

06:06PM

कल का सूर्योदय

06:36AM

आंधी के साथ वर्षा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,48,740

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,37,570

चांदी (प्रति किलो) ₹2,22,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

मतदाता पंजीकरण कैम्प आयोजित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिले भर के शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक कॉलेज में मतदाता पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया गया। इससे पूर्व छात्रों को उनके जन्म तिथि प्रमाण, आधार कार्ड या अन्य वैद्य दस्तावेज व परिवार में से किसी एक व्यक्ति का वोटर आईडी लाने हेतु पूर्व में सूचित किया। कैंप में ईसीआईनेट एप के साथ-साथ ऑफलाईन फार्म संख्या 6 भरने की जानकारी देकर विद्यार्थियों से आवेदन करवाए गए। इस दौरान संबंधित विधानसभा से बीएलओ के साथ-साथ विद्यालय, महाविद्यालय ईएलसी प्रभारियों ने सहयोग दिया। 13 अक्टूबर को भी शेष रहे विद्यार्थियों से आवेदन करवाया जावेगा।

4 वार्डों की बड़ी आबादी से जुड़ी खबर...जेसीबी लगानी पड़ी, तब जाकर पुराने नालों से निकली 4-5 फीट तक सिल्ट

गंदे नालों की सफाई से सेतिया फार्म, प्रेमनगर और जस्सा सिंह मार्ग के आसपास कॉलोनियों को मिलेगी बड़ी राहत

श्रीगंगानगर

शहर के सेतिया फार्म, प्रेम नगर, जसवंतसिंह कॉलोनी, हरदीपसिंह कॉलोनी और जस्सासिंह मार्ग सहित आसपास की कॉलोनियों में गंदे पानी की निकासी की समस्या दूर करने के लिए नगर परिषद ने वार्डों में नालों की सफाई का काम तेज कर दिया है। लंबे समय से सिल्ट जमा होने के कारण अवरुद्ध हो रही निकासी को सुचारू बनाने के लिए जेसीबी की मदद से नालों से करीब चार फीट तक सिल्ट निकाली जा रही है। पिछले दो-तीन दिनों से सेतिया फार्म, प्रेम नगर, जस्सासिंह मार्ग के आसपास, ब्रह्म कॉलोनी आदि में पार्षदों की निगरानी में नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों की टीमें लगातार इस काम में जुटी हुई हैं। इन नालों के माध्यम से वार्ड 27, 29, 30 और 32 की विभिन्न कॉलोनियों के घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी होती है। नाले के कई हिस्सों में गहराई तक सिल्ट जमा होने और आगे जाकर नाले के अलग-अलग भागों में बंटने के कारण पानी की निकासी प्रभावित हो रही थी। इसका खामियाजा आसपास की कॉलोनियों के निवासी भुगतते हैं। बारिश के दिनों में हालात ज्यादा खराब हो जाते हैं। एक बार की बारिश में तो ब्रह्म कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्र में लोगों के घरों को भी नुकसान हुआ था।

आमजन भी जिम्मेदारी समझें: गंदे नालों की सफाई के दरम्यान सिल्ट के बीच ऐसा कचरा भी निकाला गया है जो नष्ट नहीं होता है। इसमें प्लास्टिक, बोतलें भी अधिक मात्रा में निकले, ऐसा कचरा नाले-नालियों के जल प्रवाह में बाधा बनता है। चूंकि जस्सासिंह मार्ग मुख्य और बड़ा रास्ता है, यहां बहुत से लोग कचरा फैंक जाते हैं, जो नाले में चला जाता है। इससे नाला अवरुद्ध होता है। आसपास के लोगों को यहां नाले में कचरा फैंकने वालों को रोकना चाहिए।

जस्सासिंह मार्ग पर बना मुख्य नाला...यहां से होती है कई वार्डों के पानी की निकासी



जस्सासिंह मार्ग मुख्य सड़क के नाले से निकाली गई सिल्ट।

सुबह से शाम तक जेसीबी के साथ जुटी टीमें, पार्षद भी साथ

वार्ड 30 के पार्षद जोबनप्रीत सिंह ने बताया कि क्षेत्र में गंदे और बरसाती पानी की निकासी लंबे समय से बड़ी समस्या बनी हुई है। नालों की जांच में कई फीट तक सिल्ट जमा मिली। नगर परिषद सभापति अजय दावड़ा को समस्या से अवगत करवाया गया। अब वार्ड में जेसीबी लगवाई है। नालों से काफी सिल्ट निकाली गई। वार्ड 32 के पार्षद रामफल बिश्नोई और वार्ड 30 के पार्षद जोबनप्रीत सिंह सहित सफाई कर्मचारियों की टीमें सुबह से शाम तक सफाई कार्य की निगरानी में जुटी रहीं। दोनों पार्षदों ने कहा, इससे वार्ड 27, 29, 30 और 32 की अनेक कॉलोनियों में पानी निकासी सुचारू होने में मदद मिलेगी। वहीं, वार्ड 29 की पार्षद ऋतु धवन भी कॉलोनी में बने नालों की सफाई स्वयं मौजूद रहकर करवाती नजर आईं।



जहां कोई जाता नहीं था...वहां रास्ता तैयार किया, फिर जेसीबी लेकर नालों तक पहुंची टीम। पार्षद जोबनप्रीत व रामफल बिश्नोई भी साथ रहे।

पार्षदों ने कहा- इससे विभिन्न वार्डों की कई कॉलोनियों के लोगों को होगा फायदा

सफाई अभियान के तहत जस्सासिंह मार्ग की दूसरी तरफ वार्ड 32 में नाले के जुड़ने वाले हिस्से पर सुबह कई घंटे तक जेसीबी से सिल्ट निकाली गई। इसके बाद दोपहर बाद जस्सासिंह मार्ग की एक तरफ वार्ड 30 में नाले की सफाई का काम युद्धस्तर पर किया गया। सेतिया फार्म मेन रोड और प्रेम नगर से होते हुए जसवंतसिंह कॉलोनी तथा जस्सासिंह मार्ग के आसपास स्थित नालों से भी सिल्ट निकलवाई गई। अभियान के दौरान वार्ड तीस की जसवंतसिंह कॉलोनी के पीछे दलदली जमीन के पास से गुजरने वाले नाले की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया गया। यहां कंटीली झाड़ियां, दलदल वाली जगह होने के चलते अंदर तक जाना मुश्किल था। अब जेसीबी की मदद से सफाई करवाकर कच्चा रास्ता तैयार किया गया और यहां तक पहुंच बनाते हुए नाले से सिल्ट निकालने का काम शुरू किया गया। यहां भी वार्ड तीस के पार्षद की निगरानी में सफाईकर्मियों की टीम ने नाले से सिल्ट निकाली। जैसे ही सिल्ट निकाली तो पानी तेज से प्रवाह करने लगा।



हनुमान धाम मंदिर रोड, वार्ड नं. 32



वार्ड नं. 30 में जसवंत कॉलोनी

चुनाव क्षेत्र में रहेगा सूखा दिवस

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव 2026 के दौरान श्रीगंगानगर जिले में तृतीय एवं चतुर्थ चरण में चुनाव सम्पन्न करवाये जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि जिले में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिये तृतीय चरण में जहां चुनाव सम्पन्न होने हैं, उन क्षेत्रों में तथा ऐसे क्षेत्रों के पांच किलोमीटर परिधीय क्षेत्र में 2 नवम्बर को सायं 6 बजे से 4 नवम्बर को सायं 6 बजे तक एवं चतुर्थ चरण में जहां चुनाव सम्पन्न होने हैं, उन क्षेत्रों में तथा ऐसे क्षेत्रों के पांच किलोमीटर परिधीय क्षेत्र में 12 नवम्बर को सायं 6 बजे से 14 नवम्बर को सायं 6 बजे तक सूखा दिवस रहेगा। इसी प्रकार पंच एवं सरपंच पद के चुनाव के लिए तृतीय चरण में जहां चुनाव सम्पन्न होने है, उन क्षेत्रों में तथा ऐसे क्षेत्रों के 5 किलोमीटर परिधीय क्षेत्र में 4 नवम्बर को सायं 6 बजे से 6 नवम्बर को मतगणना समाप्ति तक एवं चतुर्थ चरण में जहां चुनाव सम्पन्न होने हैं, उन क्षेत्रों में तथा ऐसे क्षेत्रों के 5 किलोमीटर परिधीय क्षेत्र में 14 नवम्बर को सायं 6 बजे से 16 नवम्बर को मतगणना समाप्ति तक सूखा दिवस रहेगा।

चहल चौक मंदिर में आज शिविर



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। चहल चौक के नजदीक स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्रत्येक महीने के प्रथम मंगलवार को सायं 7 से रात्रि 9 बजे तक निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. साहिल वधवा मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान करेंगे। पवन बंसल ने बताया कि पहला शिविर आज लगेगा।

कलक्टर ने दिए निर्देश, बजट घोषणाओं के काम तय समय में पूरे करने को कहा -

नहरी पानी को प्रदूषित करने वालों पर शिकंजा, कचरा डालने वालों पर होगी कार्रवाई

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

नहरों के किनारे कचरा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ उनसे जुर्माना वसूला जाएगा। इस संबंध में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यों और किसानों से जुड़े सिंचाई संबंधी मुद्दों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने साथ ही विभागीय कार्यों और बजट घोषणाओं के तहत स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने पर जोर दिया। जिला कलक्टर ने कहा कि नहरों के किनारे कचरा डालने से सिंचाई जल प्रदूषित होता है। इसकी रोकथाम के लिए जल संसाधन विभाग के अधिकारी नियमित निगरानी करें तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूलें। हरियालो राजस्थान अभियान और बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने जल संसाधन विभाग को निर्धारित समयावधि में विभागीय कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की विभागवार समीक्षा भी की गई।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने और परिवादियों के संतुष्टि स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिए। वहीं, पीडब्ल्यूडी और पीएचईडी अधिकारियों से विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए बजट घोषणा के तहत आवंटित कार्यों को गुणवत्तापूर्वक पूरा करने को कहा। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

विजेताओं को 3100 से 31000 का पुरस्कार

श्रीगंगानगर के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर 25 अक्टूबर को पुलिस लाइन में 'गंगानगर मैराथन 2026' आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों और उनके अधीनस्थ कार्मिकों को 15 अक्टूबर तक निर्धारित पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर मैराथन में भाग लेने के निर्देश दिए। प्रतिभागियों को सुबह 4:45 बजे रिपोर्ट करना होगा। 21 किलोमीटर हाफ मैराथन सुबह 5:15 बजे, 10 किलोमीटर रन सुबह 5:45 बजे और 5 किलोमीटर रन सुबह 6:15 बजे शुरू होगी। सुबह 7 बजे निःशुल्क फन रन आयोजित की जाएगी। मैराथन में 21 किलोमीटर दौड़ के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय 11 हजार रुपये दिए जाएंगे। 10 किलोमीटर दौड़ में क्रमशः 21 हजार, 11 हजार और 5,100 रुपये तथा 5 किलोमीटर दौड़ में 11 हजार, 5,100 और 3,100 रुपये के पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। पुरुष एवं महिला वर्ग में 18 विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

श्रीगंगानगर बॉर्डर पर सरहद पार से नई चाल; अब इंसान नहीं 'ड्रोन' से आ रही मौत की खेप, एंटी ड्रोन सिस्टम की तैयारी

श्रीगंगानगर

बॉर्डर पर कंटीले तार, सुरक्षा एजेंसियों की चौकसी और लगातार निगरानी... इसके बावजूद पाकिस्तान की तरफ बैठे तस्कर राजस्थान की सीमा में नशा और हथियार पहुंचाने के नए रास्ते तलाश रहे हैं। अब इंसानों और मवेशियों के बजाय ड्रोन के जरिए हेरोइन के पैकेट और विदेशी हथियार भेजे जा रहे हैं। श्रीगंगानगर जिले में इस साल ड्रोन से गिराई गई हेरोइन की कई बड़ी खेप पकड़ी गई हैं। कुछ मामलों में विदेशी पिस्टल, मैगजीन और कारतूस भी बरामद हुए हैं। लगातार सामने आ रहे इन मामलों ने सीमापार से संचालित तस्करी नेटवर्क को लेकर चिंता बढ़ा दी है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राजस्थान पुलिस की कार्रवाई में तस्करी की खेप पकड़ी जा रही है, लेकिन असली चुनौती उस नेटवर्क को तोड़ने की है, जो सीमा पार से पैकेट गिराने से लेकर उन्हें देश के भीतर आगे पहुंचाने तक सक्रिय है। इसी चुनौती को देखते हुए पश्चिमी राजस्थान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एंटी ड्रोन सिस्टम मजबूत करने की तैयारी की जा रही है।



पैकेट गिराया, लोकेशन भेजी और डिलीवरी खत्म : पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पकड़ी जा रही नशे की खेप और इनके हैण्डलर की धरपड़ के बाद होने वाली पड़ताल में चौंकाने वाला 'ड्रॉप एंड पिक' नेटवर्क सामने आया है। जांच एजेन्सी से मिली जानकारी अनुसार...

1. ड्रोन से ड्रॉपिंग : पाकिस्तान में बैठे हैंडलर रात के अंधेरे में भारतीय सीमा में 2 से 5 किलोमीटर अंदर तक ड्रोन भेजते हैं।

2. जीपीएस लोकेशन शेयर : जांच में सामने आया है कि सीमापार बैठे हैंडलर ड्रोन से भारतीय क्षेत्र में पैकेट गिराने के बाद अपने नेटवर्क को उसकी लोकेशन बताते हैं। इसके बाद स्थानीय तस्कर मौके पर पहुंचकर पैकेट उठाते हैं, उसे आगे निर्धारित ठिकाने तक पहुंचाते हैं।

3. चैन सिस्टम सप्लाई : इस नेटवर्क में हर व्यक्ति की भूमिका अलग-अलग होने की बात सामने आई है। कोई पैकेट उठाता है, कोई उसे दूसरे व्यक्ति तक पहुंचाता है और कोई आगे सप्लाई की व्यवस्था करता है। ऐसे में पुलिस के सामने केवल खेप बरामद करने की नहीं, बल्कि पूरी सप्लाई चेन का पता लगाकर उसे खत्म करने की चुनौती है।

विदेशी हथियार भी आ रहे : तस्कर सिर्फ ड्रग्स तक सीमित नहीं हैं। भारतीय सीमा में आपराधिक नेटवर्क को असलाह मुहैया कराने हेतु बड़े पैमाने पर अत्याधुनिक विदेशी पिस्टल व कारतूस भेजे जा रहे हैं। मई व अगस्त माह में हेरोइन के साथ विदेशी हथियारों का जखीरा मिला है, सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रही बरामदगियों से साफ है, तस्कर ड्रोन के जरिए नशे की खेप पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, हर मामले में इस्तेमाल हुए ड्रोन, खेप की सप्लाई व आरोपियों के आपसी संबंधों की पुष्टि संबंधित जांच से ही होगी।

पकड़ी गई प्रमुख खेप

जनवरी : श्रीगंगानगर बॉर्डर के पास ड्रोन से गिराई गई 4 किलो से ज्यादा हेरोइन जब्त। (अंतरराष्ट्रीय कीमतः 55 करोड़) ■ **मार्च :** श्रीगंगानगर पुलिस ने 10 किलो हेरोइन के साथ 5 आरोपियों को दबोचा। ■ **अप्रैल :** श्रीगंगानगर जिले में 12 किलो हेरोइन (कीमत करीब 60 करोड़) जब्त। ■ **मई :** 1.5 किलो हेरोइन के साथ 5 विदेशी पिस्टल और 72 कारतूस बरामद। ■ **अगस्त :** ड्रोन से गिराए गए पैकेट से 10 किलो हेरोइन, 11 विदेशी पिस्टल, 22 मैगजीन और 100 जिंदा कारतूस जब्त।

एंटी ड्रोन सिस्टम से रखेंगे पर नजर

ड्रोन से तस्करी सुरक्षा बलों के लिए एक नई और गंभीर चुनौती है। पिछले कुछ सालों में इस तरह की घटनाओं में इजाफा हुआ है, हालांकि, पुलिस की मुस्तैदी से जब्ती की कार्रवाई भी बढ़ी है। पिछले साल के मुकाबले ड्रोन से तस्करी के जरिए आए मादक पदार्थ और हथियार जब्त करने के मामले भी बढ़े हैं। इसे लेकर बीएसएफ के साथ मिलकर साझा ड्रिल कर रहे है। सेना और बीएसएफ के साथ मिलकर एंटी ड्रोन सिस्टम मजबूत करने की कवायद पर भी काम किया जा रहा है।

- राजीव कुमार शर्मा, पुलिस महानिदेशक, राजस्थान

रेल मदद पोर्टल पर 13,701 शिकायतों का औसतन 11 मिनट में शत-प्रतिशत समाधान

शिकायत निस्तारण में बीकानेर रेल मंडल ने हासिल किया प्रथम स्थान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

रेलवे द्वारा यात्रियों को सफर के दौरान बेहतर सुविधाएं और त्वरित राहत देने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बीकानेर रेल मंडल ने एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे जोन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मंडल रेल मदद पोर्टल पर प्राप्त यात्री शिकायतों के त्वरित समाधान में यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रेलवे से मिली जानकारी अनुसार चालू वित्तीय वर्ष (2026-27) के सितंबर माह तक, बीकानेर रेल मंडल को 'रेल मदद' पोर्टल के माध्यम से 13,701 यात्री शिकायतें प्राप्त हुईं। मंडल की सक्रिय कार्यप्रणाली का ही नतीजा रहा कि इन सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण औसतन मात्र 11 मिनट के भीतर कर दिया गया।



इस श्रेणी में इतनी शिकायतें : रेलवे अधिकारियों से मिली जानकारी अनुसार इन सभी विभागों के कार्यों को यात्रियों द्वारा 'एक्सीलेंट' (उत्कृष्ट) रेटिंग दी गई है।

वाणिज्य विभाग : 4,551 शिकायतों का निस्तारण औसतन 03 मिनट में कर एक्सीलेंट फीडबैक प्राप्त किया।

रेलवे सुरक्षा बल : 2,411 शिकायतों का समाधान औसतन 17 मिनट में किया।

कैरिज एंड वैगन विभाग : 2,810 शिकायतों का निस्तारण औसतन 13 मिनट में किया।

इलेक्ट्रिक विभाग : 2,451 शिकायतों का समाधान औसतन 18 मिनट में पूरा किया।

24 गुणा 7 एक्टिव है वार रूम : मंडल वाणिज्य प्रबंधक वीरेंद्र जोशी ने बताया कि यात्री मोबाइल ऐप, वेबसाइट, एसएमएस, 139 हेल्पलाइन, ईमेल और सोशल मीडिया जैसे विभिन्न माध्यमों से अपनी शिकायतें दर्ज कराते हैं। इसके अलावा बीकानेर रेल मंडल में यात्रियों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष वार रूम स्थापित किया गया है, जहां सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी आधुनिक उपकरणों के साथ चौबीसों घंटे निगरानी रखते हैं। रेल मदद पोर्टल के माध्यम से यात्रियों को सफर के दौरान छोटे बच्चों के लिए दूध, अस्वस्थ होने पर दवाइयाँ और यहाँ तक कि प्रसव पीड़ा जैसी आपात स्थिति में डॉक्टर व मेडिकल सुविधाएँ भी तुरंत उपलब्ध कराई जा रही हैं।

परिवर्तित मार्ग से चलेगी श्रीगंगानगर-काचीगुडा रेलसेवा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा बीकानेर मण्डल के लालगढ यार्ड में समपार फाटक संख्या 136 पर आरसीसी बॉक्स लोचिंग कार्य के चलते ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके चलते गाड़ी संख्या 17602 श्रीगंगानगर-काचीगुडा रेलसेवा 13 अक्टूबर को को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी। यह रेल सेवा परिवर्तित मार्ग हनुमानगढ-सादुलपुर-चूरू होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में हनुमानगढ, एलनाबाद, नोहर, तहसील भादरा, सादुलपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

पारीक भवन में बनेंगे 14 अतिरिक्त कमरे और बड़ा हॉल, समाज की बठैक में लिया निर्णय

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

पारीक भवन में पारीक समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक में 14 अतिरिक्त कमरों तथा एक बड़े हॉल के निर्माण सहित समाज हित के कई मुद्दों पर प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता पारीक सेवा समिति के अध्यक्ष श्रवण पारीक ने की। पारीक समाज के प्रवक्ता डॉ. पवन पारीक ने बैठक की संपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में समाज के विकास एवं पारीक भवन के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे गए, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। मनीराम पारीक ने पारीक भवन में लगभग 14 अतिरिक्त कमरों तथा एक बड़े हॉल के निर्माण का सुझाव दिया। प्रस्ताव को उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। रामावतार पारीक ने कहा कि समाज के प्रत्येक परिवार की सहभागिता और सामूहिक प्रयासों से भवन निर्माण के लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है।



एडवोकेट नवीन पारीक ने कहा कि जिस प्रकार समाज के बुर्जुगों ने इस भवन की नींव रखकर समाज के लिए एक महत्वपूर्ण धरोहर तैयार की, उसी जोश, उत्साह और समर्पण के साथ हम सभी को मिलकर इस कार्य को आगे बढ़ाना चाहिए।

पवन पारीक ने समाजबंधुओं के बीच आपसी जुड़ाव, भाईचारा और सहयोग की भावना पर जोर दिया। रुक्मानंद पारीक ने दीपावली पर स्नेज मिलन समारोह का सुझाव दिया। विकास पारीक ने गांवों में निवास करने वाले पारीक परिवारों से संपर्क स्थापित करने का सुझाव दिया। गोपीचंद पारीक ने समाज के विकास एवं उत्थान के कार्यों में भागीदारी निभाने की बात कही।

बैठक में पारीक सेवा समिति के कोषाध्यक्ष राधाकृष्ण पारीक, गोपीराम पारीक, गजानंद पारीक, भानू पारीक, राजेश पारीक, ओमप्रकाश पारीक, ताराचंद पारीक, कृष्ण पारीक, ज्योति स्वरूप पारीक एवं सांवरमल पारीक सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

दिल में क्रांति कैसे लाएं, एक ऐसी क्रांति जो हममें से हर एक को शुरू करनी होगी। - डोरोथी डे

संपादकीय

न्यायिक मर्यादा व संवैधानिक परम्परा का लिया पक्ष

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर देश की राजनीति लगातार गर्म है। विपक्ष इस प्रक्रिया को लोकतांत्रिक अधिकारों पर आघात बताते हुए इसके विरोध में आंदोलन कर रहा है, जबकि चुनाव आयोग इसे मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी और शुद्ध बनाने की संवैधानिक प्रक्रिया बता रहा है। इसी विवाद के बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी दलों ने मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपने तथा एसआईआर प्रक्रिया वापस लेने एवं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाने की योजना बनाई थी। किंतु मुख्य न्यायाधीश ने यह कहते हुए मुलाकात से इनकार कर दिया कि यह विषय पहले से ही सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। इसलिए इस पर किसी प्रकार की औपचारिक या अनौपचारिक चर्चा न्यायिक मर्यादा के अनुकूल नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश का यह निर्णय न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्षता के मूल सिद्धांतों के अनुरूप माना जाना चाहिए। जब कोई मामला न्यायालय के समक्ष विचाराधीन हो, तब उससे संबंधित पक्षों से अलग से मुलाकात करना न्यायिक निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़े कर सकता है। न्याय केवल निष्पक्ष होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि वह निष्पक्ष दिखाई भी देना चाहिए। यही कारण है कि न्यायिक परंपराएं ऐसे मामलों में अत्यंत सावधानी बरतने की अपेक्षा करती हैं।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने यह भी स्पष्ट किया कि सर्वोच्च न्यायालय सरकार के प्रशासनिक कार्यों में सीधे हस्तक्षेप नहीं कर सकता। यदि किसी व्यक्ति अथवा राजनीतिक दल को यह लगता है कि उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, तो उसके लिए संविधान और कानून के अनुरूप न्यायालय का दरवाजा सदैव खुला है। यह टिप्पणी केवल विपक्ष के लिए ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए समान रूप से लागू होती है। इससे यह संदेश भी जाता है कि न्यायालय राजनीतिक विमर्श का मंच नहीं, बल्कि संवैधानिक विवादों के विधिक समाधान का सर्वोच्च संस्थान है। जहां तक मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग का प्रश्न है, यह विषय भी संवैधानिक व्यवस्था से जुड़ा हुआ है। मुख्य चुनाव आयुक्त का पद अत्यंत महत्वपूर्ण संवैधानिक पद है और उसे हटाने की प्रक्रिया भी संविधान द्वारा निर्धारित है। किसी राजनीतिक आंदोलन, ज्ञापन अथवा सार्वजनिक दबाव के आधार पर इस पद पर बैठे व्यक्ति को हटाया नहीं जा सकता। यदि उनके किसी निर्णय पर आपत्ति है, तो उसका समाधान भी संविधान और न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से ही संभव है। ऐसे में केवल मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपने से किसी संवैधानिक प्रक्रिया में तत्काल परिवर्तन की अपेक्षा करना व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता।

स्वाभाविक है कि इस निर्णय पर राजनीतिक दल अपनी-अपनी सुविधानुसार प्रतिक्रिया देंगे। सत्तापक्ष इसे न्यायपालिका की निष्पक्षता का प्रमाण बताएगा, जबकि विपक्ष इसे अपनी बात रखने का अवसर न मिलने के रूप में देख सकता है। किंतु इन राजनीतिक प्रतिक्रियाओं से परे सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि मुख्य न्यायाधीश ने स्वयं को विवाद के केंद्र में आने से बचाया। यदि वे विपक्षी नेताओं से मुलाकात करते, तो भविष्य में इस मामले की सुनवाई के दौरान उनकी निष्पक्षता पर अनावश्यक प्रश्न उठाए जा सकते थे। उन्होंने ऐसे किसी भी संदेह की संभावना को प्रारंभ में ही समाप्त कर दिया। लोकतंत्र में संस्थाओं की विश्वसनीयता उनकी संवैधानिक मर्यादाओं के पालन से ही बनी रहती है। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, किंतु न्यायपालिका की निष्पक्षता और स्वतंत्रता पर जनविश्वास उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत का निर्णय इसी सिद्धांत को पुष्ट करता है। उन्होंने किसी राजनीतिज्ञ पक्ष का नहीं, बल्कि न्यायिक मर्यादा, संवैधानिक परंपरा और सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा का पक्ष लिया है। यही एक परिपक्व लोकतंत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता भी है।

सोशल मीडिया से



बदलता मौसम; शरद ऋतु में बीमारियों का खतरा, संतुलित आहार और स्वस्थ दिनचर्या से रहें सुरक्षित

फ्रिज का ठंडा पानी पीने से बचें व गुनगुने पानी का सेवन करें। रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने के लिए आंवला, संतरा, हरी सब्जियां, अदरक, हल्दी, तुलसी-सूखे मेवों को आहार में शामिल करें।



स्वास्थ्य

डॉ. निशांत जिन्दल

(डीएनबी - मेडिसिन, सीनियर कंसलटेंट एस. एन. सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर)



मौसम का बदलाव केवल प्रकृति में परिवर्तन नहीं लाता, बल्कि इसका सीधा असर हमारे शरीर और स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। भीषण गर्मी और मानसून के बाद जब शरद ऋतु यानी गुलाबी ठंड की शुरूआत होती है, तो यह समय स्वास्थ्य के लिहाज से संवेदनशील होता है। दिन में हल्की धूप और रात में ठंडक के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव बढ़ जाता है। हवा में नमी कम होने से वायरस और बैक्टीरिया अधिक सक्रिय हो जाते हैं, जिससे मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

वायरल फीवर-सीजनल फ्लू

मौसम परिवर्तन के दौरान शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। ऐसे में इन्फ्लूएंजा वायरस आसानी से संक्रमण फैला सकता है। तेज बुखार, बदन दर्द, सिरदर्द, गले में खराश और थकान इसके प्रमुख लक्षण हैं। बच्चों और बुजुर्गों में सर्दी, जुकाम, छींक और खांसी की समस्या अधिक देखने को मिलती है।

सांस संबंधी परेशानियां

शरद ऋतु में हवा में धूल, मिट्टी और परागकण बढ़ जाते हैं। इससे अस्थमा और सीओपीडी के मरीजों को सांस लेने में परेशानी, सीने में जकड़न और घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

त्वचा-जोड़ों की समस्याएं

हवा में नमी कम होने से त्वचा रूखी और बेजान हो सकती है। खुजली, एक्जिमा और सोरायसिस जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। वहीं तापमान गिरने से गठिया और जोड़ों के दर्द से परेशान लोगों की दिक्कत भी बढ़ सकती है।

अपनाएं स्वस्थ आदतें

मौसम परिवर्तन के दौरान सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। सुबह और शाम हल्के गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करें तथा ठंडी हवा से बचें। खान-पान में ताजा, हल्का और सुपाच्य भोजन शामिल करें। फ्रिज का अत्यधिक ठंडा पानी पीने से बचें और गुनगुने पानी का सेवन करें। रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने के लिए आंवला, संतरा, हरी सब्जियां, अदरक, हल्दी, तुलसी और सूखे मेवों को आहार में शामिल करें। बाहर से आने के बाद हाथ धोने की आदत रखें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संक्रमण से बचने के लिए मास्क का उपयोग करें।

मरीज रखें विशेष ध्यान

अस्थमा के मरीज सुबह की अत्यधिक ठंड में टहलने से बचें और धूप निकलने के बाद ही बाहर जाएं। डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवाएं और इनहेलर नियमित लेते रहें। त्वचा की नमी बनाए रखने के लिए मॉइस्चराइजर या नारियल तेल का प्रयोग लाभकारी हो सकता है।

कब लें चिकित्सकीय सलाह

मौसमी बीमारी को सामान्य समझकर स्वयं दवा या एंटीबायोटिक लेना नुकसानदायक हो सकता है। यदि बुखार तीन दिन से अधिक रहे, सांस लेने में परेशानी हो, सीने में दर्द हो, अत्यधिक कमजोरी महसूस हो या कफ में खून आए तो तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। शरद ऋतु स्वास्थ्य बनाने और प्रकृति का आनंद लेने का समय है। संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम और स्वच्छता अपनाकर इस मौसम में स्वस्थ रहा जा सकता है। याद रखें, बचाव ही उपचार है।

नजर कमजोर होने का कैसे चलेगा पता?

आंखों की कमजोरी को शुरूआती दौर में पहचानना बेहद जरूरी है। यहां मुख्य लक्षण दिए गए हैं जो कमजोर नजर की ओर इशारा करते हैं:

1. **बार-बार धुंधला दिखना:** दूर की चीजें या सड़क के बोर्ड साफ न दिखना और किताब या मोबाइल का लिखा पढ़ने में कठिनाई होना।
2. **पढ़ने के बाद सिरदर्द होना:** लंबे समय तक कंप्यूटर या मोबाइल देखने और पढ़ने के बाद सिरदर्द और आंखों में खिंचाव महसूस होना।
3. **आंखों में सूखापन और थकान:** स्क्रीन पर लगातार ध्यान लगाने से पलकें कम झपकना, जिससे आंखों में जलन, चुभन और भारीपन होना।
4. **बार-बार आंखें सिकोड़कर देखना:** दूर की चीजों, टीवी या स्क्रीन को साफ देखने के लिए आंखों पर जोर डालना या सिकोड़ना।
5. **रात में साफ देखने में दिक्कत:** कम रोशनी में देखने में परेशानी होना या उजाले से अंधेरे में जाने पर आंखों को सामान्य होने में समय लगना।

प्रेरक; घर के भोजन और अनुशासित दिनचर्या से 50 किलो वजन घटाया

कई लोग बढ़ते वजन से परेशान रहते हैं और उसे कम करने के लिए महंगी डाइट या कठिन उपाय अपनाने लगते हैं। हालांकि, क्लिनिकल न्यूट्रीशनिस्ट डॉ. शिखा सिंह की कहानी बताती है कि सही खानपान और नियमित दिनचर्या से भी बड़ा बदलाव संभव है। उन्होंने केवल घर के सादे और संतुलित भोजन के सहारे अपना वजन 110 किलो से घटाकर 60 किलो कर लिया।

डॉ. शिखा बताती हैं कि उन्हें खाने-पीने का बहुत शौक था, जिसके कारण उनका वजन लगातार बढ़ता गया। लोगों के तानों और मजाक के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने किसी फैंसी या क्रैश डाइट का सहारा लेने के बजाय घर के पौष्टिक भोजन और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाया। धीरे-धीरे उनके प्रयास रंग लाए और उन्होंने 50 किलो वजन कम करने में सफलता हासिल की।



दिन की शुरूआत ऐसे करें

- रातभर पानी में भिगोया हुआ थोड़ा-सा गोंद कतीरा सुबह पानी के साथ लें।
- यह लंबे समय तक पेट भरा रखने और अनावश्यक भूख को नियंत्रित करने में सहायक माना जाता है।

नाश्ता रखें प्रोटीन से भरपूर

- बिना चीनी की चाय।
- लगभग 70 ग्राम सब्जियों से बनी रोटी।
- 50 ग्राम कम वसा वाला पनीर।
- ऐसा नाश्ता शरीर को ऊर्जा देने के साथ लंबे समय तक तृप्ति का एहसास कराता है।

मध्याह्न-दोपहर का भोजन

- नाश्ते और दोपहर के भोजन के बीच लगभग 100 ग्राम मौसमी फल खाएं।
- दोपहर के भोजन में प्रोटीन युक्त आहार, भरपूर सलाद और सब्जियों से तैयार भोजन शामिल करें।
- डॉ. शिखा के अनुसार, सब्जियों के साथ तैयार अंडा फ्राइड राइस भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

शाम और रात का भोजन

- शाम की भूख लगने पर चना चाट और एक कप ब्लैक कॉफी ले सकती हैं।
- रात का भोजन सोने से लगभग तीन घंटे पहले करें।
- रात में लगभग 100 ग्राम हल्का भुना टोफू और मौसमी सब्जियां खाना बेहतर विकल्प माना गया है।

अपनाएं ये आदतें

- प्रतिदिन कम से कम तीन लीटर पानी पिएं।
- सात से आठ घंटे की पर्याप्त नींद लें।
- रोजाना लगभग एक घंटे तेज चाल से पैदल चलें।
- बाहर का तला-भुना और जंक फूड खाने से बचें।
- अचानक भूख लगने पर पैकेट वाले स्नैक्स की बजाय सलाद या पौष्टिक विकल्प चुनें।

डॉ. शिखा सिंह की यह यात्रा बताती है कि वजन कम करने का सबसे प्रभावी तरीका महंगी डाइट नहीं, बल्कि संतुलित भोजन, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और निरंतर अनुशासन है। सही जीवनशैली अपनाकर स्वस्थ और फिट शरीर प्राप्त किया जा सकता है।

खान-पान, जीवनशैली और तनाव का सीधा असर पड़ता है पेट की सेहत पर

आपका स्वस्थ पाचन तंत्र ही बेहतर स्वास्थ्य की कुंजी

पाचन तंत्र हमारे शरीर का ऐसा महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो भोजन को पचाकर उसे ऊर्जा और आवश्यक पोषक तत्वों में बदलता है। यदि पाचन ठीक नहीं रहता तो इसका असर केवल पेट तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे शरीर की कार्यक्षमता प्रभावित होने लगती है। यही कारण है कि स्वस्थ जीवन के लिए पाचन तंत्र का स्वस्थ रहना बेहद आवश्यक माना जाता है।

पाचन गड़बड़ होने के संकेत

गैस, कब्ज, अपच, एसिडिटी, पेट फूलना, बार-बार दस्त या पेट दर्द जैसी समस्याएं पाचन तंत्र में गड़बड़ी के सामान्य संकेत हैं। यदि ये परेशानियां लंबे समय तक बनी रहें तो शरीर में कमजोरी, थकान, भूख कम लगना और वजन घटना जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। लगातार खराब पाचन के कारण शरीर आवश्यक पोषक तत्वों का पर्याप्त अवशोषण नहीं कर पाता, जिससे पोषण की कमी हो सकती है।

आदतें रखें पाचन तंत्र स्वस्थ

स्वस्थ पाचन के लिए संतुलित एवं फाइबरयुक्त आहार, पर्याप्त पानी, नियमित व्यायाम, समय पर भोजन, पर्याप्त नींद और तनाव से दूरी बेहद जरूरी है। स्वस्थ पाचन तंत्र न केवल



शरीर को ऊर्जा देता है, बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य और बेहतर जीवन गुणवत्ता की भी मजबूत नींव तैयार करता है।

माइक्रोबायोम भी है महत्वपूर्ण

विशेषज्ञों के अनुसार हमारी आंतों में लाखों लाभकारी सूक्ष्मजीव रहते हैं, जिन्हें माइक्रोबायोम कहा जाता है। ये पाचन, प्रतिरक्षा प्रणाली और मेटाबॉलिज्म को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। असंतुलित खान-पान, कुछ दवाइयां और पर्यावरणीय कारण इन सूक्ष्मजीवों के संतुलन को बिगाड़ सकते हैं, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

गलत आदतों से परेशानी

अधिक तला-भुना और मसालेदार भोजन, पर्याप्त पानी न पीना, फाइबरयुक्त आहार की कमी, लंबे समय तक बैठे रहना, नियमित व्यायाम न करना और लगातार तनाव पाचन तंत्र को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारण हैं। तनाव की स्थिति में कई लोगों को एसिडिटी, गैस, पेट दर्द, दस्त या कब्ज जैसी समस्याएं अधिक महसूस होती हैं।

कब लें डॉक्टर की सलाह

यदि पेट दर्द, कब्ज, दस्त, अपच या पेट फूलने जैसी समस्याएं कई सप्ताह तक लगातार बनी रहें तो इन्हें सामान्य मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने से बीमारी का सही कारण पता लगाया जा सकता है और गंभीर जटिलताओं से बचाव संभव होता है।

शैडो बीमारी के क्रम में ...

अस्थमा में सांस की तकलीफ के साथ मन की घुटन को भी पहचानें



अस्थमा केवल फेफड़ों से जुड़ी बीमारी नहीं है, बल्कि इसका असर व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। सांस लेने में परेशानी के साथ मन में बढ़ती घुटन, चिंता और तनाव को पहचानना जरूरी है, क्योंकि स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ मन भी आवश्यक है। सांस की नलियों में सूजन आने से वे संकरी हो जाती हैं, जिससे सांस लेने में कठिनाई होती है। धूल, धुआं, प्रदूषण, बदलते मौसम में फूलों के पराग कणों से एलर्जी, ठंडक और अनुवांशिक कारणों से अस्थमा की समस्या बढ़ सकती है।

- बार-बार सांस फूलना, घुटन और अस्थमा अटैक का डर व्यक्ति में चिंता और अवसाद की संभावना बढ़ा सकता है।
- लंबे समय तक अस्थमा रहने से नींद, दैनिक गतिविधियां और सामाजिक जीवन प्रभावित हो सकते हैं, जिससे व्यक्ति उदास रहने लगता है।
- दूसरी ओर तनाव और अवसाद अस्थमा को नियंत्रित करना कठिन बना सकते हैं। दवाएं नियमित लेने, व्यायाम करने और जीवनशैली में बदलाव की इच्छा कम हो सकती है।
- अवसाद की स्थिति में व्यक्ति सांस फूलने की अनुभूति को सामान्य से अधिक गंभीर महसूस कर सकता है।
- यदि अस्थमा रोगी में उदासी, निराशा, रुचि में कमी, नींद या भूख में बदलाव जैसे लक्षण दिखाई दें तो मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए।

सांस लेने में परेशानी के दौरान शरीर में तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन एड्रेनलिन और कोर्टिसोल का स्तर बढ़ सकता है, जो लंबे समय में मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं।

बचाव के उपाय

- धूल, धुएं, तेज गंध और एलर्जी पैदा करने वाले कारणों से बचने का प्रयास करें।
- डॉक्टर की सलाह के अनुसार नियमित दवाएं लें और यात्रा में इन्हेलर साथ रखें।
- योग और नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें।
- अकेलेपन से बचें, परिवार व मित्रों से संवाद बढ़ाएं और अपनी रुचि के कार्यों के लिए समय निकालें।



डॉ. दीपिका मोंगा
वरिष्ठ चिकित्सक, श्रीगंगानगर

लत सबसे बड़ी चुनौती : लिवर की बीमारी के बाद भी शराब छोड़ना मुश्किल

शराब से होने वाली लिवर की बीमारी (एएलडी) से पीड़ित मरीज इसके गंभीर दुष्प्रभावों को समझने और शराब छोड़ने की इच्छा रखने के बावजूद सेवन जारी रख सकते हैं। नई दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (आईएलबीएस) के एक अध्ययन में सामने आया है कि शराब पर निर्भरता (लत) लंबे समय तक इससे दूरी बनाए रखने में सबसे बड़ी बाधा बनती है। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में प्रकाशित इस अध्ययन में एएलडी और अत्यधिक शराब सेवन की समस्या से जूझ रहे 3,759 पुरुष मरीजों का विश्लेषण किया गया। ये मरीज जनवरी 2023 से दिसंबर 2025 के बीच आईएलबीएस में इलाज के लिए पहुंचे थे। अध्ययन में पाया गया कि 2,932 मरीज यानी 78 प्रतिशत ने पिछले 60 दिनों में शराब पीने की बात स्वीकार की, जबकि केवल 22 प्रतिशत मरीज ही 60 दिनों से अधिक समय तक शराब से दूर रह पाए।



लंबे समय तक शराब सेवन से बढ़ती है निर्भरता : शोध के अनुसार, 78 प्रतिशत मरीज पांच साल से अधिक समय से शराब का सेवन कर रहे थे। शराब पीना जारी रखने वाले मरीजों में लंबे समय तक सेवन की प्रवृत्ति अधिक देखी गई। करीब 77 प्रतिशत मरीजों ने बताया कि वे सप्ताह में कम से कम तीन बार शराब पीते थे। अध्ययन में यह भी सामने आया कि शराब छोड़ने वाले कई मरीजों ने पहले भी कई बार प्रयास किए थे। इससे संकेत मिलता है कि लगातार प्रयास, असफलताओं और दोबारा लत लगने के चक्र के बाद ही कई लोग लंबे समय तक शराब से दूरी बना पाते हैं।

जागरूकता के बाद भी लत बनती है बाधा : शोधकर्ताओं ने बताया कि अल्कोहल उपयोग विकार मस्तिष्क की उन प्रणालियों को प्रभावित करता है, जो इच्छा, तनाव नियंत्रण और व्यवहार से जुड़ी होती हैं। इसलिए व्यक्ति नुकसान को समझने के बावजूद शराब पीना जारी रख सकता है। अध्ययन में एक महत्वपूर्ण विरोधाभास भी सामने आया। शराब पीने वाले मरीजों में शराब के नुकसान और इलाज की जरूरत को लेकर जागरूकता अधिक थी, लेकिन गंभीर लत के कारण वे व्यवहार में स्थायी बदलाव नहीं ला पा रहे थे।

गंभीर बीमारी छोड़ने की प्रेरणा बन सकती है

अध्ययन में पाया गया कि शराब छोड़ चुके मरीजों में लिवर बीमारी की गंभीरता अधिक थी। शोधकर्ताओं के अनुसार, स्वास्थ्य की बिगड़ती स्थिति कई बार शराब छोड़ने के लिए मजबूत बाहरी कारण बन जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. एस. बाली ने कहा कि शराब एक आदत में बदल जाती है, इसलिए इसे छोड़ना कठिन होता है। उन्होंने शराब के बढ़ते इस्तेमाल पर रोक लगाने, युवाओं को जागरूक करने और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परिवार और सरकार दोनों की भूमिका नशे की आदत को रोकने में महत्वपूर्ण है।

दोनों पार्टियां विधायकों व चुनाव लड़ चुके नेताओं के सुझाव पर ही डायरेक्टर पदों के लिए टिकट देंगीं, लेकिन कांग्रेस ने अड़ाया पेंच

पंचायती राज चुनाव; भाजपा और कांग्रेस ने आवेदन लेने प्रारम्भ किए

रेवती रमण शर्मा

सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर। जिले में होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दल सक्रिय हो गये हैं। दोनों दलों का मुख्य जोर जिला परिषद व पंचायत समितियों पर है। जिला प्रमुख व प्रधान अपने बनाने के लिए दोनों दलों के वरिष्ठ नेता रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। टिकटों को हरी झंडी भले ही ऊपर से मिलेगी, लेकिन माना यही जा रहा है कि विधायक तथा गत विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे नेताओं के हाथ में ही यह रहेगा कि वे किस जोन में किसे टिकट देना चाहते हैं। ऐसे में स्पष्ट रूप से यही आसार हैं कि जिले की विधानसभाओं के नेता, जिन्हें टिकट दिलवाना चाहेंगे, उन्हें पार्टी टिकट दे देगी। दोनों पार्टियों ने अपने इन्हीं नेताओं को अपने-अपने क्षेत्र की पंचायत समितियों व जिला परिषदों के जोन में पार्टी को जिताकर लाने का जिम्मा सौंपा है।

भाजपा ने पंचायत समिति प्रभारी नियुक्त किए

प्रदेश भाजपा ने पंचायत समितिवार प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। श्रीगंगानगर जिले में सादुलशहर पंचायत समिति में अरविंद जोशी, गंगानगर उत्तर में नीरज वशिष्ठ, गंगानगर दक्षिण में अविनाश डाबी, श्रीकरणपुर में महेन्द्रप्रताप मंडा, पदमपुर में सुशील जोशी, सूरतगढ़ में जितेन्द्र सिंह राजवी, राजियासर में विजय गोठवाल, रायसिंहनगर में पंकज गहलोत, श्रीविजयनगर में मनीराम स्वामी, अनूपगढ़ में दमयंती बेनीवाल, घड़साना में नंदलाल वर्मा को प्रभारी लगाया है। हनुमानगढ़ जिले के संगरिया में रतनलाल गणेशगढ़िया, हनुमानगढ़ टाउन



में मोहित छाबड़ा, हनुमानगढ़ जंक्शन में आरती शर्मा, भादरा में रामेश्वर गुर्जर, राजपुरा 8 बीएचडी में भवानीसिंह चारण, नोहर में चेतन राजपुरोहित, पल्लू में संजय महिपाल, पीलीबंगा में भंवरलाल जांगिड़, रावतसर में कौशल शर्मा, टिब्बी में गुमानसिंह राजपुरोहित को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

पंचायत समिति प्रभारियों की बैठक



भाजपा जिला कार्यालय में विगत दिवस पंचायत चुनाव के संभाग प्रभारी, पूर्व सांसद राजेन्द्र कुमार गहलोत व जिला प्रभारी जेठानंद व्यास ने बैठक आयोजित कर जिला प्रभारियों तथा जिले के विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख नेताओं से चर्चा कर उन्हें प्रत्याशियों के आवेदन लेने से पैनल तैयार करने के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पंचायत समिति व जिला परिषद के जोन डायरेक्टर के पद के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं से आवेदन लेने प्रारंभ कर दिए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर रखी गई है। इसके बाद पंचायत समिति स्तर पर प्रभारी व प्रमुख नेता चर्चा कर तीन-तीन नामों का पैनल तैयार करेंगे। यह पैनल जयपुर पहुंचाना है। प्रदेश भाजपा पैनल के साथ जाने वाली रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लेकर टिकट फाइनल करेगी। साथ ही उन्हें कहा गया कि नए कार्यकर्ताओं को पैनल में मौका देने का प्रयास किया जाए। सभी आवेदन पंचायत समिति स्तर पर ही लिए जाएंगे। इस दौरान संबंधित पंचायत समिति के प्रभारी, संयोजक एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

गुप-चुप सिम्बल पहुंचाएगी भाजपा

जयपुर। प्रदेश में पंचायती राज चुनाव को लेकर भाजपा ने पहले चरण के टिकट वितरण की कवायद पूरी कर ली। उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए प्रदेश भाजपा मुख्यालय में लगातार दूसरे दिन सोमवार को रायशुमारी और बैठकों का दौर जारी रहा। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार की मौजूदगी में उम्मीदवारों के नामों पर मंथन किया गया। पहले चरण से जुड़ी अधिकांश सूचियां तैयार है। कई जिलों में नामों पर सहमति बन चुकी है। भाजपा इस बार नगरीय निकाय चुनाव की तर्ज पर उम्मीदवारों तक पार्टी के चुनाव चिह्न पहुंचाने की व्यवस्था अपना रही है। प्रदेश मुख्यालय से सार्वजनिक सूची जारी करने के बजाय जिला प्रभारियों के जरिए अधिकृत उम्मीदवारों को सिंबल दिए जाएंगे। दो दिन चले मंथन में बीकानेर जिले पर विशेष फोकस रहा। पार्टी बीकानेर में शहरी निकाय चुनाव में हार का बदला पंचायत चुनाव में लेना चाहेगी।

रालोपा भी जिले में सक्रिय

भले ही पंचायती राज संस्थाओं को लेकर भाजपा व कांग्रेस की सक्रिय नजर आते हों, लेकिन बसपा, आप पार्टी भी कुछ सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेंगे। खास बात यह है कि इस बार के पंचायत चुनावों में सांसद हनुमान बेनीवाल की रालोपा भी एक्टिव नजर आ रही है। पार्टी ने यहां अपना कार्यालय खोलने के साथ ही किसान आंदोलन की गतिविधियों में सक्रियता दिखाई है। भाजपा और कांग्रेस के नाराज जाट नेताओं का रुझान पूरे जिले में ही रालोपा की ओर होता दिखाई दे रहा है। यदि रालोपा इस चुनाव में उतरती है तो अधिकांश जोन में बहुकोणीय मुकाबला हो जाएगा और जीत का अंतर सिमट जाएगा।

जिला कांग्रेस को केवल हार्डकॉपी ही लेनी है



जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक शनिवार को सायं यहां जिला कार्यालय में हुई। इसमें प्रदेश से मिले निर्देशों के अनुसार तय किया गया कि रविवार 11 अक्टूबर से जिला कांग्रेस कार्यालय में संगठन मंत्री राकेश शर्मा द्वारा जिला परिषद व पंचायत समिति डायरेक्टर पद के प्रत्याशियों से टिकट के लिए ऑनलाइन किए गए आवेदन की कॉपी प्राप्त की जाएगी। यह कार्य पूरा करने के बाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों व जिला कांग्रेस के शीर्ष पदाधिकारियों व शीर्ष नेताओं की बैठक में उन आवेदनों पर चर्चा की जाएगी। इस चर्चा के बाद जिले के कांग्रेस विधायकों एवं गत विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों की जयपुर में बैठक कर इन नामों पर चर्चा कर पैनल तैयार किया जाएगा। यह पैनल प्रदेश कांग्रेस को दिया जाएगा, इस पर प्रदेश कांग्रेस पैनल में पहुंचे नामों को अपने पास पहुंचे ऑनलाइन आवेदनों पर उसके द्वारा अपने स्तर पर करवाई गई जांच में छांटे जा रहे नामों से मिलाया जाएगा। दोनों में जो नाम समान होंगे, उन पर विचार करते हुए उनमें से कोई एक नाम तय किया जाएगा। कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया को कठिन किया है। यदि पैनल में कोई ऐसा नाम भेज दिया गया, जो उसकी जांच में तय हो रहे नामों से अलग होगा, तो उसे चर्चा से पहले ही काट दिया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अपने पास ऑनलाइन पहुंच रहे आवेदनों में दी गई जानकारियों की अपने स्तर पर पुष्टि में लगी हुई है।

कांग्रेस के जिला प्रभारी सांसद उम्मेदाराम, पंचायत समिति प्रभारी आजकल में ही तय होंगे

प्रदेश कांग्रेस ने जिले में इन चुनावों के लिए बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम को जिला प्रभारी लगाया है। पंचायत समितियों व जिला परिषद के लिए पार्टी की ओर से प्रभारी तय करने की प्रक्रिया चल रही है। इन दोनों स्तरों के प्रभारी तय करने के पश्चात जिला परिषद के जोन के अनुसार भी प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। कांग्रेस के अधिकांश नेता इस समय पीसीसी द्वारा तय की गई आवेदन प्रक्रिया को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। चूंकि आवेदन की दोहरी प्रक्रिया अपनाई गई है, इसलिए उनके सामने यह बड़ी चुनौती है कि उनके द्वारा पैनल में शामिल करने के लिए सुझाये गये नाम यदि पीसीसी की आंतरिक सूची में नहीं होंगे, तो उन पर आपत्ति हो सकती है।

कांग्रेस विधायकों वाले इलाकों पर भाजपा का सर्वाधिक ध्यान

भाजपा का सर्वाधिक ध्यान इस समय जिले के उन विधानसभा क्षेत्रों में पंचायत समितियों व जिला परिषदों में डायरेक्टर जिताने को लेकर अधिक है, जिनमें कांग्रेस के विधायक है। वह ऐसा करके कांग्रेस के हौंसले को तोड़ने की तैयारी में जुटी हुई है। इसके लिए अलग से टीम लगाई गई है, जो जिला परिषद व पंचायत समितियों के जोन के अनुसार सक्रिय व प्रभावी छवि वाले कार्यकर्ताओं के नामों की सूची अलग से तैयार कर चुकी है। पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से राय ली जा रही है कि इनमें से कौनसे कार्यकर्ता को यदि चुनाव मैदान में उतारा जाए तो वह भारी मतों से जीत दर्ज कर सकता है।

रूबी अपनी पत्नी कुशलदीप कौर को उतार सकते हैं चुनाव में

इस बीच श्रीकरणपुर इलाके में मुकाबला रोचक होने की सम्भावना है। चूंकि जिला प्रमुख इस बार सामान्य वर्ग की महिला के लिए खुला रखा गया है। इसलिए जिले के कई बड़े कांग्रेस नेता अपने परिवार की महिलाओं को चुनाव लड़वाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। इनमें भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दलों के नेता हैं। पिछले दिनों कांग्रेस जिलाध्यक्ष, श्रीकरणपुर के विधायक रूपिन्दर सिंह कुन्नर की धर्मपत्नी कुशलदीप कौर के जिला परिषद का चुनाव लड़ने की चर्चाओं ने श्रीकरणपुर इलाके में राजनीतिक माहौल को गर्मा दिया है। इसके बाद भाजपा सतर्क हो गई है और वह जिला परिषद की प्रत्येक सीट पर विशेष कवायद करने में जुटी हुई है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियों में सबसे प्रमुख परेशानी यह आ रही है कि उसके सांसद/पूर्व सांसद व सांसद पद के प्रत्याशी भी अपने परिवार के सदस्यों को इन चुनावों में उतारने के लिए प्रयासरत हैं। सम्बंधित विधायक इसका विरोध कर रहे हैं। उन्हें यह छोटे चुनावों में उनके इलाके में दखल देने की कोशिश लग रही है।



बसपा हर सीट पर उतारेगी प्रत्याशी : परमानंद सैन

बहुजन समाज पार्टी भी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में सक्रिय दिखाई पड़ रही है। पार्टी के जिला महामंत्री परमानंद सैन का कहना है कि पार्टी लोकसभा क्षेत्र प्रभारी देवकरण नायक के नेतृत्व में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जिला परिषद व पंचायत समितियों के समस्त जोन में अपने प्रत्याशी उतारने जा रही है। जिले में पार्टी के कार्यकर्ताओं का गांव-गांव में कैडर है। कार्यकर्ता भी चुनाव लड़ने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हम यह चुनाव वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के रूप में लड़ रहे हैं। अजा/जजा वर्ग की न तो भाजपा में कोई सुनवाई है और न ही कांग्रेस में। ऐसे में बसपा को उम्मीद है कि इन वर्गों के लोग एकजुटता के साथ बसपा को इस चुनाव में सभी पंचायत समितियों व जिला परिषद के चुनाव में इस स्थिति में ला देंगे कि बसपा की भूमिका जिला प्रमुख व प्रधान बनाने में महत्त्वपूर्ण हो जाएगी।



आप पार्टी भी कर रही प्रयास : दीपक चड्ढ़ा

आम आदमी पार्टी के नए जिलाध्यक्ष दीपक चड्ढ़ा का कहना है कि पंचायत समितियों व जिला परिषदों के चुनाव में पार्टी अपने प्रत्याशी उतारने की तैयारी में जुटी है। उन्होंने कहा कि अनेक कार्यकर्ताओं ने आवेदन किया है। उन पर विचार किया जा रहा है। चड्ढ़ा के अनुसार भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के कार्यकर्ताओं में इन दिनों निराशा की स्थिति है, और तीसरे विकल्प के रूप में उनके सामने आप पार्टी ही है, जिसने दिल्ली में शानदार शासन दिया तथा पंजाब में दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा व कांग्रेस की टिकटों की घोषणा के बाद उनके निराश दावेदार भी यदि आप पार्टी से टिकट मांगेंगे तो प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व से चर्चा कर उन्हें पार्टी में शामिल करते हुए टिकट देने पर विचार किया जाएगा।



उम्र, योग्यता, जमानत राशि, खर्च सीमा और मानदेय से जुड़ी पूरी जानकारी

राजस्थान पंचायत चुनाव : सरपंच और वार्ड पंच बनने के लिए क्या हैं नियम?

राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में पंचायतीराज चुनावों को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। गांवों की चौपालों और चाय की थड़ियों पर संभावित प्रत्याशियों के नाम, सामाजिक समीकरण और चुनावी रणनीति पर चर्चा शुरू हो गई है। इच्छुक उम्मीदवारों ने जनसंपर्क तेज कर दिया है और सोशल मीडिया पर भी प्रचार का दौर चल रहा है। ऐसे में जानना जरूरी है कि सरपंच और वार्ड पंच का चुनाव लड़ने के लिए क्या पात्रता और नियम हैं।

नामांकन, खर्च और जमानत राशि: सरपंच पद के लिए उम्मीदवार को फॉर्म-4 में नामांकन करना होता है। चुनाव प्रचार में अधिकतम एक लाख रुपए तक खर्च किए जा सकते हैं। सामान्य उम्मीदवार के लिए जमानत राशि 500 रुपए तथा एससी, एसटी, ओबीसी और महिला उम्मीदवारों के लिए 250 रुपए निर्धारित है। कुल वैध मतों के एक-छठे हिस्से से कम वोट मिलने पर जमानत राशि जब्त हो जाती है।

मतदान प्रक्रिया: सरपंच चुनाव में मतदान बैलेट बॉक्स के माध्यम से होगा। मतदान समाप्त होने के बाद उसी दिन मतगणना की जाएगी और सबसे अधिक वोट प्राप्त करने वाला उम्मीदवार सरपंच निर्वाचित होगा।

सरपंच चुनाव लड़ने की योग्यता

■ उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। अधिकतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है। ■ सरपंच चुनाव के लिए कोई शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नहीं है। अशिक्षित व्यक्ति भी चुनाव लड़ सकता है। ■ उम्मीदवार का नाम संबंधित ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में होना जरूरी है। ■ उम्मीदवार के घर में चालू हालत वाला शौचालय होना चाहिए। इसके लिए स्व-घोषणा पत्र देना होता है। ■ दो से अधिक संतान होने की पुरानी पाबंदी अब लागू नहीं है। ऐसे व्यक्ति भी चुनाव लड़ सकते हैं। ■ सरकारी कर्मचारी, पंचायतीराज संस्थाओं के कर्मचारी और लाभ के पद पर रहने वाले व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकते। ■ आरक्षित सीटों पर संबंधित वर्ग के उम्मीदवार ही चुनाव लड़ सकते हैं। महिला आरक्षित सीट पर केवल महिला प्रत्याशी पात्र होगी। ■ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार सामान्य सीट से भी चुनाव लड़ सकते हैं।

वार्ड पंच चुनाव के नियम

■ वार्ड पंच चुनाव के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। ■ उम्मीदवार का नाम संबंधित ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। ■ किसी भी शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है। ■ दो से अधिक संतान होने पर भी चुनाव लड़ा जा सकता है। ■ घर में पक्का और कार्यशील शौचालय होना जरूरी है। ■ सरकारी नौकरी या लाभ के पद पर कार्यरत व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता। ■ एक उम्मीदवार एक से अधिक वार्ड से चुनाव नहीं लड़ सकता। ■ आरक्षित वार्ड के लिए वैध जाति प्रमाण पत्र आवश्यक है।

सरपंच और पंच को कितना मिलता है मानदेय: राजस्थान में सरपंच को वर्तमान में 7,347 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है। ग्राम पंचायत बैठक के लिए अलग भत्ता नहीं मिलता। वहीं वार्ड पंच को कोई मासिक वेतन नहीं दिया जाता, लेकिन पंचायत की आधिकारिक बैठक में शामिल होने पर 276 रुपए प्रति बैठक भत्ता मिलता है।

जब तक अनूपगढ़ शाखा का स्थाई समाधान और आठ बारी सिंचाई पानी नहीं कोई भी कार्यकर्ता नहीं भरेगा नॉमिनेशन फॉर्म

अपने ही राज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया चुनाव का बहिष्कार

रावलामण्डी/घड़साना।

रावला- घड़साना क्षेत्र में चल रहे बड़े किसान आंदोलन को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पंचायत समिति प्रभारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रावला घडसाना क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सिंचाई पानी के समाधान होने तक पंचायती राज चुनाव पंचायत समिति घडसाना के चुनावों के बहिष्कार का निर्णय लिया है। पंचायतीराज चुनाव 2026 को लेकर भाजपा कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक चुनाव प्रभारी नंदलाल वर्मा, रावला मंडल अध्यक्ष प्रेम मण्डा व घड़साना मंडल अध्यक्ष सुखदेवराम ढुढाडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में पिछले 2 वर्षों से सिंचाई पानी को लेकर किसान आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने निर्णय किया कि जब तक किसानों को खेती की फसल के लिए आठ बारी सिंचाई पानी और अनुपगढ शाखा का स्थाई समाधान नहीं किया जाता, तब तक पंचायतीराज चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे किसानों के साथ खड़े हैं और इस मांग के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है। भाजपा रावला देहात मंडल अध्यक्ष प्रेम मंडा ने बताया पिछले दो माह से लगातार इस संबंध में जयपुर तक मिलकर ज्ञापन देकर बार-बार अवगत करवाया गया लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्र का कार्यकर्ता नाराज है । इसी के चलते किसान हित में यह निर्णय लिया गया है।

आज बीकानेर आएंगे अशोक गहलोत, पंचायतीराज सम्मेलन में होंगे शामिल



बीकानेर। आगामी पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से 13 अक्टूबर को ग्राम नाल स्थित रोशनी घर (जीएसएस) के पास पंचायतीराज चुनाव सम्मेलन-2026 आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर जनसभा को संबोधित करेंगे। इसमें बीकानेर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से कांग्रेस कार्यकर्ता, पंचायतीराज जनप्रतिनिधि, किसान, युवा और आमजन भाग लेंगे। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविन्दराम मेघवाल ने समीक्षा बैठक कर कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन चुनावी तैयारी के साथ-साथ जनसमस्याओं को उठाने का मंच भी होगा। मेघवाल ने किसानों की सिंचाई एवं पेयजल समस्याओं, आठ रोजा बारी से पानी देने की मांग, मंडियों के बंद रहने और क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने महंगाई, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था तथा सोलर ऊर्जा परियोजनाओं से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग भी उठाई। उन्होंने कार्यकताओं से सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों से भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने का लक्ष्य : टीटी



पदमपुर। पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को बसंत पैलेस में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव प्रभारी सुशील जोशी, मोर्चा प्रभारियों, संयोजकों एवं कोर कमेटी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में कार्यकताओं को प्रत्येक ग्राम पंचायत में सक्रिय भूमिका निभाने, चुनावी रणनीति तैयार करने और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने पर चर्चा की गई। सुरेंद्र पाल सिंह टीटी ने कहा कि संगठन की एकजुटता, जनसंपर्क और कार्यकताओं के सामूहिक प्रयासों से पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति पदमपुर क्षेत्र के अंतर्गत जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों से आवेदन लिए जा रहे हैं। जिला परिषद जोन संख्या 25, 26, 27 और 28 के लिए आवेदन 14 अक्टूबर तक चुनाव प्रभारी सुशील जोशी के पास सुबह 10 से शाम 5 बजे तक जमा होंगे। वहीं पंचायत समिति जोन के लिए आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। प्रत्याशी अपने आवेदन मंडल अध्यक्ष प्रेम झटवाल, उग्रसेन भूकर (पदमपुर देहात मंडल), अमृतपाल सिंह लाली, निर्मल सिंह मांगट और दिलबाग सिंह रंधावा के पास जमा करवा सकते हैं। पार्टी ने प्रत्याशियों से जिला परिषद या पंचायत समिति क्षेत्र का चयन सुनिश्चित करने की अपील की है।

पदमपुर में कांग्रेस को मजबूती, तीन दर्जन भाजपाई परिवार कुन्नर के साथ आए

सीमा सन्देश # पदमपुर। पंचायतीराज चुनाव की घोषणा के बाद क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी बीच पदमपुर विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष रूपिंद्र सिंह कुन्नर के प्रयासों से तीन दर्जन से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर भाजपा को बड़ा झटका दिया है। गांव 12 बीबी में आयोजित कार्यक्रम में स. विचित्रसिंह सरां (10 बीबी), रत्तेवाला सहित आसपास के गांवों के भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस में विश्वास जताया। विधायक रूपिंद्र सिंह (रूबी) कुन्नर की मौजूदगी में जिला संगठन महासचिव राकेश शर्मा, भूपेंद्र सिंह 5 जीजी, रिछपाल सिंह, कुलदीप कुन्नर सहित पार्टी पदाधिकारियों ने नए सदस्यों का कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस में शामिल होने वालों में बिट्टू गिल, रिंकू कंग, रवि गिल, रमन गिल, केडी गिल, हरविंदर गिल, मंजीत सिंह, वीरेंद्र गिल, विपिन संधू, संदीप गिल, परविंदर गिल, बॉबी गिल, दीदार बराड़, सतविंदर बराड़, सतवीर कड़वासरा, हरप्रीत सिंह, गुरदेव सिंह, गुरजंट सिंह, लखवीर सिंह, रणवीर सिंह, प्रभजोत, नथासिंह, धुनाराम, लालचंद, रूप सिंह, लीलाराम, ओम प्रकाश, गुरवीर सिंह और दुष्यंत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।



पंचायतीराज चुनाव : माकपा ने की प्रत्याशी उतारने की घोषणा

सीमा संदेश # रतनगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आगामी चुनावों को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी सिलसिले में रविवार को किसान मजदूर भवन में कालूराम नाई की अध्यक्षता एवं जिला सचिव कॉमरेड छगनलाल चौधरी के पर्यवेक्षण में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में नेताओं ने कहा कि माकपा किसानों और मजदूरों के हक-अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करती रही है। आगामी चुनावों में पार्टी क्षेत्र की सभी जिला परिषद व पंचायत समिति सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। बैठक में चुनावी रणनीति, संगठन मजबूती और जनसंपर्क बढ़ाने पर विचार-विमर्श कर कार्यकताओं को एकजुट होकर मैदान में उतरने का आह्वान किया गया। इस दौरान भादर भांभू, बिरजूराम खीचड़, महेंद्र बरोड़, गोपीचंद खीचड़, श्रवण बारूपाल, विजयपाल कड़वासरा, सांवरमल, रामूराम कलवानिया, ललितसिंह, मुकेशसिंह व ताराचंद मेघवाल सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



मां जीण भवानी दर्शनों को पैदल यात्री संघ सीकर रवाना

सीमा सन्देश # सरदारशहर। शहर में मां जीण भवानी पैदल यात्री संघ की ओर से श्रद्धालुओं का जत्था गाजे-बाजे के साथ सीकर स्थित जीण माता मंदिर के लिए रवाना हुआ। संघ के अध्यक्ष अनिल सैनी ने बताया कि इस बार 13वीं पैदल फेरी आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए माता के दर्शन व धोक लगाने निकले हैं। उन्होंने बताया कि नवरात्र के प्रथम दिन हनुमान द्वारा स्थित अंजनी माता मंदिर में कन्या भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया और पूरे माहौल में भक्तिमय ऊर्जा बनी रही।

पंचायत चुनावों को लेकर भाजपा युवा मोर्चा सक्रिय



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। सूरतगढ़ में पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए युवा मोर्चा सक्रिय भूमिका निभाएगा। प्रदेश प्रवक्ता व पंचायत चुनाव प्रभारी जितेन्द्र सिंह राजवी के सूरतगढ़ पहुंचने पर कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। नगर अध्यक्ष मयंक वशिष्ठ की अध्यक्षता में हुई बैठक में राजवी ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव में पूरी सक्रियता से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने तथा पंचायत चुनाव में युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मयंक वशिष्ठ ने भी युवाओं की भूमिका पर विचार रखे। बैठक में महामंत्री युधिष्ठिर कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश स्वामी, आशीष सैनी, सुभाष बावरी, मनोज शर्मा, पार्षद अनिल शर्मा, दीपक राजपुरोहित, हिमांशु कोठारी, मुखराम शर्मा, मुकेश पारीक, कौशल शर्मा, विपिन शर्मा, अतुल छींपा, उदय भार्गव व विकास पांडे मौजूद रहे।

वर्ग पहली क्रमांक 7947



बायें से दायें:- 1) गुंडा; कुमार्गी, 4) फ़ालतू, 7) प्रहारक, 8) मट्ठा, 10) यदि, 12) सुस्ती, 14) अफ़सोस करना, 17) प्रसिद्ध, 19) बढ़िया महीन सूती कपड़ा, 21) बलिष्ठ, 23) तिब्बती बौद्ध आचार्य, 25) काव्य, 26) पीड़ित; चिंताग्रस्त, 27) दुर्गति.

ऊपर से नीचे:- 1) माला, 2) महीना, 3) शांत करना, 4) उपेक्षा, 5) स्वी, 6) हठी, 9) रुनझुन, 11) गंभीर, 13) आलोचक, 15) तालाब, 16) पता निर्देश चिन्ह, 18) बहुत उंचा और गोलाकार स्तंभ, 20) तान; वार्तालाप, 21) तिथि, 22) गोल, 24) वज़ह से; कारण..

(उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

अ	फ़	सो	स	■	■	सं	क	ल	क
जी	■	म	र	दा	न	गी	■	ग	ली
ब	ख़	वा	■	■	गी	■	मा	त	■
■	■	र	म	क	ना	■	न	र	म
घू	स	■	ज	ड़ी	■	रा	नी	■	हा
■	ब	द	बू	■	म	■	य	म	न
ता	ब	■	र	वा	न	गी	■	री	ता
ल्लु	■	बी	न	■	सू	■	रु	चि	■
क़	या	स	■	अं	बा	र	■	का	फ़ी

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, (वार्ता) 13 अक्टूबर की महत्वपूर्ण घटनाएं -

1948 - सूफी और कव्वाली के प्रसिद्ध गायक नुसरत फतेह अली खां का जन्म।
1987 - मशहूर पार्श्व गायक, अभिनेता एवं निमार्ता-निर्देशक किशोर कुमार का निधन।
1988 - अमेरिका ने नेवाडा में परमाणु परीक्षण किया।
1999 - अटल बिहारी वाजपेयी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने।
1999 - अमेरिका के सीनेट ने व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) के अनुमोदन को खारिज किया।
2001 - नाइजीरिया में अमेरिका विरोधी प्रदर्शन के दौरान भड़की साम्प्रदायिक हिंसा में लगभग 200 व्यक्ति मारे गये।
2002 - इंडोनेशिया के बाली नाइट क्लब में हुए भीषण विस्फोट में 200 लोग मारे गये और 300 से अधिक घायल हुए।
2004 -चीन ने ताइवान की शांति पहल ठुकराई।
2005 - जर्मनी के प्रख्यात नाटककार हेराल्ड पिंटर को वर्ष 2005 के साहित्य का नोबल पुरस्कार देने की घोषणा।
2006 - बंगलादेश के मों. युनुस और उनके द्वारा स्थापित ग्रामीण बैंक को नोबेल पुरस्कार।
2011 - सर्वोच्च न्यायालय ने सितंबर, 2005 के बाद से बिना वसीयतनामा वाले हिंदू परिवारों की पैतृक संपत्ति में महिला या लड़की को पुरुष सदस्य के बराबर हिस्सा देने का निर्णय दिया।
2013 - मध्य प्रदेश के दतिया जिले में भगदड़ से 109 लोगों की मौत हुई।
2016 - अमेरिका के गायक एवं गीतकर बॉब डिलन को साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गयो।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एनएनएस) बुधवार अश्विन सुदी चतुर्थी को गेहूं, जौ, जई, मक्की, बाजरा, उड़द, तुवर, मोठ, काबुली चना, ग्वार, ग्वार गम, देशी चना, मटर, राजमा चित्रा, लौंग, हल्दी, मगज तरबूज, कालीमिर्च, रीठा, टिटेनियम डाइऑक्साइड, अजवायन, कलौंजी, जीरा, धनिया, जायफल, जावित्री, सीसा, अरंडी तेल में लाभ तथा बारीक चावल, मसूर, मल्का, मूंग, जावित्री, सरसों, सोयाबीन, बिनौला व इनके तेल, जावित्री, तिल, चिरौंजी, अमचूर, किशमिश, राई, पोस्तादाना, इमली, दालचीनी, मखाना, कपास, पारा, मोम, मैंथा ऑयल, सोडाएश, टिन, निकिल, कॉपर, पीतल, गुड़, चीनी में हानि हो सकती है। **भाग्यांक 1-2-7-8 है। यात्रा विचार-दक्षिण दिशा की ओर 9.17 बजे पूर्वार्द्ध के बाद यात्रा शुभ होगी।**

आज का राशिफल

13 अक्टूबर मंगलवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

आश्विन शुक्ल तृतीया, नक्षत्र-विशाखा, योग-प्रीति, करण-तैतिल, दिशाशूल-उत्तर, सूर्योदय 6.25 बजे, सूर्यास्त 6.25

ग्रह स्थिति : चंद्रमा वृश्चिक राशि में, सूर्य कन्या राशि में (हस्त नक्षत्र में प्रवेश), बुध और शुक्र तुला राशि में तथा गुरु और मंगल कर्क राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष: नौकरी में कोई बड़ा टर्निंग पॉइंट आ सकता है। हाल ही में हुई किसी डील से धन लाभ हो सकता है।

वृषभ: अटका हुआ या रुका हुआ धन वापस मिलने के योग हैं। प्रेम जीवन की दिक्कतें दूर हो सकती हैं।

मिथुन: पार्टनरशिप और व्यवसाय में बड़ा मुनाफा मिल सकता है। रुके हुए काम पूरे होने की उम्मीद है।

कर्क : करियर में आगे बढ़ने के लिए आज थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। दिन रोमांटिक रहेगा।

सिंह: काम को समय पर पूरा करने पर ध्यान दें। सकारात्मक सोच बनाए रखें, इससे कार्यक्षेत्र में लाभ होगा।

कन्या: खर्चों पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। बिजनेस और लव लाइफ में बड़े बदलाव आ सकते हैं।

तुला: आज का दिन आलस भरा या उतार-चढ़ाव से भरपूर हो सकता है। महत्वपूर्ण फैसले सोच-समझकर लें।

वृश्चिक: निवेश से जुड़ी नई रणनीति बनाने पर ध्यान दें। आज थोड़ा मानसिक तनाव रह सकता है।

धनु: सेहत के मामले में भाग्य का साथ मिलेगा। वर्क-लाइफ बैलेंस बनाकर आगे बढ़ें।

मकर: पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। कारोबारी स्थिति फायदेमंद बनी रहेगी।

कुंभ: ऊर्जा और सकारात्मकता से भरा दिन रहेगा। धन का आगमन हो सकता है और पुराने विवाद सुलझेंगे।

मीन: रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। लॉन्ग-डिस्टेंस रिश्तों में संवाद और समझ पर ध्यान दें, खर्च बढ़ने के संकेत हैं।

सूरतगढ़: प्राइवेट हॉस्टल व लाइब्रेरी यूनियन ने किया शैक्षणिक संवाद

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



प्राइवेट हॉस्टल एवं लाइब्रेरी यूनियन के तत्वावधान में शैक्षणिक संवाद एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन की एकजुटता, संचालकों के आपसी समन्वय और शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। भाजपा नेता संदीप कासनिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष ज्योति कंवर रहीं। उन्होंने कहा कि पीजी और लाइब्रेरी क्षेत्र में जल्द सफाई अभियान शुरू करवाया जाएगा तथा सुरक्षा के लिए कैमरे लगाने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने संचालकों से आपसी सहयोग और समन्वय बनाए रखने का आह्वान किया। संदीप कासनिया ने संगठन की एकजुटता को महत्वपूर्ण बताते हुए संचालकों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। यूनियन अध्यक्ष सुरेश बिश्नोई ने स्वागत करते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य हॉस्टल एवं लाइब्रेरी संचालकों को साझा मंच उपलब्ध करवाना और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करना है। कार्यक्रम में पार्षद अनिता कंवर, संतोष गिरी, गिरधारी नाथ, नरेंद्र कालड़ा सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं यूनियन पदाधिकारी उपस्थित रहे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह कंग, पूर्व अध्यक्ष कादीर खान, संरक्षक साधुराम शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन में सहयोग किया।

विद्या भारतीय विद्वत परिषद की बैठक

सूरतगढ़। विद्या भारती जिला विद्वत परिषद, श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ की बैठक नवीन आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुई। क्षेत्रीय विद्वत परिषद के सह संयोजक बृजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, भारतीय विचार दर्शन को समाज में स्थापित करने तथा समसामयिक विषयों पर तथ्यपरक विमर्श को बढ़ावा देने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। गुप्ता ने बताया कि विद्या भारती का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ भारतीय शिक्षा दर्शन और मनोविज्ञान को समाज में प्रतिष्ठित करना है। जोधपुर प्रांत संयोजक चेतन प्रकाश सैन ने कहा कि सामाजिक विषयों पर भ्रम दूर करने के लिए प्रामाणिक संवाद आवश्यक है। बैठक में जिला दायित्वों की घोषणा की गई। हनुमानगढ़ संयोजक नरेश कुमार, सह संयोजक दिनेश कुमार तथा श्रीगंगानगर संयोजक अविनाश कुमार शर्मा, सह संयोजक सुरेंद्र कुमार खिलेरी नियुक्त किए गए। 1 नवंबर को वंदेमातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष विषय पर संगोष्ठी आयोजित करने की जानकारी दी गई।

सीता विदाई के प्रसंग ने दर्शकों को किया भावविभोर



गजसिंहपुर। श्री महावीर ड्रामेटिक क्लब की ओर से आयोजित श्रीरामलीला में राम-सीता विवाह प्रसंग का भव्य मंचन किया गया। राम बारात, विवाह की रस्मों और सीता विदाई के भावुक दृश्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। लीला का शुभारंभ भगवान महादेव की आरती से हुआ। कार्यक्रम में किरयाना कमेटी अध्यक्ष किशन लाल बोथरा, व्यवसायी विवेक शर्मा तथा समाजसेवी दुर्गाशंकर सोनी व मनीष शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्लब की ओर से अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। राम बारात के आगमन, बारातियों के नृत्य और विवाह समारोह के दृश्यों ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं की झलक दिखाई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम और माता सीता के विवाह की रस्में संपन्न हुईं। इसके बाद सीता विदाई के मार्मिक प्रसंग ने दर्शकों को भावुक कर दिया। लीला में श्रीराम की भूमिका बालकिशन गिरधर, लक्ष्मण की दिनेश शर्मा, दशरथ की भगवाना राम, जनक की मनप्रीत संधू, सीता की रणवीर तथा पंडित की भूमिका मनोज कामरा ने निभाई। कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय की दर्शकों ने सराहना की।

सादुलशहर: विज्ञान मेले सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन



सादुलशहर। गांव डूंगरसिंहपुरा के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान मेले सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका को सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न गतिविधियों में प्रथम द्वितीय रहे विद्यार्थियों को एसडीएमसी सदस्यों के द्वारा सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय सॉफ्टबॉल विजेता टीम का स्वागत किया गया। प्रशासक कालूराम तालणियां, उप प्रशासक विनोद जलंधरा, प्रधानाचार्य गुरमीत कौर, उप प्राचार्य खुशबू सोनी तथा समस्त शाला परिवार ने विद्यार्थियों का केक कटवा कर उनका स्वागत किया, माला पहनाई। प्रधानाचार्य गुरमीत कौर द्वारा धन्यवाद दिया गया।

ओम बिरला को बीकानेर गौरव अवार्ड समारोह का निमंत्रण

सीमा सन्देश # बीकानेर। निर्विकल्प फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें 5वें बीकानेर गौरव अवार्ड समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अवार्ड की पृष्ठभूमि, उद्देश्य और अब तक की यात्रा की जानकारी साझा की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बीकानेर गौरव अवार्ड के माध्यम से शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, व्यवसाय, सामाजिक सेवा, कला, संस्कृति और



अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली बीकानेर की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाता है। इसका उद्देश्य उनकी उपलब्धियों को समाज के सामने लाकर युवा पीढ़ी को प्रेरित करना है। फाउंडेशन ने बताया कि यह पहल केवल सम्मान समारोह तक सीमित नहीं है, बल्कि देश-विदेश में बसे बीकानेरवासियों को अपनी जन्मभूमि से जोड़ने, उनके अनुभव साझा कराने और सामाजिक विकास के लिए साझा मंच उपलब्ध कराने का भी माध्यम है। संस्था युवा सशक्तीकरण, करियर मार्गदर्शन और रोजगार के अवसरों पर भी कार्य कर रही है। इस अवसर पर 'बीकानेरवाला' के प्रबंध निदेशक नवरत्न अग्रवाल, जगदीश राठी, डॉ. चंद्रशेखर श्रीमाली, अनुज मित्तल, डॉ. अमित व्यास तथा दिल्ली सरकार के वरिष्ठ लोक अभियोजक डॉ. श्रवण कुमार बिश्नोई उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि ओम बिरला की उपस्थिति समारोह की गरिमा बढ़ाएगी।

गंगनहर का वरीयताक्रम

13 अक्टूबर 2026, मंगलवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
करणीजी	580 (8)	06 अक्टूबर सायं 6 बजे	14 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
एफ	1083 (8)	06 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	14 अक्टूबर सायं 3 बजे
एलएनपी	1360 (6)	08 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	16 अक्टूबर सायं 3 बजे
केके	1373 (5)	09 अक्टूबर प्रातः 3 बजे	16 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
ईईए	1433 (5)	09 अक्टूबर प्रातः 6 बजे	16 अक्टूबर सायं 3 बजे
बीबी	1631 (2)	12 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	20 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
एमके	1729		
एच	2036		
वाई	2067		
जैड	2222		
डी-भागसर	2240		
बीआईएफ+जे	2281		
पीएस	2441		
समेजा	2643		
आरबी	2913		
एचएच	2948		
रिडमलसर	2959		
फार्म	3020		
एमएलए	3061		08 अक्टूबर रात्रि 12 बजे
एमएल	3121		08 अक्टूबर रात्रि 12 बजे
नेतेवाला	3142		08 अक्टूबर सायं 6 बजे
हिरणांवाली	3164		08 अक्टूबर सायं 6 बजे
जीजी	3365		07 अक्टूबर दोपहर 12 बजे

नोट : गंगनहर में सोमवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1658 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	10090	साहवा	482
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	निल	कंवरसैन	540
रावतसर	67	बिरधवाल हैड से नीचे	6804
सूरतगढ़	1865	सोमवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।	
जोरावरपुरा	50		
खेतेवाली	72		

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 12.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1639.32
पानी की आवक - 19364 क्यूसेक, निकासी- 26688 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1367.48
पानी की आवक- 5449 क्यू., निकासी- 17890 क्यू., बीकानेर - 2393

सार्दुल ब्रांच 1081, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1386

भाखड़ा वरीयताक्रम

12 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावी

हरिपुरा	37	नाथवाना	1188
दीनगढ़	50	रतनपुरा	1200
सूरतपुरा	59	भाखरांवाली	1205
मोडिया	314	करनीसिंह	1535
लोंगवाला	549	मम्मड़खेड़ा	1730
पीलीबंगा	674	जोड़कियां	1810
अमरपुरा	790	सूरतगढ़	1930
रोड़ांवाली	803	भगतपुरा	1968
नवां-सतीपुरा	814	संगरिया	1974
मोरजण्डा	1027	नगराना	1982
प्रतापपुरा	1157	लीलांवाली	2222

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 8077-7835 (आ. 285 क्विं.), मूंग 8695-7500 (आ. 1433 क्विं.), ग्वार 7875-5365 (आ. 179 क्विं.), नरमा 9044-8845 (आ. 2221 क्विं.), कपास 8904-8585 (आ. 107 क्विं.), चना 6960 (आ. 12 क्विं.), जवी 4385-4305 (आ. 65 क्विं.), अरण्डी 7511 (आ. 5 क्विं.), **पदमपुर :** नरमा 9000-8750, मूंग 8400-5500, सरसों 8061-7700, ग्वार 7700-7110, कपास 8681-8650, कनक 2788, **रायसिंहनगर:** ग्वार 8021-7925, सरसों 4200-4100, मूंग 9000-8500, नरमा 8959-7900, **केसरीसिंहपुर:** गेहूं 2640-2541, मूंग 8501-6700, ग्वार 8101-7885, चना 6200, जौ 2800, **श्रीविजयनगर:** मूंग 8774-8005, नरमा 8852-8750, ग्वार 7949-7652, कपास 8271-8231, गेहूं 2651, **घड़साना :** मूंग 8885-6600, नरमा 8945-8865, सरसों 8150-7715, अरण्डी 6700, **अनूपगढ़ :** नरमा 8909-8800, मूंग 8900-7821, सरसों 8206-6250, ग्वार 8000-7980, गेहूं 2693-2600, कपास 8499, पीली सरसों 7600, **सबमंडी यार्ड रीको :** गेहूं 2850-2100, सरसों 8150-5500, पीली सरसों 8500-6200, ग्वार 7955-4500, मूंग 8700-5000, नरमा 9051-8000, बाजरी 2500-2000, **जैतसर :** सरसों 8104-7657, मूंग 8786-8000, ग्वार 7863-7700, नरमा 8791-9170, बाजरी 2625, **करणपुर :** जवी 3520, नरमा 9000-8426, मूंग 8475-7670, ग्वार 7751-5900,

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 17000-21000, जीरा 22500-24500, अजवाइन 18500-19500, सौंफ 11000-22500, मेथी 7100, खोपरा 1880, गट गोला 415 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 3000-3100, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 22000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1440, आटा (45 किग्रा.) 1400, सूजी 1500, बेसन 7900, चावल टुकड़ी 3300-3500, चावल डबल छनाई 3500-4000, चावल सेला 3400-3500, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10000, मूंग छिल्का 9700, उड़द धुली 11800-12000, उड़द साबुत 11000-11500, अरहर दाल 11500-12000, दाल मसूर 7700, दाल चना 8150, देशी चना 7300, डालर चना 8000-8600, डबल डालर चना 9200, काला चना 7880

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 6400, गुड़ पेड़ी 5300, गुड़ शिवलिंग 6600, गुड़ बर्फी 6000-6300, चीनी महाराष्ट्र 6000, चीनी एल 6100, चीनी गंगानगर --

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 160 रु., तेल रिफाइंड 125-130 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 9800-10300 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 550 -650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 9800 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 550 रु., पंजाब किंग : 9400रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 530 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 650 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 590 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: नरमा व्यापारी 8788, बाजरा 2551, ग्वार 7686, मूंग व्यापारी 7686, मूंग व्यापारी 8086, धान पीआर व्यापारी 2205, धान 1509-3801, **डबली राठान :** नरमा व्यापारी 8676, ग्वार 7733, धान पीआर व्यापारी 2137, **हनुमानगढ़ टा.:** नरमा व्यापारी 8861, ग्वार 7161, मूंग व्यापारी 8300, सरसों व्यापारी 8157, धान पीआर व्यापारी 2139, धान 1509-3750, **रावतसर:** कपास 8150, नरमा व्यापारी 8700, गेहूं व्यापारी 2710, जौ 3100, जौ 2565, ग्वार 7785, मूंग व्यापारी 8531, मोठ 8831, मूंगफली व्यापारी 6601, **नोहर :** कपास 8505, नरमा व्यापारी 8710, ग्वार 7315, चना व्यापारी 7251, मूंग व्यापारी 8700, मोठ 9100, सरसों व्यापारी 8290, अरण्डी 7800, मूंगफली व्यापारी 6550, **भादरा :** गेहूं व्यापारी 2820, मूंग व्यापारी 8303, सरसों व्यापारी 8280, **संगरिया :** नरमा व्यापारी 8600, बाजरा 2491, ग्वार 7541, चना व्यापारी 7070, मूंग व्यापारी 8636, सरसों व्यापारी 8229, **गोलूवाला :** कपास 7801, नरमा व्यापारी 8820, गेहूं व्यापारी 2600, बाजरा 2401, ग्वार 8095, चना व्यापारी 6850, मूंग व्यापारी 8651, सरसों व्यापारी 8317, **पीलीबंगा :** नरमा व्यापारी 8700, गेहूं व्यापारी 2711, बाजरा 2411, ग्वार 7751, मूंग व्यापारी 8450, सरसों व्यापारी 8050, धान पीआर व्यापारी 3700

शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स 548 अंक उतरा

मुंबई, (वार्ता) दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट रही और सेंसेक्स 547.65 अंक लुढ़ककर 71,924.68 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 157.10 अंक टूटकर 22,363.35 अंक पर आ गया। दोनों सूचकांकों की शुरूआत सुबह बढ़त के साथ हुई थी, लेकिन बाद में दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से ये दबाव में आ गए। वृहत बाजार में अधिकतर सूचकांक हरे निशान में रहे।

रसायन, ऑटो, रियल्टी और फार्मा सेक्टरों के सूचकांक भी हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी और टेक महिंद्रा के शेयर तीन प्रतिशत से अधिक चढ़े। हिंदुस्तान यूनीलिवर में दो प्रतिशत की गिरावट रही। एलएंडटी, भारतीय स्टेट बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडिगो और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर एक से दो प्रतिशत तक टूट गए। टाटा स्टील, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति सुजुकी, अडानी एयरपोर्ट्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और ट्रेंट के शेयर भी लाल निशान में रहे। बीईएल का शेयर करीब डेढ़ फीसदी मजबूत हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी बढ़त में रहे।

स्कूल वैन पलटी, 6 बच्चे हुए घायल

कोटा। जिले के सांगोद उपखंड इलाके में बच्चों को ले जा रही एक निजी स्कूल वैन पलट गई। इस घटना में करीब 6 बच्चे चोटिल हो गए। वैन में 18 से ज्यादा बच्चे बैठे हुए थे। हादसे के बाद बच्चे वैन में फंस गए थे, जिन्हें कांच तोड़कर बाहर निकाला गया।

कार्यालय नगरपालिका रायसिंहनगर, जिला श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक:- राजस्व/2524 दिनांक :- 15/09/2026

आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री वकीलचन्द डाकला पुत्र श्री पन्नालाल व नीरू, नरेश, निशा सन्तान श्री वकीलचन्द डाकला जाति धानक निवासी वार्ड सं. 24 रायसिंहनगर ने अनिवार्य आवेदन के साथ पट्टा विलेख, पंजीकृत बैनामा, पंजीकृत वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, स्व घोषणा पत्र की प्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड सं. 33 एम ब्लॉक साईज 25' इन्ट्र 50' फुट का नामान्तरण दर्ज करने हेतु निवेदन किया है। पालिका रिकॉर्ड अनुसार आवासीय भूखण्ड सं. 33 साईज 25' इन्ट्र 50' फुट श्री चुन्नीलाल पुत्र श्री अगड़ी जाति धानक के नाम से दिनांक 01.05.1944 द्वारा आवंटनशुदा है। (रिकॉर्ड में उक्त आशय से संबंधित कोई अन्य पत्राचारी संचालित नहीं है)। प्रस्तुत पंजीकृत बैनामा दिनांक 27.07.1955 अनुसार श्री चुन्नी लाल पुत्र श्री अगड़ी ने उक्त भूखण्ड साईज 25' इन्ट्र 50' फुट श्री शंकर पुत्र श्री रामदत जाति धानक को विक्रय किया। प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार श्री शंकरलाल पुत्र श्री रामदत की मृत्यु दिनांक 07.08.1999 को हुई। प्रस्तुत पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 05.08.1989 अनुसार श्री शंकरलाल ने उक्त आशय की वसीयत अपने जीवनकाल में अपनी पुत्री श्रीमती देवी पुत्री श्री शंकरलाल पत्नी श्री वकीलचंद के हक में की गयी। प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार श्रीमती श्रीमती देवी पत्नी श्री वकीलचंद की मृत्यु दिनांक 30.06.2011 को हुई। प्रस्तुत कार्यालय अध्यक्ष नगरपालिका रायसिंहनगर द्वारा जारी वारिस प्रमाण पत्र क्रमांक 80/9,30 दिनांक 23.05.2012 अनुसार स्व. श्रीमती श्रीमती देवी पत्नी श्री वकीलचंद के निम्न जायज वारिस है-1. वकीलचन्द डाकला - पति 2. नीरू पुत्री 3. नरेश डाकला पुत्री 4. निशा डाकला पुत्री प्रस्तुत स्व घोषणा पत्र अनुसार स्व. श्रीमती श्रीमती देवी पत्नी श्री वकीलचंद के उक्तानुसार कुल 04 जायज वारिस है। इसके अलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। भूखण्ड व वारिसों के संबंध में कोई वाद विवाद नहीं है। उपरोक्तानुसार बैनामा/वसीयतनामा/वारिस प्रमाण पत्र के आधार पर नामान्तरण दर्ज करने पर यदि किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ऐतराज हो तो नगरपालिका की ई-मेल आई.डी. nagarpalikarsnr@gmail.com अथवा लिखित में अपनी आपत्ति/ऐतराज मय सबूत/दस्तावेज 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मुजरे मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहें। - **अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रायसिंहनगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2026/8999 सार्वजनिक आपत्ति सूचना दिनांक- 12.10.2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 3 एमएल मु.न. 14 कि.न. 14 माप 25 गुणा 60 फीट, भूखण्ड संख्या आरडी-16, रिद्धि-सिद्धि-2, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 3953 दिनांक 03.11.2014 को श्री मनोहर लाल बिश्नोई पुत्र श्री रिछपाल बिश्नोई के नाम से जारी किया गया है। श्री सोहजप्रीत सिंह पुत्र श्री बलविंदर सिंह एवं श्रीमती हरप्रीत सिंघ पत्नी श्री सोहजप्रीत सिंह निवासी आरडी-15, रिद्धि-सिद्धि इन्कलेव-2, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैनामा दिनांक 10.08.2026 के द्वारा क्रय कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटें एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं0 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- **प्रभारी अधिकारी नियमन शाखा, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

तीन हॉस्पिटल्स में इनकम टैक्स की रेड

जयपुर। राजस्थान में आयकर विभाग की टीमों ने तीन हॉस्पिटल पर सोमवार सुबह छापेमारी की। पार्क ग्रुप के जयपुर, झुंझुनूं और कोटपूतली-बहरोड़ में हॉस्पिटल पर छापेमारी की गई है। जयपुर में मानसरोवर स्थित अमर मेडिकल एंड रिसर्च सेंटर, झुंझुनूं के चूरू रोड स्थित आरआर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल और बहरोड़ के पार्क हॉस्पिटल में रेड की गई है। सुबह करीब 5 से 6:30 बजे के बीच इनकम टैक्स विभाग की टीमें तीनों हॉस्पिटल पहुंचीं। इस दौरान हॉस्पिटलों के सभी एंट्रेंस और एक्जिट पूरी तरह बंद कर दिए गए। पुलिस टीम को हॉस्पिटल के गेटों पर तैनात किया गया। इस दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश और हॉस्पिटलों में मौजूद मरीजों, उनके परिजनों और कर्मचारियों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई। इनकम टैक्स सूत्रों के मुताबिक, पार्क ग्रुप के हॉस्पिटलों में बड़े पैमाने पर कैश लेन-देन से टैक्स चोरी और वित्तीय अनियमितताओं की सूचना मिली थी।

जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने आर्थराइटिस को लेकर किया जागरूक

अस्थि रोग विभाग के जागरूकता पोस्टर का विमोचन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। विश्व आर्थराइटिस दिवस के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय श्रीगंगानगर में अस्थि रोग विभाग की ओर से जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मरीजों, उनके परिजनों और आमजन को जोड़ों के स्वास्थ्य, गठिया रोग की रोकथाम तथा समय पर उपचार के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। विमोचन कार्यक्रम में पीएमओ डॉ. सुखपाल सिंह बराड़, अस्थि रोग विभागाध्यक्ष (एचओडी) डॉ. सुनील भाटीवाल, डॉ. सुमित पेंसिया, डॉ. विवेक भांभू, डॉ. सुमेर तथा डॉ. सतीश सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे। चिकित्सकों ने बताया कि गठिया यानी आर्थ्राइटिस जोड़ों से संबंधित एक प्रमुख स्वास्थ्य समस्या है। इसमें जोड़ों में दर्द, सूजन, अकड़न, गर्माहट और चलने-फिरने में परेशानी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कई बार मरीज शुरूआती लक्षणों को सामान्य थकान या उम्र का प्रभाव मानकर नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे बीमारी बढ़ सकती है। समय रहते लक्षणों की पहचान, जांच और उचित उपचार से मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है।

पति की मौत के बाद पत्नी ने भी त्यागे प्राण

शिमला। सिरमौर जिले के संगड़ाह उपमंडल के लगनू गांव में पति-पत्नी ने चार घंटे के अंतराल में दुनिया को अलविदा कह दिया। 85 वर्षीय मंगाराम चौहान उर्फ छोटू का रविवार शाम निधन हो गया। पति की मृत्यु के सदमे में उनकी 68 वर्षीय पत्नी हरदेवी ने भी दम तोड़ दिया। दोनों का गिरी नदी के पास एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। मंगाराम सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे थे।

दोस्ती तोड़ी तो चाकू से गोद डाला

इंदौर। हीरानगर थाना क्षेत्र में दोस्ती खत्म करने और बातचीत बंद करने से नाराज अभिषेक और निखिल पर वैष्णवी की चाकू मारकर हत्या करने का आरोप है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर वारदात की जांच शुरू कर दी है। युवती की हालत बिगड़ने के बावजूद आरोपियों ने उसकी छोटी बहन को उसे अस्पताल ले जाने से रोक दिया। गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाई गई युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई।

सीता स्वयंवर और श्रीराम-सीता विवाह के प्रसंगों का मंचन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। स्वामी विवेकानंद रंगमंच सेवा समिति की ओर से जंक्शन की भट्ठा कॉलोनी स्थित स्वामी विवेकानंद रंगमंच पर आयोजित रामलीला के पांचवें दिन सीता स्वयंवर और भगवान श्रीराम-माता सीता विवाह के प्रसंगों का मंचन किया गया। कलाकारों ने शानदार अभिनय और संवादों के माध्यम से इन धार्मिक प्रसंगों को जीवंत कर दिया। मंचन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और उपस्थित दर्शक भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते नजर आए। पांचवें दिन के मंचन में महर्षि विश्वामित्र के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के मिथिला पहुंचने तथा सीता स्वयंवर के प्रसंग को प्रस्तुत किया गया। स्वयंवर में भगवान शिव के धनुष को उठाने और प्रत्यंचा चढ़ाने की चुनौती के बीच भगवान श्रीराम ने धनुष भंग कर माता सीता से विवाह का मार्ग प्रशस्त किया। परशुराम-लक्ष्मण संवाद के प्रसंग ने भी दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से संवादों की गंभीरता और प्रसंग की रोचकता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। राम का किरदार रोहित शर्मा, लक्ष्मण का मानव तिवारी, सीता का साहिल सारवान, परशुराम का संदीप सिंह तथा राजा जनक का किरदार मनोज गोदारा ने निभाया।

कार्यालय नगरपालिका टिब्बी, जिला-हनुमानगढ़

क्रमांक /नपाटि/भूमि/2026/2494 **आपत्ति सूचना** **दिनांक : 12.10.2026**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि शहरी सेवा सेतु अभियान-2026 के तहत प्राप्त आवेदनों के नीचे अंकित भूमि में अपने अधिकार पट्टे के लिए पुर्ण स्वामित्व के पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका टिब्बी के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड साईज	आसा-पासा	प्रयोजन का प्रकार
1.	श्रीमती रामप्यारी पत्नि श्री राजेश कुमार निवासी टिब्बी	116 वर्गमीटर	उत्तर- बलवंत/आम रास्ता, दक्षिण-खेती भूमि पूर्व- रामचन्द्र, पश्चिम-सुखजिन्द्र सिंह	आवासीय
2.	श्रीमती सीमा पत्नी श्री सोहनलाल जाति कुमार निवासी वार्ड नं. 20	167.28 वर्गमीटर	उत्तर-भूखण्ड सं. 04,दक्षिण-आम रास्ता 40 फीट पूर्व-गौरव पथ रोड 33 फीट, पश्चिम भूखण्ड सं. 11	आवासीय
3.	श्री पुनमचन्द्र पुत्र श्री हनुमान प्रसाद जाति ब्राम्हण निवासी वार्ड नं. 08 टिब्बी	111.52 वर्गमीटर	उत्तर- मोहन सिंह दक्षिण- आम रास्ता, पूर्व- राहुल सोनी पुत्र रामपाल सोनी, पश्चिम-मोहन सिंह	आवासीय
4.	श्री विक्रम कुमार पुत्र श्री रामधन जाति अरोड़ा निवासी टिब्बी	79.73 वर्गमीटर	उत्तर- सोनरण, दक्षिण रणजीत सोनी, पूर्व- अशोक नागपाल, पश्चिम- आम रास्ता	आवासीय
5.	श्रीमती सुमन पत्नि श्री भीमसैन जाति गोस्वामी निवासी टिब्बी	167.28 वर्गमीटर	उत्तर- भूखण्ड संख्या 2. दक्षिण- छिदर सिंह मिस्त्री पूर्व- अन्य भुमि, पश्चिम-आम रास्ता	आवासीय
6.	श्री हसन खां पुत्र श्री रामसुदीन खां जाति मुसलमान निवासी टिब्बी	55.76 वर्गमीटर	उत्तर- राम कुमार सोनी, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व- आम रास्ता, पश्चिम- आम रास्ता	आवासीय
7.	श्री अनील कुमार पुत्र श्री पनालाल एवं पंकज कुमार पुत्र रमेशचन्द जाति अग्रवाल एवं अरोड़ा निवासी टिब्बी	180.66 वर्गमीटर	उत्तर- सुखजीत सिंह दक्षिण- आम रास्ता पूर्व-मिकर स्वयं पश्चिम-खाली भुखण्ड सुखराज सिंह	वाणिज्य

यदि किसी व्यक्ति को इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी को कोई आक्षेप है तो वे कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किस आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर द्वारा जारी की गई।

- अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका टिब्बी

कार्यालय नगरपालिका भादरा, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक : नपाभा/भूमि/2026-27/3796 दिनांक : 12/10/2026

आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका भादरा में आवासीय रूपान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिसका विवरण निम्न प्रकार है :-

क्र.सं.	आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम, निवासी	भूखण्ड सं.	कॉलोनी का नाम	भू.का साइज वर्गफुट में
1.	विनोद कुमार पुत्र मोहनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 1	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	1061.25 वर्गफिट
2.	विनोद कुमार पुत्र मोहनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 2	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	1020 वर्गफिट
3.	विनोद कुमार पुत्र मोहनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 3	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	1972.5 वर्गफिट
4.	विनोद कुमार पुत्र मोहनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 37	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	2460 वर्गफिट
5.	विनोद कुमार पुत्र मोहनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 39	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
6.	विनोद कुमार पुत्र मोहनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 40	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
7.	विनोद कुमार पुत्र मोहनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 41	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
8.	विनोद कुमार पुत्र मोहनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 42	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
9.	विनोद कुमार पुत्र मोहनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 43	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
10.	विनोद कुमार पुत्र मोहनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 54	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
11.	अमित कुमार पुत्र रतनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 5	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	1210.5 वर्गफिट
12.	अमित कुमार पुत्र रतनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 6	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	961.2 वर्गफिट
13.	अमित कुमार पुत्र रतनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 22	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
14.	अमित कुमार पुत्र रतनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 34	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
15.	अमित कुमार पुत्र रतनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 44	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
16.	अमित कुमार पुत्र रतनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 45	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
17.	अमित कुमार पुत्र रतनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 46	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
18.	अमित कुमार पुत्र रतनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 47	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
19.	अमित कुमार पुत्र रतनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 55	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
20.	अमित कुमार पुत्र रतनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं॰ 56	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
21.	अमित कुमार पुत्र रतनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 57	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
22.	अमित कुमार पुत्र रतनलाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 58	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
23.	राजेश कुमार पुत्र श्यामसुन्दर जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 4	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	1121.94 वर्गफिट
24.	राजेश कुमार पुत्र श्यामसुन्दर जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 30	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
25.	राजेश कुमार पुत्र श्यामसुन्दर जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 31	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
26.	राजेश कुमार पुत्र श्यामसुन्दर जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 32	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
27.	राजेश कुमार पुत्र श्यामसुन्दर जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 33	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
28.	राजेश कुमार पुत्र श्यामसुन्दर जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 59	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
29.	राजेश कुमार पुत्र श्यामसुन्दर जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 61	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
30.	देवकीनन्दन पुत्र दीनदयाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 7	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	919.95 वर्गफिट
31.	देवकीनन्दन पुत्र दीनदयाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 23	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
32.	देवकीनन्दन पुत्र दीनदयाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 29	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
33.	देवकीनन्दन पुत्र दीनदयाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 35	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
34.	देवकीनन्दन पुत्र दीनदयाल जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 36	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
35.	विनय कुमार पुत्र ओमप्रकाश जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 48	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
36.	विनय कुमार पुत्र ओमप्रकाश जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 49	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
37.	विनय कुमार पुत्र ओमप्रकाश जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 50	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
38.	विनय कुमार पुत्र ओमप्रकाश जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 51	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
39.	राकेश कुमार पुत्र पवन कुमार जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 52	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
40.	राकेश कुमार पुत्र पवन कुमार जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 53	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
41.	विनय पुत्र गोविन्दराम जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 19	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
42.	विकास गर्ग पुत्र महादेव प्रसाद जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 8	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	881.25 वर्गफिट
43.	विकास गर्ग पुत्र महादेव प्रसाद जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 24	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
44.	विकास गर्ग पुत्र महादेव प्रसाद जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 25	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
45.	विकास गर्ग पुत्र महादेव प्रसाद जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 26	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
46.	विकास गर्ग पुत्र महादेव प्रसाद जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 27	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
47.	विकास गर्ग पुत्र महादेव प्रसाद जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 28	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
48.	विकास गर्ग पुत्र महादेव प्रसाद जाति महाजन नि. भादरा	भूखण्ड सं. 38	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
49.	दयाकिशन पुत्र हरिकिशन नि. राजगढ़	भूखण्ड सं. 20	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
50.	दयाकिशन पुत्र हरिकिशन नि. राजगढ़	भूखण्ड सं. 21	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
51.	सुनील कुमार पुत्र हेतराम नि. भादरा	भूखण्ड सं. 15	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
52.	सुनील कुमार पुत्र हेतराम नि. भादरा	भूखण्ड सं. 16	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
53.	ममता पत्नी सुनील कुमार नि. भादरा	भूखण्ड सं. 17	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
54.	ममता पत्नी सुनील कुमार नि. भादरा	भूखण्ड सं. 18	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
55.	सुभाष चंद्र पुत्र बीर सिंह नि. मोमनबास	भूखण्ड सं. 60	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
56.	निकिता सहारण पुत्री राकेश सहारण नि. सी-31, वेद मघाराम कॉलोनी बीकानेर	भूखण्ड सं. 62	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट
57.	प्रभुदयाल पुत्र रूपदास जाति स्वामी नि. गंगासिंहपुरा तह. भादरा	भूखण्ड सं. 12	चक 10 बारानी मु.नं. 32 भादरा	930 वर्गफिट

जिसके संबंध में किसी भी सज्जन को कोई आपति / एतराज हो तो वह इस आपति सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में नगरपालिका भादरा में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष पेश कर सकते हैं। मियाद गुजरने पर आपति / एतराज पर गौर नहीं किया जावेगा। सूचित रहें।

- (अभिषेक नैण) अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका भादरा

कार्यालय नगरपरिषद,श्रीगंगानगर
क्रमांक:- राजकाज रेफ नम्बर 24800115 दिनांक :- 30-09-2026

आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्री हरबंस लाल पुत्र श्री सरवन राम ने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 308 वार्ड नम्बर 27/11 पुरानी आबादी श्रीगंगानगर पैमाइशी 19.9 गुणा 55 फीट उत्तर दिशा की तरफ खुलता हुआ अपने नाम से परिषद रिकार्ड में दर्ज कर नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया हैं। 210576 यह कि प्रशनगत भूखण्ड प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार भूखण्ड संख्या 308 (भाग) वाके वार्ड संख्या 27/11 पुरानी आबादी श्रीगंगानगर साईज 19.9 गुणा 55 फीट का पट्टा 69 ए के तहत पट्टा परिषद द्वारा क्रमांक 859 दिनांक 20.07.2023 द्वारा श्री आनन्द कुमार पुत्र श्री मक्खन के नाम से जारीशुदा है। जो पंजीकृत है। श्री आनन्द कुमार पुत्र श्री मक्खन लाल का देहांत दिनांक 30.01. 2024 को हो चुका है। सदस्य प्रमाण पत्र अनुसार वारिसान 1. सुमित्रा देवी पत्नी 2. प्रवीण कुमार पुत्र 3. मोनिका गोयल पुत्री। सुमित्रा देवी, प्रवीन कुमार, मोनिका गोयल ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 16.09.2026 द्वारा भूखण्ड संख्या 308 वार्ड नम्बर 27/11 पुरानी आबादी श्रीगंगानगर पैमाइशी 19.9 गुणा 55 फीट उत्तर दिशा की तरफ खुलता हुआ श्री हरबंस लाल पुत्र श्री सरवन राम को विक्रय कर दिया। उपरोक्तानुसार नामांतरण चाहा गया है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात् कोई उज्जर मान्य नहीं होगा। - **आयुक्त नगरपरिषद, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर
क्रमांक :राजकाज रेफ नम्बर 24970845 दि: 09-10-2026

आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्री बलविन्द्र कुमार पुत्र श्री बनवारी लाल ने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर मकान संख्या 06 बी ब्लॉक श्रीगंगानगर का भाग साईज 20 गुणा 51 फीट अपने नाम से परिषद रिकार्ड में दर्ज कर नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया हैं। 209422 यह कि प्रशनगत मकान प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार श्री सुभाष चन्द्र, राज कुमार, अशोक कुमार, नरेश कुमार, विजय कुमार पिसरान स्व श्री हंसराज से जरिये पंजीकृत तीन अलग अलग बैयनामा दिनांक 15.11.1991, 28.11.1991, 02.11.1991 द्वारा मकान संख्या 06 बी ब्लॉक श्रीगंगानगर का भाग साईज 20 गुणा 51 फीट का 1/3, 1/3, 1/3 श्री नरेन्द्र कुमार कामरा पुत्र श्री सरयरीलाल जी कामरा ने क्रय किया। श्री नरेन्द्र कुमार कामरा पुत्र श्री सरदारीलाल जी कामरा ने जरिये पंजीकृत चार अलग अलग बैयनामा दिनांक 10.04.2000, 04.04.2000 द्वारा मकान संख्या 06 बी ब्लॉक श्रीगंगानगर का भाग साईज 20 गुणा 51 फीट (प्रत्येक बैयनामा 1/4 भाग) श्रीमती वीनू खुराना पत्नी श्री बलविन्द्र खुराना को विक्रय कर दिया। श्रीमती वीनू खुराना पत्नी श्री बलविन्द्र खुराना ने जरिये पंजीकृत दो उपहार पत्र दिनांक 26.06.2001, 14.07.2005 द्वारा मकान संख्या 06 बी ब्लॉक श्रीगंगानगर का भाग साईज 20 गुणा 51 फीट में से 12 गुणा 51 फीट एवं 8 गुणा 51 फीट श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री बनवारीलाल को दे दिया। श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री बनवारीलाल ने जरिये पंजीकृत उपहार पत्र गिफ्ट डीड दिनांक 14.05.2026 द्वारा मकान संख्या 06 बी ब्लॉक श्रीगंगानगर का भाग साईज 20 गुणा 51 फीट श्री बलविन्द्र कुमार पुत्र श्री बनवारी लाल को दे दिया। उपरोक्तानुसार नामांतरण अपने नाम से चाहा गया है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्जर मान्य नहीं होगा।

- **आयुक्त, नगरपरिषद, श्रीगंगानगर**

प्रपत्र संख्या- 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग खण्ड हनुमानगढ़।
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 के अधीन
क्रमांक- मु.नं. 1742 दिनांक- 12-10-2026

वास्ते-सर्वसाधारण को सूचनार्थ
नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूँकि **श्री गुरमेल सिंह** ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के तहत **गुरुनानक धर्म संस्थान श्रीगंगानगर** में नवीन सदस्य दर्ज करवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया

नोहर फीडर की रिलाइनिंग की डीपीआर से पहले मोघा बरवाली नहर में स्थानांतरित करने की मांग तेज, विभागीय सुस्ती से किसानों को पांच क्यूसेक पानी का नुकसान

चार सीपी हेड पर अवैध मोघे से पानी चोरी, हरियाणा दो माह से नहीं दे रहा पत्रावली, किसान परेशान

सीमा सन्देश # जयलाल वर्मा





सीमा सन्देश # चारणवासी। हरियाणा के चार सीपी हेड पर नोहर फीडर व बरवाली नहर के संगम स्थल पर चल रहे 5 क्यूसेक के अवैध मोघे से संबंधित पत्रावली नोहर जल संसाधन विभाग को नहीं सौंपी जा रही है। फाइल न मिलने के कारण अवैध मोघे को हटाना मुश्किल हो गया है, जिससे क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नहराना हेड से नोहर फीडर और बरवाली नहर समानांतर निकलती हैं तथा चार सीपी हेड पर दोनों नहरों का एक संगम स्थल बना हुआ है। इसी संगम स्थल से राजस्थान के लिए नोहर फीडर तथा बरवाली नहर का मल्लेका माइनर निकलता है। वर्तमान में इसी संगम स्थल पर 5 क्यूसेक पानी की क्षमता का एक मोघा लगा हुआ है, जबकि नियमतः यह मोघा संगम स्थल की बजाय हेड के पीछे पूर्व दिशा में बरवाली नहर में होना चाहिए क्योंकि इससे हरियाणा के खेत सिंचित होते हैं। नियमानुसार यह मोघा केवल तभी चलना चाहिए जब बरवाली नहर में पानी प्रवाहित हो, लेकिन संगम स्थल पर लगे होने के कारण जब केवल नोहर फीडर अकेली चलती है, तब भी यह मोघा लगातार 5 क्यूसेक पानी खींचता रहता है। इससे नोहर फीडर के किसानों को सीधे तौर पर पानी का भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। इधर, सिंचाई विभाग चीफ के आदेश पर फेफाना से रतनपुरा हेड के बीच 14 मोघों पर लॉक लगाने की तैयारी में जुटा है, जिसके बाद एक सप्ताह तक मोघों में पानी प्रवाहित होगा। विभागीय कार्रवाई के बीच किसानों ने तीखा सवाल उठाया है कि आखिर विभाग चार सीपी हेड पर लगे इस अवैध मोघे पर लॉक क्यों नहीं लगा रहा, जिससे किसानों को उनके हक का पूरा पानी मिल सके। बीती 7 अगस्त को भगवान हेड व नोहर पड़ाव में हुए समझौते के दौरान अवैध मोघा बंद करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई थी। इस पर एसई निरंजन लाल मीणा ने किसानों को बताया था कि हरियाणा सिंचाई विभाग इस मामले को कोर्ट में विचाराधीन होने का तर्क दे रहा है। जब किसानों ने कोर्ट केस का प्रमाण मांगा तो एसई ने भरोसा दिलाया था कि हरियाणा को संबंधित पत्रावली उपलब्ध कराने के लिए आधिकारिक पत्र भेज दिया गया है और दस्तावेज मिलते ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी हरियाणा ने विभाग को पत्रावली नहीं दी है और विभागीय सुस्ती व लापरवाही के कारण पानी की चोरी बदस्तूर जारी है।

इसलिए मांग हुई तेज

नोहर फीडर की रीलाइनिंग की डीपीआर तैयार होने वाली है। यदि डीपीआर बनने से पहले इस मोघे को बरवाली नहर में शिफ्ट करने के आदेश जारी नहीं हुए, तो यह हमेशा के लिए इसी संगम स्थल पर लगा रह जाएगा और नोहर फीडर के हिस्से का 5 क्यूसेक पानी हरियाणा लगातार खींचता रहेगा। ऐसे में इस जल चोरी को रुकवाने के लिए जल उपयोक्ता संगम के अध्यक्षों, किसानों और जनप्रतिनिधियों को एकजुट होकर इस मांग को मजबूती से उठाने की सख्त आवश्यकता है।

हरियाणा चीफ के समक्ष भी रखा था मुद्दा

एसई निरंजन लाल मीणा के अनुसार हरियाणा विभाग केवल मौखिक रूप से मामला कोर्ट में लंबित होने की बात कह रहा है। चंडीगढ़ में हरियाणा चीफ के समक्ष भी यह मुद्दा उठाया गया था, जहां उन्होंने दावा किया कि मोघा वहीं पर स्वीकृत (सेंक्शन) है।

न्यूज इन ब्रीफ

आज साढ़े 3 घंटे बंद रहेगी आपूर्ति

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। विद्युत विभाग की ओर से 13 अक्टूबर, मंगलवार को सतीपुरा 132 केवी जीएसएस से निकलने वाली 33 केवी लाइन संख्या 7 व 1 का रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसके चलते सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। इस दौरान लीलांवाली, मानकसर, पीरकामड़िया, गाहडू और शेरगढ़ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। यह जानकारी विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता अमनदीप सिंह ने दी।

बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

सीमा सन्देश # नोहर। नोहर थाना पुलिस ने घर के आगे खड़ी बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा बाइक बरामद की है। थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि वार्ड नंबर 23 निवासी शंकरलाल सैनी ने 9 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उन्होंने 7 अक्टूबर को दोपहर दो बजे बाइक घर के आगे खड़ी की थी, जो 2.48 बजे गायब मिली। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सूचनाओं के आधार पर अनमोल सिंह (20) निवासी ढाणी अराईयांवाली को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में एएसआई भूराराम व हेड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद शामिल रहे।

आंशिक रद्द रहेगी बांद्रा स्पेशल ट्रेन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर प्लेटफॉर्म निर्माण कार्य के कारण भिवानी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल रेलसेवा को आंशिक रूप से रद्द किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार, गाड़ी संख्या 09006 भिवानी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 15 अक्टूबर को भिवानी से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा बांद्रा टर्मिनस के स्थान पर बोरीवली तक ही संचालित होगी। ऐसे में बोरीवली-बांद्रा टर्मिनस के बीच इस ट्रेन का संचालन आंशिक रूप से रद्द रहेगा।

मौसम बदला, ठंड ने दी दस्तक

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिले में मौसम के बदले मिजाज के साथ ठंड ने दस्तक दे दी है। सोमवार को सुबह के समय दुपहिया सवार गर्म कपड़ों में नजर आए। आगामी दिनों में एक बार फिर बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। इस दौरान सर्वाधिक 27 मिलीमीटर बारिश बीकानेर जिले के लूणकरणसर में रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में राज्य के ऊपर एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के उत्तर-पश्चिमी और उत्तरी भागों में 13 से 15 अक्टूबर के दौरान एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से प्रदेश के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में 13 से 15 अक्टूबर के दौरान मेघगर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की प्रबल संभावना है।

महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया

85 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान; सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, समाज की एकजुटता एवं सेवा कार्यों पर दिया जोर

सीमा सन्देश # संगरिया



अग्रवाल महासभा एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में शिव सदन में महाराजा अग्रसेन जयंती उपलक्ष्य में भव्य धार्मिक व सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विजय सिंगला, पुरुषोत्तम भुच्चो वाले, सुभाष अग्रवाल, मीनू गर्ग, डॉ. संजय जिन्दल, सुमन अग्रवाल, राजेंद्र बंसल, कमल गर्ग व मोमन चंद मित्तल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महासभा पदाधिकारियों डॉ. संजय जिन्दल, अशोक कांसल, अविनाश बंसल, प्रदीप सिंगला तथा लवली गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया।

समारोह में शिक्षा, खेल व अन्य क्षेत्रों की 85 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। नवनिर्वाचित पार्षद सीमा गुप्ता, मनीषा गोयल, रेणु जिन्दल तथा संगरिया व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष हेमराज गुप्ता, सचिव मनोज मित्तल, सहसचिव सत्यपाल सिंगला, कोषाध्यक्ष अतुल सिंगला व ब्रिक्स यूनियन अध्यक्ष हिमांशु गोयल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। पत्रकारिता क्षेत्र से योगेंद्र गुप्ता, चिमन गर्ग, सतीश गर्ग, पवन सिंगला व धीरज गोयल का सम्मान हुआ।

महिला मंडल ने महाआरती व 18 गोत्रों की झांकी पेश की। राज आर्ट्स ग्रुप ने धार्मिक नृत्य एवं राजकुमार ग्रुप ने काली माता की झांकी प्रस्तुत की। अग्रवाल परिवार, मुंडेवाला परिवार व एम.एम. ज्वैलर्स द्वारा विभूतियों व कलाकारों का सम्मान किया गया। थाली सजाओ व चित्रकला प्रतियोगिता विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

वक्ताओं ने समाज की एकजुटता, आपसी सहयोग तथा अग्रोहा यात्रा का आह्वान किया। अध्यक्ष डॉ. संजय जिन्दल ने महाराजा अग्रसेन चौक व द्वार निर्माण की मांग रखी तथा जरूरतमंदों हेतु स्वास्थ्य एवं शिक्षा सहायता योजना की जानकारी दी। इस दौरान डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। संचालन सतीश गर्ग ने किया। अंत में सहभोज आयोजित हुआ।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर मोमन चंद अग्रवाल, पूनम चंद मुंडेवाले, सीताराम अग्रवाल, नरेश सिंगला, श्याम मित्तल, पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता, मोहित नागौरी, राजेश गोयल, चरणदास गर्ग, इच्छा कुमार बंसल, रजनीश मुंडेवाले, रामनिवास बंसल, सतविंदर गोयल, रवींद्र जिन्दल, अमित नागौरी, अमन मंगल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अग्रवाल महिला मंडल की प्रेम बंसल, श्वेता गोयल, कुसुम गोयल, अंजू बंसल, रीना, अंजना, मीतू जिन्दल, रेखा सिंगला, सुमन बंसल एवं दीक्षा गर्ग सहित बड़ी संख्या में अग्र बंधु-भगिनियों ने भाग लिया।

भारतीय किसान संघ की बैठक में तीन प्रमुख प्रस्ताव पारित



सीमा सन्देश # रावतसर। भारतीय किसान संघ तहसील इकाई रावतसर की मासिक बैठक सोमवार को धान मंडी स्थित किसान विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष जयवीर गोदारा ने की।

बैठक में सुरेन्द्र पाल सिंह सिद्धू के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तहसील अध्यक्ष जयवीर गोदारा ने समर्थन मूल्य पर नरमा और मूंगफली की खरीद शीघ्र शुरू करने की मांग की। बैठक में रबी सीजन में यूरिया व डीएपी खाद की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करवाना और वितरण में पारदर्शिता लाने, सरकारी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद में हुई धांधली के दोषियों पर कार्यवाही करने, धान मंडी रावतसर की तोल में अवेध कटोती को बन्द करने की मांग की गई। संभाग सदस्य प्रेम सिहाग ने कहा कि किसानों को जागरूक करना ही किसान संघ का मूल उद्देश्य है। संगठित किसान ही शोषण से बच सकता है। तहसील मंत्री जयपाल खोड ने कहा कि सभी ग्राम समितियां हर माह बैठक कर किसानों को जागरूक करें और ग्राम समिति को मजबूत बनाएं। जैविक प्रमुख शिवकुमार पुरोहित ने किसानों से गो-आधारित, जहर-मुक्त खेती अपनाने का आह्वान किया।

बैठक में जिला सदस्य सुरेन्द्र स्वामी, सहमंत्री ताराचन्द उलानिया, बृजलाल स्वामी, लालचन्द स्वामी, ग्राम समिति अध्यक्ष हनुमान पिलानिया, रोताश पूनिया, रामसिंह छिम्पा, महेंद्र भाकर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा भादरा, धूमधाम से निकली श्रीराम बारात



सीमा सन्देश # भादरा। श्री रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन के पांचवें दिन श्रीराम बारात एवं कन्यादान के परंपरागत दृश्यों का भव्य मंचन किया गया। श्रीराम बारात का शुभारंभ गोयल हाइट्स से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। घोड़ों और रथों से सुसज्जित बारात कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। पूर्व पालिकाध्यक्ष स्व. झुमरमल नाहटा के निवास स्थान पर भी बारात का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्षद स्वाति नाहटा ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग, आदर्श और पारिवारिक संस्कारों का प्रतीक है। पालिकाध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे आराध्य होने के साथ ही मर्यादा, आदर्श और संस्कारों के प्रतीक हैं। रामलीला मैदान में बारात पहुंचने पर समिति के सचिव हरिप्रकाश शर्मा एवं संयोजक अनिल चाचाण के नेतृत्व में नागरिकों ने बारात की अगवानी की और भगवान श्रीराम का अभिनंदन किया। कन्यादान की मांगलिक रस्म सुरेंद्र सैनी ने अपने परिवार सहित संपन्न की।

पार्क निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल, ठेकेदार का भुगतान रोकने की मांग

सेठ राधाकृष्ण मंडा पार्क में घटिया निर्माण का आरोप, जांच करवाने की मांग



सीमा सन्देश # नोहर। नगर पालिका नोहर के वार्ड नंबर 38 स्थित नेहरू नगर के सेठ राधाकृष्ण मंडा पार्क में चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए गए हैं। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी को लिखित शिकायत देकर निर्माण कार्य की तकनीकी जांच करवाने और खामियां दूर होने तक संबंधित ठेकेदार का भुगतान रोकने की मांग की गई है। शिकायत में बताया गया है कि पार्क में करवाए जा रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी कमियां सामने आ रही हैं। पार्क की दीवारों पर पत्थर सही तरीके से नहीं लगाए जाने तथा मॉर्निंग वॉक के लिए बनाए गए ट्रैक में भी खामियां होने का आरोप लगाया गया है। इसके चलते पार्क में आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार, ट्रैक की स्थिति के कारण बुजुर्गों के गिरने का खतरा बना हुआ है। शिकायत में नगर पालिका प्रशासन से निर्माण कार्य की तकनीकी जांच करवाकर कमियों को दूर करने तथा आवश्यकता पड़ने पर घटिया निर्माण कार्य को दोबारा करवाने की मांग की गई है। साथ ही कहा गया है कि जांच व गुणवत्ता की पुष्टि होने तक संबंधित ठेकेदार का भुगतान रोका जाए। शिकायतकर्ता ने जनहित में मामले की शीघ्र जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि पार्क का निर्माण निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप पूरा हो सके और आमजन को सुरक्षित सुविधा मिल सके। इस मौके पर वार्ड पार्षद देवीलाल पारीक, आलोक बिबान, शंकर लाल, प्रहलाद सैनी, सुभाष चंद्र सैनी, पवन सैनी, अजय, मजीद सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

गोल्ड गर्ल भारती सहारण ने बढ़ाया रावतसर का गौरव

जिला स्तरीय एथलेटिक्स में जीते 3 गोल्ड मेडल



सीमा सन्देश # रावतसर। सरस्वती विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, रावतसर नयोलखी की छात्रा भारती सहारण ने जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर तीन गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भारती ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष स्वामी ने बताया कि 31वीं जिला स्तरीय 17/19 वर्ष छात्रा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन संगरिया तहसील के गांव तख्त हजारा में किया गया था।

प्रतियोगिता में भारती सहारण ने गोलाफेंक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया व तस्तरी फेंक में भी स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा भारती ने एक अन्य गोलाफेंक स्पर्धा में भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

विद्यालय के संस्थाप्रधान साजनराम स्वामी ने बताया कि भारती ने पिछले वर्ष भी दो गोल्ड मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। भारती की इस सफलता में उनके प्रशिक्षक विनोद पूनिया, एसएमएस स्टेडियम जयपुर के मार्गदर्शन एवं कड़ी मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

साथ ही भारती के पिता केशराराम सहारण का खेल के प्रति प्रोत्साहन तथा विद्यालय का सहयोग भी उसकी सफलता में अहम रहा। भारती की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय स्टाफ और ग्रामीणों ने भारती को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रावतसर में स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष बने सुभाष चंद्र सहदेवड़ा



सीमा सन्देश # रावतसर। स्वर्णकार समाज द्वारा सुभाष चंद्र सहदेवड़ा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। समाज की उपस्थिति में स्वर्णकार समाज रावतसर की कार्यकारिणी गठित कर उप प्रधान भूप सहदेवडा, राजेंद्र भामा, राजाराम जोड़ा, महेंद्र डांवरन, प्रवीण भामा, सचिव ओम जोड़ान, सुरेंद्र कुकरा, कोषाध्यक्ष एडवोकेट नीरज जांगलवा, संरक्षकन सलाहकार, मंत्रीन महामंत्री, महासचिव प्रवक्ता आदि नियुक्त किए गए। बैठक में समाज के जेठाराम जांगलवा, शंकर कड़ोलन, हंसराज, सहदेवडा, जगदीश जांगलवान, द्वारका कडोल, मंसाराम कड़ोल, हनुमान सहदेवडा, शिशपाल भामान, सांवरमल नारनोली सहित समाजबंधू मौजूद रहे।

पीलीबंगा रेलवे स्टेशन से यात्री का अपहरण

सीमा सन्देश # पीलीबंगा/18 एसपीडी। पीलीबंगा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरे सुरेंद्र कुमार का बदमाशों ने अपहरण कर लिया। आरोपी उसे गाड़ी में बैठाकर नहर के पास ले गए, जहां लाठी-डंडों से मारपीट कर सोने के जेवरात, जरूरी दस्तावेज और 1.43 लाख रुपये लूट लिए। इसके बाद उसे बंधक बनाकर रखा गया। पीड़ित की अदालत के इस्तगासे पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मारवाड़ चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति का एसकेडी विश्वविद्यालय में किया गया स्वागत

शिक्षा, अनुसंधान और संस्थागत सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़



श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में सोमवार को मारवाड़ चिकित्सा विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति डॉ. महेंद्र कुमार असेरी के आगमन पर स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा के नेतृत्व में आयोजित समारोह में विश्वविद्यालय परिवार की ओर से डॉ. असेरी का गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया गया।

समारोह में गुड डे डिफेंस सैनिक स्कूल के एनसीसी एवं एनएसएस विद्यार्थियों ने बैंड की धुन पर अनुशासित परेड प्रस्तुत कर अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. महेंद्र कुमार असेरी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के बीच आपसी सहयोग, विचारों का आदान-प्रदान और शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान और शोध के अवसर उपलब्ध करवाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नवाचार और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए। श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि शिक्षा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम है। उच्च शिक्षण संस्थानों का दायित्व केवल विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना का विकास करना भी है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों के बीच संवाद और सहयोग से शिक्षा, अनुसंधान तथा विद्यार्थियों के विकास के नए अवसर सृजित होते हैं। ऐसे आयोजन शैक्षणिक संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ज्ञान के आदान-प्रदान से विद्यार्थियों को मिलेगी नई दिशा: श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय के एमडी दिनेश कुमार जुनेजा ने कहा कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। वर्तमान समय में उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग और ज्ञान का आदान-प्रदान अत्यंत आवश्यक है। समारोह में विश्वविद्यालय की डिप्टी एमडी पूजा जुनेजा, सिमरन जुनेजा, कुलपति प्रो. डॉ. अमरजीत सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. मयंक माथुर, ईडी विभूति नारायण, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. अवधेश शर्मा, डॉ. मंगीलाल, डिप्टी रजिस्ट्रार सुरेंद्र अरोड़ा, डिप्टी रजिस्ट्रार सुनील बिरट, गुड डे डिफेंस सैनिक स्कूल के प्रशासक अनुराग छाबड़ा तथा जीआर शर्मा सहित पैरामेडिकल कॉलेज के प्रतिनिधि और विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

नहर में डूबने से युवक की मौत, 24 घंटे बाद मिला शव

सीमा सन्देश # पल्लू। तहसील क्षेत्र के पूरबसर गांव निवासी 20 वर्षीय कमल किशोर पुत्र हंसराज रिवाड़ का शव रविवार शाम कुम्भाराम आर्य लिफ्ट कैनाल में मिला। आपदा प्रबंधन की टीम ने करीब 24 घंटे की मशक्कत के बाद शव बरामद किया।

जानकारी के अनुसार कमल किशोर शनिवार 10 अक्टूबर को दोपहर करीब दो बजे घर से स्कूटी लेकर स्कूल जाने का कहकर निकला था। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

इस दौरान धन्नासर पुलिस चौकी के पास नहर के पटड़े पर उसकी स्कूटी और चप्पल मिलीं। इससे उसके नहर में गिरने की आशंका हुई। सूचना मिलने पर धन्नासर चौकी प्रभारी मांगेराम के नेतृत्व में पुलिस जवानों, आपदा प्रबंधन की टीम और परिजनों ने नहर में तलाश शुरू की। रविवार शाम को टीम को कमल किशोर का शव मिल गया। पुलिस ने शव रावतसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के ताऊ विजयसिंह ने पुलिस को परिवाद दिया। इसके आधार पर पुलिस ने अप्राकृतिक मानव मृत्यु का मामला मानते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत मर्ग दर्ज की।

कमल किशोर अपने पिता का इकलौता पुत्र था। उसके पिता हंसराज रिवाड़ गांव के राजकीय विद्यालय में शिक्षक हैं, जबकि बहन मनीषा पल्लू स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा में कनिष्ठ लिपिक है। कमल किशोर पिछले एक वर्ष से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। घटना के बाद परिवार में शोक छा गया।

पालिकाध्यक्ष देवीलाल मेघवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक, 23 सूत्रीय विकास प्रस्तावों में स्थायी बस स्टैंड, जल निकासी, सड़क-नाली और स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर

टिब्बी नगरपालिका की साधारण सभा में सफाई व्यवस्था पर पार्षदों की नाराजगी, खेल मैदान का होगा कायाकल्प

सीमा सन्देश # टिब्बी

टिब्बी नगरपालिका मंडल की साधारण सभा की पहली बैठक सोमवार को पालिकाध्यक्ष देवीलाल मेघवाल की अध्यक्षता में नगरपालिका सभागार में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक अभिमन्यु पूनिया ने भी शिरकत की। इस दौरान शहर के विकास और जनसमस्याओं को लेकर पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं प्रमुखता से उठाईं।

बैठक में पुराने खेल मैदान में मिट्टी भर्ती करवाकर उसका सौंदर्यीकरण करना, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करना और शहर में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना प्रमुख मुद्दे रहे। बैठक में ईओ सुनील कुमार सैनी, सुमित्रा छिंपा, रोमिल और हरवंश सिंह ने नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों का स्वागत किया। इसके बाद पार्षदों ने सड़क, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, पेयजल और गंदे पानी की निकासी सहित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। पार्षदों ने एक सुर में शहर की मौजूदा सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार की मांग की।

उन्होंने सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, कचरा उठाव के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध करवाने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

पुराने खेल मैदान का सौंदर्यीकरण और स्थायी बस स्टैंड का मुद्दा उठा : वार्ड 17 के पार्षद प्रभुराम ने टिब्बी के पुराने खेल मैदान में मिट्टी भर्ती करवाकर उसका सौंदर्यीकरण करने और जोहड़ के पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग उठाई। उन्होंने कस्बे में कक्षा 9 से 12 तक हिंदी माध्यम के



सरकारी विद्यालय की सुविधा नहीं होने का मुद्दा उठाते हुए इसकी आवश्यकता बताई। साथ ही टिब्बी में स्थायी बस स्टैंड का निर्माण करवाने और रोडवेज बसों का ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने अपने वार्ड में सड़क, नाली और सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को भी सदन के समक्ष रखा। उपाध्यक्ष पूनम शेखावत ने वार्ड में पेयजल समस्या, सफाई व्यवस्था, स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के जर्जर भवन, बालिका विद्यालय में मिट्टी भर्ती करवाने तथा शौचालय निर्माण जैसे मुद्दे उठाए। पार्षद भोला सिंह बाजीगर ने दूषित पेयजल से निजात दिलाने, बस स्टैंड की व्यवस्था, गंदे पानी की निकासी, बंद पड़े वाटर हार्वेस्टिंग बोरवेल चालू करवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना की बकाया किश्तें जारी करवाने तथा संबंधित वार्डों में लाल लकीर की सीमा से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग रखी। पार्षद सुशील कुमार ने वार्ड की स्थानीय समस्याओं के साथ कल्याण भूमि में शेड निर्माण का मुद्दा उठाया। पार्षद एडवोकेट भंवर लाल गौड़ ने शिक्षा व्यवस्था, पुराने खेल मैदान के सौंदर्यीकरण, सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी, पीएचईडी की ओर से पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत, स्थायी बस स्टैंड और गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था करने की मांग रखी। पार्षद गजेंद्र सिंह राठौड़ ने भी पुराने खेल मैदान के सौंदर्यीकरण पर जोर दिया।

23 सूत्रीय विकास प्रस्तावों में सफाई और बुनियादी सुविधाओं पर फोकस : नगरपालिका के समग्र विकास और जनहित से जुड़े 23 सूत्रीय विकास प्रस्तावों में शहर को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर बुनियादी सुविधाओं से युक्त बनाने पर जोर दिया गया। स्वच्छता व्यवस्था के तहत सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाने, अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों और शहरी नरेगा श्रमिकों की सेवाएं लेने, नियमित सफाई के लिए 80 कर्मचारियों की व्यवस्था करने तथा कचरा उठाने के लिए अतिरिक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोडर मशीनें उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव शामिल है। घर-घर कचरा संग्रहण, कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण और सफाई कार्यों में लगे मेटों की जवाबदेही तय करने पर भी जोर दिया गया। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए हनुमानगढ़-ऐलनाबाद और संगरिया-रावतसर मुख्य मार्गों का सौंदर्यीकरण, सीसी ब्लॉक सड़कों का निर्माण, क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत तथा जोहड़ के पायतन क्षेत्र से बड़ी पाइपलाइन डालकर स्थायी जल निकासी की व्यवस्था करने के प्रस्ताव रखे गए। शहर की सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रमुख चौराहों व प्रवेश मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, सभी वार्डों की खराब स्ट्रीट लाइटें ठीक करवाने और प्रमुख स्थानों सहित गुरुद्वारा साहिब गली में हाईमास्ट लाइटें लगवाने की योजना भी प्रस्तावों में शामिल है। सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार के तहत स्थायी बस स्टैंड का निर्माण, पुराने खेल मैदान को आदर्श खेल परिसर के रूप में विकसित करना, रामलीला मैदान और रामदेव मोहल्ले का सौंदर्यीकरण, ओपन जिम तथा पुस्तकालय की स्थापना प्रस्तावित है। भगत सिंह चौक से वेटरनरी अस्पताल तक सार्वजनिक शौचालय निर्माण, दोनों कल्याण भूमियों का विकास और हरित टिब्बी अभियान के तहत व्यापक पौधारोपण करने की योजना भी रखी गई है। इसके अतिरिक्त पात्र नागरिकों को आवासीय पट्टे दिलवाने, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टिब्बी में रिक्त पद भरवाने तथा ट्रॉमा सेंटर की स्थापना की मांग को भी विकास प्रस्तावों में प्रमुखता दी गई। बैठक में उठाए गए मुद्दों और प्रस्तावों के माध्यम से शहर की सफाई, जल निकासी, यातायात, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य नागरिक सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में पार्षद प्रदीप सुथार, हरदीप सिंह बग्गा, सुशील गोदारा, मधु प्रकाश अरोड़ा, निशा, संजय कुमार, विकास कुमार, अमरीक सिंह, छिद्र कौर, मंजू, सर्वजीत कौर और बलजीत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

बीएसएनएल का सिस्टम ठप, सेवाएं कोमा में, सप्ताहभर से नेटवर्क गायब

सीमा सन्देश # मिर्जावाली मेर। गांव में सस्ती और बेहतर सेवाएं देने का दावा करने वाली बीएसएनएल की नेटवर्क सेवा ठप होने से उपभोक्ता परेशान हैं। गांव में पिछले एक सप्ताह से नेटवर्क गायब है। इससे बीएसएनएल ग्राहकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ता इस बात को लेकर चिंतित हैं कि आखिर कंपनी उनकी समस्याओं पर कब ध्यान देगी। ग्रामीणों के अनुसार, नेटवर्क की समस्या के बावजूद विभागीय अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। इसके चलते ग्राहकों को जरूरी फोन कॉल करने और मोबाइल सेवाओं का उपयोग करने में परेशानी हो रही है। नेटवर्क की बदहाल स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बीएसएनएल से दूसरी कंपनी में नंबर पोर्ट करवाने के लिए भी उपभोक्ताओं को गांव से बाहर बाजार या ऐसे क्षेत्र में जाना पड़ रहा है, जहां बीएसएनएल के टावर का नेटवर्क उपलब्ध हो। वहां नेटवर्क आने पर ही पोर्टिंग का संदेश भेजना संभव हो पा रहा है। ग्राहकों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही और नेटवर्क समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बीएसएनएल के उपभोक्ताओं की संख्या लगातार घट सकती है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि विभाग जल्द नेटवर्क व्यवस्था दुरुस्त कर उन्हें राहत देगा।

कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन



सीमा सन्देश # मिर्जावाली मेर। पंचायती राज चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता मतदाताओं से संपर्क साधने और समर्थन जुटाने के लिए गांवों का रुख कर रहे हैं। सोमवार को गांव मिर्जावाली मेर में कांग्रेस समर्थित चुनाव कार्यालय का उद्घाटन विधायक अभिमन्यु पूनिया ने किया। कार्यक्रम का आयोजन पार्टी के युवा कार्यकर्ता कमलेश कुमार की ओर से किया गया। इसमें गांव के गणमान्य नागरिकों और जोन संख्या 23 के दावेदारों ने भाग लिया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने पंचायती राज चुनाव में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने और उन्हें समर्थन देने की अपील की। कार्यालय उद्घाटन के दौरान वक्ताओं ने युवा कार्यकर्ता कमलेश कुमार की सराहना की।

नोहर में महंगी गाड़ी और मोबाइल के शौक ने चढ़ाया कर्ज

सीमा सन्देश # नोहर। महंगी गाड़ी और मोबाइल रखने के शौक के चलते कर्ज में डूबे एक युवक ने कर्ज चुकाने के लिए अपने ही घर में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। नोहर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। थाना प्रभारी जगदीश पांडर ने बताया कि आरोपी की पहचान सुमित उर्फ मिट्ठू (20) पुत्र बाबूलाल रेगर, निवासी वार्ड नंबर 14, नोहर के रूप में हुई है।

मामले में परिवादी बाबूलाल रेगर ने 1 सितंबर 2026 को नोहर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह पंचायत समिति रोड स्थित अपनी दुकान पर गया हुआ था। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति उसके घर से अटैची चोरी कर ले गया। अटैची में 40 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण और जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मानवीय एवं तकनीकी सूचनाओं तथा सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि महंगी गाड़ी और मोबाइल रखने के शौक के कारण उस पर कर्ज हो गया था।

नोहर में दूषित पानी की सप्लाई के विरोध में कांग्रेसी पार्षदों का धरना शुरू

सीमा सन्देश # नोहर



शहर में दूषित पानी की सप्लाई और नियमित जलापूर्ति नहीं होने की समस्या को लेकर कांग्रेस पार्षद महबूब आईतान के नेतृत्व में कांग्रेसी पार्षदों ने सोमवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (जलदाय विभाग) के अधिशाषी अभियंता कार्यालय के समक्ष धरना लगाया। कांग्रेस की पार्षद दूषित पानी की बोतल लेकर विभाग पहुंचे। धरना स्थल पर सरकार व अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी भी की की गई। शहर में गंदे पानी की सप्लाई और अनियमित जलापूर्ति से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में भी नाराजगी है। इसी के विरोध में कांग्रेस पार्षदों ने धरना शुरू कर जलदाय विभाग से पेयजल व्यवस्था में सुधार करने की मांग उठाई है। धरने पर बैठे पार्षदों की प्रमुख मांग थी कि शहरवासियों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जाए तथा दूषित पानी की सप्लाई की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से जुड़ी इस समस्या पर विभाग तत्काल कार्रवाई करे, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस मौके पर अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में मांगों पर सहमति बनने के बाद धरना समाप्त किया गया। अधिकारियों ने पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि अगले पांच दिनों में सभी वार्डों में स्वच्छ एवं सुचारू जलापूर्ति बहाल करने के प्रयास किए जाएंगे। अधिकारियों ने यह भी कहा कि यदि तय समय में समस्या का समाधान नहीं होता है तो पार्षद उन्हें दोबारा अवगत कराएं। पार्षद महबूब आईतान ने कल्ली भट्टे के पास स्थित क्षेत्र सहित वार्ड में अनियमित जलापूर्ति का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि वार्ड के आधे हिस्से में पानी नहीं पहुंचता, जबकि कुछ गलियों में कम प्रेशर से पानी आता है। उन्होंने वार्ड 26, 27 व 28 में नियमित जलापूर्ति के साथ पानी सप्लाई का समय निर्धारित करने की मांग की। इस मौके पर पार्षद ओमप्रकाश सुथार, महबूब आईतान, रणजीत भाटी, नियामत अली, रविन्द्र पंडा, सतार खां, रमेश शास्त्री, जगदीश सेवग, अंकित मेघवाल, रुपाराम सैनी, छोटू कौशिक, सुभाष सारस्वत, असलम कुरैशी, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष आरिफ टांक, प्रेम सैनी, इकबाल खां,संतलाल खाती, गणेशाराम नायक,भादर खां सहित कार्यकर्ता भी धरने में शामिल हुए।

सरपंच बनने की होड़, सोशल मीडिया पर समर्थन जुटाने में लगे भावी दावेदार

सीमा सन्देश # मिर्जावाली मेर। पंचायत समिति टिब्बी की ग्राम पंचायत मिर्जावाली मेर में सरपंच बनने की होड़ सोशल मीडिया तक पहुंच गई है। पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्य के चुनाव 14 नवंबर को तथा सरपंच-पंच के चुनाव 16 नवंबर को होने हैं। चुनावों को लेकर गांव में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वहीं, आरक्षण की लॉटरी ने कई नेताओं के चुनावी समीकरण बदल दिए हैं। पंचायत चुनाव में सरपंच, पंच, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के लिए निर्धारित आरक्षण ने चुनाव लड़ने की उम्मीद लगाए बैठे कई नेताओं को झटका दिया है। ग्राम पंचायत मिजार्वाली मेर में सरपंच पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने के बाद अब इस वर्ग के नेताओं में सरपंच बनने की ललक बढ़ गई है। वहीं, पिछले चुनावों में मैदान में उतर चुके कई उम्मीदवारों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। भाजपा, कांग्रेस और माकपा में टिकट के लिए आवेदन किए जा चुके हैं। अब दावेदारों की निगाहें पार्टी के निर्णय पर टिकी हैं। जिला परिषद सदस्य के जोन 23 में कांग्रेस समर्थित टिकट के दावेदारों ने भी जनसंपर्क तेज कर दिया है।

नोहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं की बैठक आज

सीमा सन्देश # नोहर। पंचायती राज चुनावों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नोहर की ओर से मंगलवार, 13 अक्टूबर को सुबह 10 बजे रामा मैरिज पैलेस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में पंचायती राज चुनावों की तैयारियों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की जाएगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनवारी सुथार ने बताया कि बैठक में नोहर विधायक अमित चाचाण, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष मक्कासर तथा विधानसभा प्रभारी सद्दाम हुसैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य का चुनाव लड़ने के इच्छुक कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पंचायत के पूर्व सदस्यों को बैठक में आमंत्रित किया गया है। बैठक को आगामी पंचायती राज चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस संगठन की तैयारियों व चुनावी रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नोहर ने सभी आमंत्रित कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर बैठक में पहुंचने की अपील की है।

मेडल विजेता खिलाड़ियों का स्वागत कर गांव में निकाली विजय रैली

सीमा सन्देश # चारणवासी। गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल प्रांगण में नुकेरा (संगरिया) में आयोजित 19 वर्षीय छात्रा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रिले दौड़ में कक्षा 12वीं की मोनिका व डिंपल तथा कक्षा 10वीं की भावना व रेणू ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं 100 मीटर दौड़ में मोनिका ने स्वर्ण पदक, लंबी कूद में रजत पदक तथा 3000 मीटर दौड़ में डिंपल ने कांस्य पदक जीता था खिलाड़ियों,साथ गई अध्यापिका ममता सिहाग, शारिरीक शिक्षक मोहनलाल चौहान का प्रधानाचार्य महेश कुमार सहू के नेतृत्व में स्टाफ ने का माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर



अभिनंदन किया। पश्चात स्कूल द्वार से ट्रॉफी के साथ वाहन में सवार खिलाड़ियों, अध्यापिका व पीटीआई व डीजे की अगुवाई वाली रैली को प्रधानाचार्य महेश कुमार सहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीजे की धुनों के बीच गांव की मुख्य गलियों से होकर गुजरी इस रैली में बच्चों और ग्रामीणों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। जगह-जगह ग्रामीण महिलाओं और लड़कियों ने खिलाड़ियों को माला पहनाकर अभिनंदन किया, वहीं ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर बेटियों का हौसला बढ़ाया। रैली के दौरान कई स्थानों पर जलपान की व्यवस्था की गई तथा खिलाड़ियों के परिवारों की महिलाओं ने खुशी में झूमते हुए पारंपरिक नृत्य किया। गांव में किसी खेल प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा पहली बार इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करने पर हर कोई गौरवान्वित महसूस कर रहा था। प्रधानाचार्य ने कहा कि हमारी बेटियां आज हर क्षेत्र में मील के पत्थर साबित हो रही हैं। विद्यालय की इन होनहार छात्राओं ने न केवल अपने स्कूल का, बल्कि पूरे चारणवासी गांव का मान बढ़ाया है। गांव भर का भ्रमण कर विजयी रैली पुनः स्कूल प्रांगण में संपन्न हुई। इस दौरान बंसीधर शर्मा, मुकेश कुमार सुथार, विकास पारीक, अभिषेक मोदी, अनिल कुमार खाती, जगदीश, सतीश कुमार, सुखवीर सिंह, सुमन वर्मा, सुनील कुमार, सुशील कुमार गोदारा, रेणुका, पूनम, सतीश खीचड़ सहित उपस्थित रहे।

चिट्टे की खेप का मुख्य सप्लायर पंजाब से गिरफ्तार

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। पुलिस थाना पीलीबंगा की टीम ने पाकिस्तान सीमा से हेरोइन की खेप हासिल कर राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में सप्लाई करने वाले गिरोह के कथित मुख्य सप्लायर को पंजाब के तरणतारण से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अविनाश उर्फ गोंगलू (19) पुत्र बलकार सिंह, निवासी नौशारा ढाला, जिला तरणतारण (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पंजाब में हेरोइन तस्करी के दो मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार 25 सितंबर को हनुमानगढ़ जंक्शन पुलिस थाना क्षेत्र में आरोपी रांझे खां उर्फ रांझू खां के कब्जे से 1.546 किलोग्राम हेरोइन (चिट्टा), एक चाइनीज पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे। इस संबंध में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ था। अनुसंधान पीलीबंगा थानाधिकारी रायसिंह को सौंपा गया था। प्रकरण में वांछित हाकम उर्फ हाकू निवासी सूरतगढ़ और सोहेल खां निवासी सूरतगढ़ को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब कथित मुख्य सप्लायर अविनाश उर्फ गोंगलू की गिरफ्तारी हुई है। प्रकरण में वांछित राजन वाल्मीकि निवासी सूरतगढ़, अमीर खान निवासी उदयपुर गोदारान, जहीर खान निवासी बिरदवाला स्टेशन और मनदीप सिंह निवासी तरणतारण (पंजाब) फरार है। पुलिस ने इन पर 2-2 हजार रुपए इनाम घोषित किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी रायसिंह, उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार तथा कांस्टेबल मनीष कुमार और रविदर्शन शामिल रहे।

शुद्ध पेयजल, बस स्टैंड और जल निकासी का मुद्दा उठाया



सीमा सन्देश # टिब्बी। नगर पालिका टिब्बी की सदन सभा की बैठक में वार्ड नंबर 6 के पार्षद एवं विपक्ष के नेता भोला सिंह बाजीगर ने शहर के सौंदर्यीकरण और जनसुविधाओं से जुड़े प्रमुख मुद्दे उठाए। उन्होंने समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अधिशाषी अधिकारी को लिखित पत्र सौंपा और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। पार्षद बाजीगर ने शहरवासियों के लिए शोरामुक्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने, टिब्बी में स्थायी बस स्टैंड का निर्माण करवाने, गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करने तथा बंद पड़े बोरवेल और चैंबरों को खुलवाने की मांग रखी। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय ग्राउंड का सौंदर्यीकरण करवाकर वहां पार्क विकसित करने और प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों के खातों में बकाया किस्तों की राशि जमा करवाने का मुद्दा भी उठाया। पार्षद भोला सिंह बाजीगर ने कहा कि शहर में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने और आमजन को राहत देने के लिए इन समस्याओं का समाधान जरूरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जनहित के मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

आयुक्त का पद रिक्त होने से सफाई भर्ती के अभ्यर्थी परेशान

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। नगर परिषद में आयुक्त का पद रिक्त होने से प्रशासनिक कार्य प्रभावित होने के साथ सफाई कर्मचारी भर्ती के अभ्यर्थियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में सोमवार को जंक्शन निवासी आकाश नायक ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर नगर परिषद में किसी योग्य एवं सक्षम अधिकारी को आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार सौंपने तथा संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों के अनुभव प्रमाण-पत्र जारी करवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। आकाश नायक के अनुसार नगर परिषद में संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को सफाई कर्मचारी भर्ती के लिए आवेदन करने के दौरान अपने पूर्व कार्य-अनुभव के प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है।

तीसरी बार नगर पालिका के अध्यक्ष बनने पर दी सोने की अंगूठी, मिलकर काम करने का दिया सन्देश

व्यापार मंडल धर्मशाला भवन में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन

सीमा सन्देश # रावतसर





व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार न्योल के नेतृत्व में धान मंडी के व्यापारियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष नीलम हरवीर सारण व उप चेयरमैन गुरजीत सिंह एडवोकेट, कृषि उपज मंडी सचिव सुरेन्द्र खोथ, हनुमत सारण का व्यापार मंडल द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष नीलम हरवीर सहारण, उपाध्यक्ष गुरजीत सिंह विडंग एडवोकेट को व्यापार मंडल द्वारा माला साफा पहनाकर सोल देकर स्वागत कर शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में मंच पर समिति व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार न्योल हेतराम गिला, एड. साहबराम कड़वासरा, दिनेश सोमानी, भेरूसिंह बेहडा, सादूल सिंह मटोरीया सहित गणमान्यजन मौजूद रहे। पदाधिकारी एवं सदस्य भी समारोह में उपस्थित रहीं। नगर पालिका अध्यक्ष नीलम सहारण को तीसरी बार नगर पालिका के अध्यक्ष बनने पर सोने कि अंगूठी एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। मंचासीन सभी अतिथियों का भी माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। चेयरमैन नीलम सारण, ने कहा कि आपने मेरे को जो चुनाव में एक तरफा जीत देखकर मेरा मान बढ़ाया है मैं आपके साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलूंगी विकास के लिए पीछे नहीं हटूंगी आप कहिए काम में कराऊंगी

दमकल गाड़ी उपलब्ध करवाने का आश्वासन : कृषि उपज मंडी सचिव ने कहा कि रावतसर व ग्रामीण क्षेत्र बहुत बड़ा है इसमें फायर ब्रिगेड गाड़ी कि अति आवश्यकता है नरमा कपास अन्य में आग जलनी होती है तो हनुमानगढ़, नोहर,पिलीबगा से फायर ब्रिगेड विभाग द्वारा गाड़ी मंगानी पड़ती है । इसमें समय लगता है। इसीलिए नगर पालिका से फायर ब्रिगेड गाड़ी उपलब्ध करवाई जाए। नगर पालिका अध्यक्ष नीलम सहारण ने दिया आश्वासन की जल से जल दमकल गाड़ी की व्यवस्था करवाई जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष नीलम हरवीर सहारण ने व्यापार मंडल रावतसर को आश्वस्त किया कि मंडी में सड़क निर्माण, नाला सुधारने, नो बीघा मंडी कि जगह के संबंध में निर्णय बोर्ड द्वारा लिया जाएगा। हनुमत सारण ने कहा कि रावतसर नगर पालिका क्षेत्र में सुंदर कारण होगा हम आप के साथ मिलकर काम करेंगे। व्यापार मंडल की ओर से साहबराम कड़वासरा ने सभी जनप्रतिनिधियों के सफल कार्यकाल की मंगलकामना की गई। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार न्योल,साहबराम कड़वासरा, दिनेश सोमानी, भेरूसिंह बेहडा, सरजीत न्योल, हरपाल सिहाग, घनश्याम भोपाल, सुरेश सोमानी, रायसिंह बाजीया, राजेश सोमानी,नथु राम न्योल, सुरेंद्र सिहाग, निकु भाट,राजेंद्र खोथ, आशाराम टाडी, रंग लाल बिश्नोई ने मंच का संचालन किया, जय नारायण गोदारा अन्य व्यापार मंडल के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

एसकेडीयू में उन्नत गेहूं बीज वितरण कृषक मेला कल

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय की ओर से किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों एवं गुणवत्तापूर्ण बीजों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 अक्टूबर को उन्नत गेहूं बीज वितरण कृषक मेले का आयोजन किया जाएगा। किसान अपनी कृषि संबंधी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं को लेकर विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर समाधान भी प्राप्त कर सकेंगे। मेले की प्रमुख विशेषता उन्नत गेहूं की किस्मों के बीजों का वितरण रहेगा। इसके तहत डीबीडब्ल्यू 327, डीबीडब्ल्यू 303, पीबीडब्ल्यू 826, पीबीडब्ल्यू 872, एचडी 2851, राज 1482 तथा राज 3077 किस्मों के बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे। बीजों का वितरण 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा के क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभाना है। गेहूं बीज वितरण कृषक मेले के माध्यम से किसानों को कृषि वैज्ञानिकों से सीधे संवाद करने तथा उन्नत बीजों एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

विश्वविद्यालय का प्रयास है कि कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच सीधा संवाद स्थापित हो, ताकि किसानों तक आधुनिक कृषि ज्ञान एवं नई तकनीकों की जानकारी पहुंच सके।

पदमपुरः ताड़का के खौफनाक रूप ने दर्शकों को चौंकाया



सीमा सन्देश # पदमपुर

नगर पालिका प्रांगण स्थित श्री रामा नाटक मंच पर रामलीला के तीसरे दिन ताड़का वध और मारीच-सुबाहु प्रसंग का जीवंत मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवरात्रा स्थापना पर मां दुर्गा की भव्य झांकी प्रस्तुत कर किया गया। मंचन के दौरान कलाकारों ने ताड़का के नौ अलग-अलग खौफनाक रूप और ह्यभूत बंगलाह्न मंजर का हाईटेक तरीके से ऐसा जबरदस्त अभिनय प्रस्तुत किया कि उपस्थित सैंकड़ों दर्शक आश्चर्यचकित और भयभीत हो गए। ताड़का की मुख्य भूमिका ललित हरवानी ने निभाई, जबकि अघोरी ताड़का ग्रुप के कलाकारों ने अपनी पूरी तैयारियों के साथ खौफनाक दृश्य पेश किए। ताड़का वध के इस विशेष दृश्य को देखने आए लोग अपने मोबाइल कैमरों में इसे कैद करते नजर आए। जैसे ही स्टेज पर श्री राम और लक्ष्मण की भव्य एंट्री हुई, दर्शकों ने खड़े होकर पुष्प वर्षा के साथ उनका उत्साहजनक अभिनंदन किया। इसके बाद जब श्री राम ने ताड़का का वध किया, तो पूरा पंडाल हजारों दर्शकों के सामूहिक ह्यजय श्री रामह्ल के जयघोष से गूंज उठा। प्रसंग में चिरंजीवी गुप्ता (श्री राम), काका मदान (लक्ष्मण), संजय गेरा (ऋषि-मुनि), मनोज शर्मा (दशरथ), ललित तनेजा (मारीच), कार्तिक बलाना (सुबाहु) के साथ रवि राठौर, कान्हा हरवानी, गौतम निनानिया, वीरेन गेरा और रोहित जोशी आदि कलाकारों ने अपने अद्भुत अभिनय से दर्शकों के दिलो-दिमाग पर अमिट छाप छोड़ी।

गांव मुकन के बालाजी धाम में जागरण में उमड़े श्रद्धालु



सीमा सन्देश # मुकन

गांव एक एफसी मुकन में श्री बालाजी महाराज के जागरण में गायक सोनू सरगम (पंजाब) व मास्टर जस्सी म्यूजिकल ग्रुप पार्टी ने बाबा का गुणगान किया। हैप्पी झांकी ग्रुप मलोट से बाबा की झांकी प्रस्तुत की गई। पंडित ऋषि शर्मा ने श्री राम कीर्तन व सुंदरकांड का पाठ किया। भगत अमरजीत सोलंकी ने सेवादारों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। सर्किल स्टाइल कब्बड्डी प्रतियोगिता (70 किग्रा) का भी आयोजन किया गया।

कबड्डी से पहले रस्साकशी प्रति. हुई। दानेवाला की टीम विजेता रही एवं 20 जैड की टीम उप विजेता रही। सर्किल स्टाइल कबड्डी (32 किग्रा) प्रतियोगिता में पक्कासारण विजेता व कमरानिया की टीम उपविजेता रही। ट्रॉफी एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। रविवार सुबह रात्रि तक लंगर बरताया गया।

महाराजा अग्रसेन जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित



सीमा सन्देश # सादुलशहर

महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवंश सेवा परिवार के तत्वावधान में रविवार रात्रि व्यापार मंडल परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। रंग-बिरंगी लाइट्स व भव्य प्रवेश द्वार से सजे परिसर में लड़ीवार पटाखों व आतिशबाजी के साथ उत्सव की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में शाम 7:30 बजे वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद महिलाओं के लिए विभिन्न गेम्स, हंसी-मजाक, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता तथा पुरस्कार वितरण हुआ। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों व बच्चों को उपहार दिये गये। सामूहिक डांडिया एवं गरबा नृत्य महिलाओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। समारोह में पालिका चेयरमैन श्रीमती मनीषा खीचड, डॉ. बीबी गुप्ता, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन मित्तल, मैनेजर दीपक अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप सिंगला, सचिव पुनीत गुप्ता, संरक्षक रतनलाल गोयल, पूर्व संरक्षक सुनील अग्रवाल, प्रवक्ता प्रवेश गोयल, गिरधारी काकडिया, हर्ष बंसल, महावीर गोयल, अनुज गोयल, वकील चौधरी, रोहित गर्ग मंत्री, नवीन गोयल, साहिल गुप्ता, पूर्व चौधरी, कमल गोयल, विजय गोयल, प्रेम गर्ग तथा प्रकाश चंद्र गोयल सहित समाज के अनेक नागरिक मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन वैद्य सुनील गोयल ने किया। अंत में सभी ने सामूहिक भोज का आनंद लिया।

पालिका के कमरे का ताला तोड़ने पर शुरू हुआ था विवाद, कांग्रेस ने किया था बंद का आह्वान

गजसिंहपुरः नगरपालिका चेयरमैन व पार्षदों पर दर्ज मुकद्दमे के विरोध में बंद रहीं दुकानें

सीमा सन्देश # गजसिंहपुर



नगरपालिका के नवनिर्मित कमरे का ताला तोड़ने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को मुकदमे के विरोध और उसे वापस लेने की मांग को लेकर गजसिंहपुर लगभग पूर्णतः बंद रहा, जबकि धान मंडी भी आधे दिन बंद रही। सब्जी, किरयाना और आढ़त सहित अधिकांश दुकानें बंद रहीं, वहीं मेडिकल स्टोर खुले रहे। इस बंद का आह्वान कांग्रेस की ओर से किया गया था। कांग्रेस कार्यकर्ता सब्जी मंडी की मुख्य गली में धरना लगाकर बैठ गए। धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं ने अधिशाषी अधिकारी लाजपत बिश्नोई की ओर से नगरपालिका मंडल के सदस्यों के खिलाफ दर्ज करवाए गए मुकदमे में निष्पक्ष जांच करने तथा मुकदमा वापस लेने की मांग उठाई। गौरतलब है कि नगरपालिका के कमरे की चाबी और ताला तोड़ने को लेकर नगरपालिका प्रशासन व कांग्रेस के बीच विवाद गहरा गया था। कमरे का ताला तोड़कर तलाशी लेने के मामले में नगरपालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया था।

पूर्व मंत्री टीटी से मिला शिष्टमंडल : व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र प्रकाश शर्मा सहित एक शिष्टमंडल पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी के निवास पर पहुंचा। शिष्टमंडल ने उनसे मुलाकात कर कस्बे में अमन-शांति बनाए रखने तथा विवाद का समाधान करवाने की बात रखी। इस पर पूर्व मंत्री ने कहा कि शिष्टमंडल को अधिशाषी अधिकारी लाजपत बिश्नोई से बातचीत कर मामले का समाधान निकालने का प्रयास करना चाहिए।

कलक्टर को मामले से अवगत करवायाः गजसिंहपुर नगर पालिका ईओ द्वारा 15 पार्षदों व अन्य व्यक्तियों पर थाना गजसिंहपुर में दर्ज केस को लेकर एक तरफ व्यापार मंडल सुलह के प्रयास कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ कई पार्षदों व नागरिकों ने तहसीलदार के मार्फत जिला कलक्टर को पत्र भेजकर ईओ को गजसिंहपुर से हटाने, मामले की जांच श्रीकरणपुर से बाहर करवाने की मांग की है। मांग पूरी न होने पर मंडी अनिश्चितकाल के लिए बंद करने की चेतावनी भी दी गई है।

श्रीविजयनगरः 25 वर्षों बाद कांग्रेस का बोर्ड गठित, भव्य स्वागत समारोह में उमड़ी भीड़

सुशील मिड्ढा ने संभाला पालिका अध्यक्ष पद का कार्यभार

राजन लुहानी





सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। स्थानीय नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील कुमार मिड्ढा ने सोमवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ नगर पालिका कार्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर पालिका प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह में क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों तथा कांग्रेस कार्यकताओं ने भारी संख्या में भाग लिया। समारोह में सूरतगढ़, रायसिंहनगर, जैतसर, अनूपगढ़, रामसिंहपुर, रावला, घड़साना एवं पंजाब सहित आसपास के क्षेत्रों से आए अतिथियों और कार्यकत्ताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माल्यार्पण एवं पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। श्रीविजयनगर नगर पालिका में 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कांग्रेस का बोर्ड बनने से कार्यकत्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायसिंहनगर विधायक सोहनलाल नायक ने की, जबकि मंच संचालन प्रेम नागपाल ने किया। अतिथियों ने मिड्ढा को शुभकामनाएं देते हुए शहर के सर्वांगीण विकास और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने की उम्मीद जताई। इस गरिमामय अवसर पर मंच पर पूर्व मंत्री परमजीत सिंह रंधावा, घड़साना पालिका अध्यक्ष ज्योति मेघवाल, पालिका ईओ संजू चौधरी, उपाध्यक्ष प्यारेलाल सामरिया, वरिष्ठ कांग्रेसी महावीर प्रसाद मिड्ढा, डॉ. पी डी अरोड़ा, करनैल सिंह यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष हनीष मिड्ढा , पूर्व अध्यक्ष अशोक मिड्ढा , पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष नंदकिशोर मोहता, अरोड़वंश सभा अध्यक्ष अशोक बलाना, वरिष्ठ व्यापारी शंकर अग्रवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी महेंद्र चौधरी एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमरीक सिंह थिंद मंचासीन रहे। साथ ही पार्षद विजय तिन्ना, जयलाल मीठिया, राजेश वर्मा, मंगत कायत, गुरप्रीत कापड़िया, रीना मिड्ढा, मीरा, मधु खन्ना, शकुंतला, रामकली,एवं रतनलाल मिड्ढा ,सारांश बलाना, नवीन मिड्ढा रमेश बंसल,बलदेव सिंह बराड़, विकास कड़वासरा,अश्वनी शर्मा, वीरेंद्र गोदारा प्रधान प्रतिनिधि, सुरजा राम, सिद्धांत चौधरी व निहाल रहाड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

बींझबायलाः दीप्ति यादव ने एथलेटिक्स में रचा इतिहास

सीमा सन्देश # बींझबायला। सरस्वती जीवी कॉन्वेंट स्कूल बींझबायला की प्रतिभाशाली छात्रा दीप्ति पुत्री विनोद यादव निवासी गांव एक पीपी ने 14 वर्षीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट 2026-27 में शानदार प्रदर्शन किया है। 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, 400 मीटर दौड़ में रजत तथा 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया है। सरस्वती शिक्षण समूह के प्रबंध निदेशक अनिल खालिया, सह निदेशक लेफ्टीनेंट डॉ अन्नपुर्णा खालिया व स्कूल प्रभारी राजदीप सिंह बराड़ ने विश्वास व्यक्त किया कि दीप्ति भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नाम रोशन करती रहेंगी।



दलीप भादू का पाणी ढाल आज

रावला। रावला गांव (10 के.डी.) निवासी दलीप भादू पुत्र स्व. मनीराम भादू का 11 अक्टूबर को निधन हो गया है। वे ट्रक यूनियन रावला के पूर्व प्रधान भूरा राम भादू के भाई थे। उनकी आत्मिक शांति के लिए पानी ढाल (खर्च) 13 अक्टूबर को पैतृक निवास स्थान रावला गांव (10 के.डी.) पर संपन्न होगा। शोक 17 अक्टूबर तक रहेगा। सीमा सन्देश शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता है।



टोल कर्मचारियों का सब्र टूटा, ड्यूटी और समय पर वेतन सहित अन्य मांगों के लिए धरना

सीमा सन्देश # रायसिंहनगर। मुख्य मार्ग एनएच टोल 42 एनपी के टोल कर्मचारियों ने मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने डीवाईएफआई नेता एडवोकेट रवि मालिया के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर टोल फ्री कर दिया। टोल कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि टोल कंपनी की मनमर्जी के चलते कर्मचारी 8 घंटे की बजाय 14 घंटे कार्य कर रहे हैं। जब तक उनकी मांग नहीं माना जाएगी, तब तक टोल मुक्त रहेगा। इससे दो दिन पूर्व टोल कर्मचारियों ने एसडीएम रायसिंहनगर को ज्ञापन देकर मांगों के समाधान की गुहार लगाई थी, परन्तु अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। बड़ी संख्या में टोल कर्मी धरने पर बैठे हैं। टोल कंपनी और कर्मचारियों की वार्ता हुई, जिसमें पवन राठी व कैशियर मदन सोलंकी हटाने, साथ ही ड्यूटी 8 घंटे ड्यूटी निर्धारित करने वेतन हर महीने की 1 से 10 तारीख के बीच देने, कर्मचारियों का बीमा करवाने, किसी भी कर्मचारी का ड्यूटी करते समय दुर्घटना होने पर कम्पनी की जिम्मेदारी तय करने की बात तय हुई। अमरचंद, गुरजंट सिंह, हरदीप सिंह, मुकेश डेलू, परविंदर पटीर, सतपाल जयपाल, साहबराम, अमन सिराव, रजनीश, प्रेम कुमार, परमजीत, कलवंत, मांगीलाल, सतपाल, सोनू रामधारी, गिरधारी, चंद्रभान सुनील, पवन कुमार, इंद्रपाल, अमर सिंह उपस्थित रहे।





जांगिड़ दिल्ली में कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल हुए

सादुलशहर। लोकतंत्र की रक्षा और मतदाता अधिकारों के मुद्दे को लेकर दिल्ली में कांग्रेस के आंदोलन में सादुलशहर के पूर्व विधायक एवं एआईसीसी सचिव जगदीश चंद्र जांगिड समर्थकों के साथ शामिल हुए। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ धरना-प्रदर्शन और पैदल मार्च में भाग लिया। जांगिड ने बताया कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में लोकतंत्र की रक्षा तथा वोट चोरी के आरोपों के खिलाफ आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'वोट बचाओ, देश बचाओ' के संकल्प के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता मैदान में हैं। जांगिड ने कहा कि मतदाता अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा और इस मुद्दे पर पार्टी पीछे नहीं हटेगी।

सादुलशहरः गोल्ड मैडल हासिल करने पर टीम का किया सम्मान



सीमा सन्देश # सादुलशहर

गांव अमरगढ के राजकीय सीनियर स्कूल की सॉफ्टबॉल की टीम ने बाडमेर के चोहाटन में आयोजित राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल खेलकूद प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल प्राप्त किया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जीतकर वापस गांव आने पर टीम खिलाडियों सुमित, योगेश, साहिल, नीलेश, टीम कोच रामचंद्र एवं शारीरिक शिक्षा पंकज शर्मा का विघालय स्टाफ एवं जनप्रतिनिधियों की ओर से स्वागत किया गया। मालाएं पहनाकर, स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। मिठाई खिलाई गई। गांव में विजयी जुलूस निकाला गया। इस दौरान प्रशासक प्रतिनिधि हरपाल सिंह मान, पूर्व सरपंच हरदीप सिंह मान, डायरेक्टर मघाराम, पूर्व सरपंच देवीलाल मेघवाल, गुरदीप सिंह चानी, देवेंद्र सिंह चानी, मंगतराम, देवेंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, पंच सुखदेव सिंह राजीव आदि मौजूद थे।

महाबली पैदल संघ की पदयात्रा शुरू

सीमा सन्देश # मांझूवास

महाबली पैदल संघ की 26वीं छह दिवसीय पदयात्रा सोमवार सुबह हनुमान मंदिर, नरसिंहपुरा से रवाना हुई। प्रबंध समिति अध्यक्ष सतपाल नाथ ने यात्रा को हरी झंडी दिखाई। यात्रा में पं. मनोहरलाल वशिष्ठ, पृथ्वीराज चोटिया, प्रेम सहारण, कृष्णलाल रिणवां, राजू शर्मा, सुभाष योगी, जगदीश फूलभाटी, बुधराम गोदारा, विनोद सुथार, मोहनलाल मांझू सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। सुरेंद्र मांझू ने बताया कि श्री बजरंगबली पैदल यात्री संघ भी यात्रा में सहभागी बना।



कार्यक्रम | एथलेटिक्स व कुश्ती में पदक जीतकर राज्य स्तर के लिए चयन

जीईएस के खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रति. में जलवा

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर



जीईएस ग्रुप ऑफ एजुकेशन के खिलाड़ियों ने 70वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स एवं कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गुरनूर सिंह ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि एकनूर सिंह और नवदीप सिंह ने रजत पदक हासिल कर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि के दम पर उनका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है, जिससे विद्यालय, अभिभावकों और श्रीविजयनगर शहर का नाम रोशन हुआ। खिलाड़ियों की इस बड़ी सफलता में प्रशिक्षक कुलदीप सिंह बुट्टर, मोहन सिंह तथा खेल प्रबंधक गुरविंदर सिंह और जसवंत सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक सरदूल सिंह पंधेर ने परिसर में सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा उन्हें भविष्य में मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। सरदूल सिंह पंधेर ने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है। इस गौरवपूर्ण जीत के उपलक्ष्य में श्रीविजयनगर शहर के मुख्य मार्गों पर भव्य विजय जुलूस निकाला गया, जहां शहरवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए खिलाड़ियों का जोरदार उत्साहवर्धन किया।

न्यूज इन ब्रीफ

कबड्डी में जिया ने जीता सिल्वर मेडल



नेतेवाला। निकटवर्ती ग्राम पंचायत 21 जीजी बुर्जवाली की बेटी एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 11 की छात्रा जिया धतरवाल ने कबड्डी में सिल्वर मेडल जीता है। डीडवाना-कुचामन में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में जिया की बेहतरीन खेल प्रतिभा ने गांववासियों को गौरवान्वित कर दिया। सिल्वर मेडल जीतकर जब जिया अपने गांव पहुंची तो उसके स्वागत में पूरा विद्यालय और गांव उमड़ पड़ा। विद्यालय पहुंचते ही प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर जिया का जोरदार स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रणवीर शर्मा, शारीरिक शिक्षक राकेश सियाग एवं वरिष्ठ अध्यापक सुभाष सहारण ने जिया की सराहना करते हुए कहा कि उसकी यह उपलब्धि विद्यालय के साथ-साथ पूरे गांव के लिए गर्व की बात है।

श्रीराम कल्याण भूमि की कार्यकारिणी गठित

सादुलशहर। व्यापार मंडल द्वारा संचालित श्रीराम कल्याण भूमि के कुशल संचालन के लिए नई कार्यकारिणी गठित कर दी गई है। सचिव पुनीत गुप्ता ने बताया कि व्यापार मंडल के पूर्व सचिव राजेंद्र मक्कड एवं वरिष्ठ व्यवसायी राजेश अग्रवाल को संरक्षक बनाया गया है। राजेंद्र सिंह राई उपाध्यक्ष प्रथम, प्रवीन धींगड़ा उपाध्यक्ष द्वितीय, मुकुल सिंघल कोषाध्यक्ष, मक्खन शर्मा सचिव, साहिल बाघला सह सचिव, कुलदीप गोयल मीडिया प्रभारी, संजीव मित्तल को मुख्य सेवादार बनाया गया है। समिति के तत्वावधान में कल्याण भूमि का और विकास करवाने के साथ-साथ साफ-सफाई एवं पौधारोपण की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

द्वितीय पुण्यतिथि

प्रातः स्मरणीय

श्री उदाराम जी कस्वां

13 अक्टूबर 2024



स्मरण कर आपका, श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं।
सदा रहे आशीष आपका, प्रभु से प्रार्थना करते हैं।।
जीवन का प्रत्येक पल आपके आदर्शों एवं सिद्धातों से।
मार्गदर्शित होकर नेक कार्यों में समर्पित बना रहे।।

द्वितीय पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन

श्रद्धावनत् : समस्त कस्वां परिवार, चक 1 RWM, ढाणी मालूराम बिंजारणियां, रावतसर

शोक सन्देश

बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया

संतरो देवी



(धर्मपत्नी स्व. सुरजाराम यादव भूतपूर्व सरपंच 11 एलएनपी) का आकस्मिक निधन दिनांक 06 अक्टूबर 2026, मंगलवार को हो गया। उनकी आत्मिक शांति हेतु **खर्च** एवं **पाणी ढाल** 17 अक्टूबर 2026, शनिवार को निवास स्थान **16 एमएल ढाणी** पर होगा।

शोकाकुल परिवार : हरीराम यादव (देवर), ओमप्रकाश यादव-रिसाल यादव, डॉ. जगदीश यादव-राजो देवी, बृजमोहन यादव उप प्रधान समिति श्रीगंगानगर-निर्मला देवी (पुत्र-पुत्रवधु), महेन्द्र-मोनिका, दीपक-ममता यादव, विनोद यादव-निरंजना यादव (पौत्र-पौत्रवधु), सुनीता यादव-संजीव कुमार, नीतु यादव-नीरज यादव, अल्का यादव-राजेश यादव (पौत्री-दामाद), विरेन यादव, रिषभ यादव (पड़पौत्र), सेजल, ईशानी, भावन्या (पड़पौत्री), तेज कौर- स्व. अजीत, सरस्वती- हंसराज जी यादव, तीजा देवी-स्व. राजेन्द्र जी यादव, कौशल्या देवी-स्व. गोपीराम जी यादव, राजो देवी-स्व. रामकुमार जी यादव (पुत्री-दामाद)।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com

CLASSIFIED

99280-38379, 95095-96000

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

NAME CHANGED

■ I Have Changed My name PURUSHOTTAM to PURUSHOTTAM BANSAL S/O Mangat Ram Bansal R/O Ward No. 18 , Near Old Post Office Hanumangarh Town Teh. & Distt Hanumangarh 335513 so Please Note All Concern

✷ हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ दिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

ग्लोबल न्यूज

लंबे समय तक कोविड-19 से हैं पीड़ित, मुंह-फेफड़ों में मिली बैक्टीरिया की अलग संरचना: स्टडी



'यूरोपियन रेस्पिरेटरी जर्नल' में प्रकाशित स्टडी के अनुसार, लंबे समय तक कोविड-19 के लक्षणों से जूझने वाले लोगों के मुंह-फेफड़ों मौजूद बैक्टीरिया की संरचना अलग पाई गई। ब्रिटेन के 771-मरीजों पर हुए अध्ययन में यह बात सामने आई। शोध के मुताबिक, इन बदलावों का संबंध सांस लेने में परेशानी, ब्रेनफॉग, याददाश्त में कमी और पाचन संबंधी समस्याओं से भी पाया गया।

बलूचिस्तान में तकनीकी खराबी के कारण क्रैश हुआ पाकिस्तानी आर्मी का प्लेन



पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को तकनीकी खराबी के कारण पाकिस्तान आर्मी एविएशन का 'मुशशक' ट्रेनर एयरक्राफ्ट नवां किल्ली (क्वेटा) के पास क्रैश हो गया। इसमें इंस्ट्रक्टर पायलट मेजर हसनैन शहजाद हुमायूं और स्टूडेंट पायलट कैप्टन अब्दुल समद की मौत हो गई। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पायलटों की मौत पर शोक व्यक्त किया है।

ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स के ग्लोबल सिटीज इंडेक्स 2026 में न्यूयॉर्क शीर्ष पर, लंदन दूसरे स्थान पर



ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स के ग्लोबल सिटीज इंडेक्स 2026 में न्यूयॉर्क पहले स्थान पर रहा। 2025 में इसकी अर्थव्यवस्था का आकार 2.6 ट्रिलियन डॉलर रहा, जो सूचकांक में शामिल शहरों में सबसे बड़ा है। लंदन दूसरे और पेरिस तीसरे स्थान पर रहे, जबकि सिएटल चौथे और सैन फ्रांसिस्को पांचवें स्थान पर रहे।

अमिताभ की नातिन नव्या नवेली ने शुरू किया 'नवेली वेंचर्स', स्टार्टअप्स को देंगी 'नई पहचान'



अमिताभ बच्चन की 28-वर्षीय नातिन नव्या नवेली नंदा ने अपने नए वेंचर 'नवेली वेंचर्स' की आधिकारिक घोषणा की है। नव्या ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि 'नवेली वेंचर्स' नंदा फैमिली ऑफिस का एक स्ट्रैटेजिक वेंचर आर्म है। यह कंपनी विशेष रूप से डीप टेक, स्पेस, क्लीन एनर्जी, अक् एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और हेल्थ सेक्टर के स्टार्टअप्स को सहयोग प्रदान करेगी।

अमेरिका-कनाडा के सबसे गरीब 10% लोगों की कमाई भारत के सबसे अमीर 10% लोगों से अधिक है: रिपोर्ट



विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और कनाडा जैसे अमीर देशों के सबसे गरीब 10% लोगों की आय भारत के सबसे अमीर 10% लोगों से भी अधिक है। बकौल रिपोर्ट, भारत के सबसे गरीब 10% लोगों की प्रतिदिन प्रति व्यक्ति आय या खर्च का स्तर लगभग $3 डॉलर, अमेरिका में $25 और कनाडा में $31 से कम है।

मोबाइल में सबसे ज्यादा कौन से ऐप्स डाउनलोड कर रहे लोग? नई रिपोर्ट में हुआ खुलासा



भारत में साल 2025 के दौरान जनरेटिव अक ऐप्स के डाउनलोड में सालाना आधार पर 205% की बढ़ोतरी हुई जबकि पढ़ाई और नौकरी से जुड़े ऐप्स के डाउनलोड भी 39% बढ़े। मीडिया और एंटरटेंमेंट ऐप्स के डाउनलोड में 20% की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, सोशल मीडिया ऐप्स के डाउनलोड में 17% की गिरावट दर्ज की गई।

युद्ध में जासूसी के लिए इस्तेमाल हो सकते हैं दुनिया के 1.2 अरब इंटरनेट से जुड़े कैमरे: रिपोर्ट



वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में इंटरनेट से जुड़े करीब 1.2 अरब कैमरों का इस्तेमाल युद्ध के दौरान जासूसी के लिए किया जा सकता है। हैकर इन कैमरों को हैक कर सैनिकों की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं और ठिकानों की पहचान कर रहे हैं। इसमें घरों में लगे सीसीटीवी भी शामिल हैं।



रोम की शाम; इतिहास और वास्तुकला का अद्भुत संगम

टाइबर नदी के किनारे ढलती शाम का यह विहंगम दृश्य इटली की राजधानी रोम का है। तस्वीर में आगे 134 ईस्वी में बना ऐतिहासिक पुल 'पोंटे सैंट'एंजेलो' नजर आता है, जिसे सम्राट हेड्रियन ने बनवाया था। वहीं पृष्ठभूमि में वेटिकन सिटी का विश्व प्रसिद्ध 'सेंट पीटर्स बेसिलिका' चर्च और उसका विशाल गुंबद रोशनी में जगमगा रहा है, जिसे माइकलएंजेलो ने डिजाइन किया था। नदी के शांत पानी में इन प्राचीन धरोहरों का सुनहरा अक्स दुनिया भर के पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है।

क्रिकेट ● 13 दिसंबर को अरुण जेटली स्टेडियम में मैच, इसमें तीन वनडे और तीन टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले जाएंगे

दिल्ली में भारत-श्रीलंका पहला वनडे; बीसीसीआई ने खबरों को नकारा

बीसीसीआई ने भारत और श्रीलंका के बीच 13 दिसंबर को दिल्ली में होने वाले पहले वनडे का वेन्यू बदलने की खबरों को खारिज कर दिया है। बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने साफ किया कि मैच को दिल्ली से अहमदाबाद शिफ्ट करने का कोई फैसला नहीं हुआ है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर वेन्यू की तैयारी पर सवाल उठे थे। इसी के बाद मैच अहमदाबाद में कराए जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं।

सैकिया ने सोमवार को कहा कि अरुण जेटली स्टेडियम में ही मुकाबला खेला जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीसीसीआई द्विपक्षीय सीरीज के मैचों के वेन्यू तय करने के लिए अपनी मानक नीति का पालन करता है।

दिल्ली में निर्माण कार्य के कारण उठे थे सवाल

अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर आशंका जताई जा रही थी कि स्टेडियम 13 दिसंबर को होने वाले इंटरनेशनल मैच की मेजबानी के लिए समय पर तैयार होगा या नहीं। इसी आधार पर रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि पहला वनडे अहमदाबाद में कराया जा सकता है।



अहमदाबाद में पहले से तय आखिरी वनडे

भारत और श्रीलंका के बीच यह व्हाइट-बॉल सीरीज 13 से 27 दिसंबर तक खेली जानी है। इसमें 3 वनडे और 3 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले शामिल हैं। वनडे सीरीज का पहला मैच दिल्ली, दूसरा बेंगलुरु और तीसरा अहमदाबाद में खेला जाना तय है।

रणजी ट्रॉफी ● उमेश यादव ने पंजाब के लिए डेब्यू मुकाबले में झटके 5 विकेट

रणजी ट्रॉफी- मुंबई ने चंडीगढ़ को 78 रन पर समेटा : तुषार देशपांडे की हैट्रिक

रणजी ट्रॉफी 2026-27 के दूसरे दिन मुंबई के तुषार देशपांडे ने चंडीगढ़ के खिलाफ हैट्रिक लेकर पांच विकेट पूरे किए। उनकी गेंदबाजी के सामने चंडीगढ़ की पहली पारी महज 78 रन पर सिमट गई। मुंबई ने 429 रन बनाने के बाद फॉलोऑन दिया। तनुष और तुषार देशपांडे ने अर्धशतक बनाया। कप्तान सिद्धेश लाड ने 86 रन बनाए। चंडीगढ़ के राज अंगद बावा और रोहित धांडा ने 4-4 विकेट लिए।

चंडीगढ़ की टीम 78 रन पर ऑलआउट हो गई। मुंबई ने फॉलोऑन दिया और दूसरी पारी में भी चंडीगढ़ का एक विकेट गिर गया। देशपांडे ने अपने फर्स्ट क्लास करियर का छठा पांच विकेट हॉल पूरा किया, जिसमें यह हैट्रिक भी शामिल रही। मुंबई के मोहित अवस्थी ने भी 9 रन देकर 3 विकेट झटके।

वाडकर दोहरे शतक से चूके : विदर्भ ने पुडुचेरी के खिलाफ पहली पारी में 428 रन बनाए। एक समय टीम 54 रन पर 5 विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन अक्षय वाडकर ने पारी संभाल ली। उन्होंने 198 रन बनाए और अपने पहले फर्स्ट क्लास दोहरे शतक से सिर्फ 2 रन दूर रह गए। यश राठौड़ ने 134 रन की पारी खेली। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 205 रन की साझेदारी हुई। पुडुचेरी ने जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक 98 रन पर एक विकेट गंवाया था।



जडेजा और मांकड़ के शतक से सौराष्ट्र ने बनाए 392 रन : सौराष्ट्र ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ पहली पारी में 392 रन बनाए। प्रेरक मांकड़ ने 129 रन की पारी खेली, जबकि रवींद्र जडेजा ने 102 रन बनाए। मांकड़ और जडेजा के बीच छठे विकेट के लिए 205 रन की साझेदारी हुई। जडेजा को धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने आउट किया। चिराग जानी ने भी 83 रन बनाए। जवाब में छत्तीसगढ़ ने दिन का खेल समाप्त होने तक 122 रन पर 3 विकेट गंवाए।

बंगाल को घरामी और पोरेल ने दिलाई बढ़त : कल्याणी में बंगाल ने दिल्ली के 240 रन के जवाब में मजबूत शुरूआत की। सुदीप कुमार घरामी और अभिषेक पोरेल ने शतक लगाए और चौथे विकेट के लिए नाबाद 199 रन की साझेदारी की। दिन का खेल समाप्त होने तक बंगाल ने 3 विकेट पर 304 रन बना लिए थे और 64 रन की बढ़त हासिल कर ली थी।

आंध्र के डेब्यूटेंट राहुल का शतक, कर्नाटक पर बढ़त : 19वां जन्मदिन मनाने के दो दिन बाद एसवी राहुल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू करते हुए शतक लगाया। बाएं हाथ के बल्लेबाज राहुल ने विकेटकीपर रेवंत रेड्डी के साथ मिलकर आंध्र की पारी को संभाला। दिन का खेल समाप्त होने तक आंध्र ने कर्नाटक के खिलाफ बढ़त हासिल कर ली थी। रेवंत रेड्डी 97 रन बनाकर आउट हुए। छठे विकेट के लिए उनके और राहुल के बीच नाबाद 136 रन की साझेदारी हुई।

क्रिकेट ● पाक की सीरीज में अजेय बढ़त

पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराया



पाकिस्तान ने दूसरे टी-20 इंटरनेशनल में श्रीलंका को 82 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। श्रीलंकाई टीम घर से बाहर लगातार तीसरी टी-20 सीरीज हारी है। पाकिस्तान ने रविवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 215 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल में पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। टीम का सर्वोच्च स्कोर 232/6 है, जो उसने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 133 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज मोहम्मद इमरान ने 11 रन देकर 3 विकेट लिए। इससे पहले माज सदाकत ने 51 गेंदों पर 96 और कप्तान साहिबजादा फरहान ने 73 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों को कैच छूटने का फायदा मिला।

लिटन की शतकीय पारी, बंगलादेश ने 478 रनों की बढ़त के साथ पारी की घोषित

अबू धाबी (वार्ता) लिटन दास (102) रन पर आउट होने के तुरंत बाद बंगलादेश ने एकमात्र टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 372 रन पर घोषित कर दी। उन्होंने बंगलादेश की पहली पारी में अर्धशतक लगाया था और अफगानिस्तान की पहली पारी में पांच खिलाड़ियों को आउट करने में भूमिका निभाई थी, जिससे यह उनके लिए व्यक्तिगत रूप से एक अच्छा समय रहा। अफगानिस्तान को यह मुकाबला जीतने के लिए 479 रनों का विशाल लक्ष्य मिला है।

माता कैकेई के चरणों में श्री नारायण भी नतमस्तक हैं..!

नवरात्र शृंखला-4



श्री राम की कथा में एक मोड़ ऐसा है, जिसमें कई जन्मों के वचन, शत्रुताएं, अपराध बोध, क्षमा, हठ, और लांछन एक ही पात्र में जुड़ कर सिद्ध होते हैं. इतने सशक्त विषय वस्तुओं को एक साथ, और पूर्णता से निभाना किसी साधारण व्यक्तित्व के लिए असंभव है. परन्तु नियति ने इस के लिए एक चुनाव कर रखा था. और वह कैकेयी के अतिरिक्त और कोई हो ही नहीं सकतीं।

वह कैकेय देश (आज के पाकिस्तान से लेकर अफगानिस्तान तक) की राजकुमारी थीं. राजा अश्वपति और रानी शुभलक्षणा के सात पुत्रों के बीच इकलौती बहन कैकेयी. पिता का विशाल साम्राज्य था. अकूत सम्पदा, इकलौतापन, और सर्वगुण संपन्न होना, राजकुमारी को अति विशिष्ट बनाता था.लाड़ प्यार में पली राजकुमारी, अप्सरा सी सुन्दर और अत्यंत आत्मविश्वासी थीं. रण कौशल, और राजनैतिक प्रवीणता तो उनके विशेष गुण थे. उनके जीवन में केवल एक ही कमी थी- माता की. किसी बहुत बड़ी बात को लेकर राजा अश्वपति ने, रानी को देश निकाला दे दिया था. तब से एक दासी मंथरा ने कैकेयी का पालन, बिल्कुल अपने हृदय से लगा कर किया था।

समय आगे बढ़ा. कैकेयी विवाह के बाद अयोध्या आ चुकी थीं. कैकेयी अब अयोध्या की वह महारानी थीं, जो अपने मृदु व्यवहार के कारण कौशल्या और सुमित्रा की बहन समान प्रिय सखि थीं. अपने प्रेम, रण कौशल और सौन्दर्य के कारण, राजा दशरथ की प्राणप्रिया थीं. और अपने वात्सल्य और दुलार के कारण चारों पुत्रों की सर्वथा पूजनीय माता थीं. अपने बड़े बेटे राम के आगे, तो वे संसार भुलाये रहतीं. यहां तक कि भरत, जो उनका अपना पुत्र था, वह भी माता के स्नेह- क्रम में राम के बाद ही गिना जाता. राम को भोजन में क्या पसन्द है, राम के लिए कौन सी औषधि उपयुक्त है. राम के कपड़े, खिलौने, शिक्षा, सोना-जागना, हर कार्य, माता कैकई ही सबसे अच्छा कर सकती हैं. उन्हें राम से प्रिय कुछ नहीं. और राम के भी दिन-रैन उनकी छाया में बीतते हैं।

राम, भाइयों सहित गुरुकुल गए, और राम के वियोग में कैकेयी भोजन करना भी भूल जाती. हर परिस्थिति में अविचलित रहने वाली कैकई को, इतनी भयंकर उदासी में डूबे हुए सब ने पहली बार देखा था. ऐसा लगता जैसे उनके जीवन में अब प्राण ही शेष नहीं. पुत्र के विछोह में उनका स्वास्थ्य गिरने लगा. आखिर कौशल्या और सुमित्रा ने धीरे-धीरे उन्हें इस स्थिति से निकाला. राम के वापस आने में कुछ ही दिन बचे हैं.. अब कुछ दिनों में पुत्र का विवाह करेंगे.. राम के लिए तुमने कैसी वधू की कल्पना की है, जैसी अनेक इधर-उधर की बातें. और सचमुच ही कैकई, राम विवाह की तैयारियों में जुट गईं. अभी वर्षों की देर है, पर आभूषण गढ़वाने शुरू कर दिए, और भावी पुत्र वधू की मुँह दिखाई के लिए कनक भवन बनवाना भी शुरू कर दिया. कैकई अब व्यस्त रहतीं और उन्हें लेकर सबकी चिंता थोड़ी कम हुई।

पर विधि को अभी कई पलटवार करने थे. चारों भाइयों के विवाह की व्यस्तता अभी पूरी भी नहीं हुई थी. वधुओं के आते ही, एक और शुभ सूचना. राम के राज्याभिषेक की घोषणा हुई है. कैकेयी तो जैसे प्रसन्नता में बौरा जायेंगी. महारानी होने की मयार्दा है, नहीं तो वे खुशी में नाच उठें. पर इस खुशी पर एक काली बदली मंडराती आती है-

उधर स्वर्ग में देवता, किन्नर, यक्ष, धेनु और पृथ्वी की सभा चल रही है. यह क्या. श्री राम का तो राज्याभिषेक होने लगा. ऐसे तो प्रभु-अवतार का प्रयोजन ही नष्ट हो जाएगा. उस दुष्ट रावण से मुक्ति में अभी चौदह वर्ष शेष हैं. उससे पहले इन वर्षों में कितने ही लोग, जन्मों से उद्धार की प्रतीक्षा में हैं. अब यह सब कैसे संभव होगा ? आखिर माता सरस्वती ने दायित्व सम्हाला. और बहुत विचार के बाद युक्ति निकली. पर इस कार्य का माध्यम कौन बनेगा ? इसका भी उत्तर है -

कैकई की दासी मंथरा पिछले जन्म में दैत्य विरोचन की पुत्री थी. इंद्र और विष्णु ने छल से विरोचन का वध कर दिया.और परास्त मंथरा, धरती पर गिरकर कुबड़ी और कुरूप हो गई. कुरूपता, और हार के कारण असुरों ने भी उसका बहुत अपमान किया. उस जन्म से मंथरा को विष्णु और सारे असुरों से बैर है. दूसरी ओर श्रवण कुमार के पिता द्वारा दशरथ को दिया गया श्राप - (तू भी मेरी तरह पुत्र वियोग में तड़प कर मरेगा) भी फलित होना है. तो तय रहा. मंथरा ही इस कार्य का माध्यम बनेगी, और कैकई इस योजना को पूरा करेगी. माता सरस्वती ने कैकेयी को स्वप्न दर्शन दिए. सब बातें विस्तार पूर्वक समझा दीं और अंतर्मन की चेतना में बीज बो दिए.



आकांक्षा प्रफुल्ल पाण्डेय (मुम्बई)

कैकई स्वप्न में भी इसके लिए तैयार ना थीं.- हा राम! मेरे हाथों तुम्हारा ऐसा अहित? संसार मुझ कुमाता को कभी क्षमा न करेगा. मैं हतभागिनी, कहां मुंह छुपा सकूंगी. कुल में यह कलंक कई युगों तक न छूट सकेगा. हे विधाता ! मैं सूर्यवंश की कुल वधु, आज अपने ही सर्वनाश का कारण बनने जा रही हूं. पर राम के लिए मेरे अथाह प्रेम के आप साक्षी हैं. मेरे राम को आप अपनी सुरक्षा में रखियेगा. उसे कोई कष्ट ना देना प्रभु. कैकई की पीड़ा अतुलनीय थी. पर रावण के अत्याचारों से मुक्ति के लिए कैकई तैयार हो गईं. और उनकी नींद खुल गई. स्वप्न की बात सर्वथा भूल गईं.

विधाता की योजना पूरी हुई. मंथरा के समझाने पर कैकेई ने दशरथ से अपने दो वचन मांग लिए. राम को वनवास घोषित हुआ. रावण के समूल विनाश पर जैसे मुहर लग गई. मंथरा का विष्णु और असुरों से प्रतिशोध पूरा हुआ.श्रवण कुमार के पिता का श्राप भी पूरा हुआ. पर हर एक की इस विजय में वह एक माता हार गईं. जिसके मन ने हमेशा पुत्र के सुख, और अपने सुहाग के लिए मंगल कामना की थी, आज दोनों हाथों से गंवा बैठी थीं. स्वयं पर लांछन ले लिया, और पुत्र के लिए चौदह लोकों में पूजनीय हो जाने का मार्ग खोल दिया था. इतने बड़े हृदय की स्वामिनी होना, केवल जगदम्बा तत्व में ही संभव है. उन माता कैकेई के चरणों में श्री नारायण भी नतमस्तक हैं.. जय सियाराम

(क्रमशः)

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

सीमा सन्देश

श्रीगंगानगर, मंगलवार, 13 अक्टूबर, 2026

कितने भी मोर्चे निकालो, हम संविधान को खत्म नहीं होने देंगे। देश के लोकतंत्र और भारत रत्न डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान के साथ खिलवाड़ करने की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी। - **देवेन्द्र फडणवीस**

न्यूज इन ब्रीफ

कथा में चोरी करने वाली गैंग पकड़ी

डीडवाना-कुचामन। कुचामन सिटी में भागवत कथा की कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के आभूषण चोरी करने वाली गैंग का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 26 महिलाओं सहित 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी राजेंद्र खदाव ने बताया कि आरोपी भीड़भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों में महिलाओं को निशाना बनाकर चेन, कंठी और अन्य आभूषण चुराते थे। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

हनीट्रैप में महिला सहित दो पकड़े

भिंड। मध्य प्रदेश के भिंड जिले में हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग के मामले में पुलिस ने महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि महिला ने 52 वर्षीय व्यक्ति को विश्वास में लेकर उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया और वायरल करने तथा दुष्कर्म व एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देकर पांच लाख रुपये मांगे। पीड़ित से एक लाख रुपये लेने के बाद पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई की।

पुलिसकर्मी पर हमले की साजिश नाकाम

अमृतसर। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई हैंडलर के इशारे पर पुलिस इमारत और पुलिस कर्मी पर हमला करने जा रहे तीन गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से एक हैंड ग्रेनेड, एक ग्लाक पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आरोपितों की पहचान मोगा जिले के धर्मकोट स्थित फतेहगढ़ कोरोटालान निवासी नवदीप सिंह, मोगा के ही खानकोट पूर्वी स्थित मोहल्ला मैहने वाला निवासी सैमुअल मसीह उर्फ सैमू और संदीप सिंह उर्फ टिडी के रूप में बताई है।

काजरी की विकसित किस्म को केंद्र सरकार ने किया जलवायु सहिष्णु के रूप में अधिसूचित, कम बारिश में भी देगी बेहतर उत्पादन

काजरी मोठ-8 : मरुस्थलीय किसानों के लिए जलवायु संकट में बेहतर प्रदर्शन की नई उम्मीद

जोधपुर।

केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर के वैज्ञानिकों ने शुष्क क्षेत्रों के किसानों के लिए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। संस्थान द्वारा विकसित मोठ की उन्नत किस्म 'काजरी मोठ-8' को भारत सरकार ने जलवायु-सहिष्णु किस्म के रूप में अधिसूचित कर दिया है। अब इसका गुणवत्तापूर्ण बीज किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। काजरी निदेशक डॉ. हनुमान सहाय जाट ने बताया कि इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव के बावजूद काजरी फार्म पर 'काजरी मोठ-8' ने प्रति हेक्टेयर 10 क्विंटल से अधिक उत्पादन दिया। इस किस्म की सबसे बड़ी विशेषता प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों में भी बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता है। परिपक्वता तक पौधों का हरा बने रहना इसकी महत्वपूर्ण विशेषता है।



दो वर्षा में भी देगी उपज

'काजरी मोठ-8' विशेष रूप से पश्चिमी राजस्थान जैसे सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लिए उपयोगी साबित हो सकती है। अनियमित वर्षा और कम नमी वाले क्षेत्रों में भी यह किस्म उत्पादन की संभावना बनाए रखती है। इसकी खेती के लिए अत्यधिक बारिश की आवश्यकता नहीं होती और केवल दो अनुकूल वर्षाओं में भी अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है। डॉ. जाट ने बताया कि बुवाई के लगभग 20-25 दिन बाद पहली तथा 35-40 दिन बाद दूसरी वर्षा होने पर फसल के लिए परिस्थितियां अनुकूल रहती हैं। जलमग्न और क्षारीय भूमि को छोड़कर शुष्क क्षेत्रों की विभिन्न प्रकार की भूमि में इसकी खेती की जा सकती है।

राजस्थान मोठ उत्पादन का प्रमुख केन्द्र

राजस्थान देश में मोठ उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र है। देश के कुल मोठ क्षेत्रफल में राज्य की हिस्सेदारी लगभग 98 प्रतिशत और कुल उत्पादन में करीब 96.4 प्रतिशत है। राज्य में लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मोठ की खेती की जाती है। हालांकि अनियमित मानसून और लंबे शुष्क दौर के कारण किसानों को उत्पादन जोखिम का सामना करना पड़ता है। इसी चुनौती को देखते हुए काजरी ने करीब एक दशक पहले जलवायु-सहिष्णु और अधिक उत्पादन देने वाली मोठ की किस्मों के विकास पर काम शुरू किया था। संस्थान अब तक मोठ की 11 उन्नत किस्में विकसित कर चुका है, जिनमें कई विभिन्न चरणों में हैं।

किसानों तक पहुंचेगा गुणवत्तापूर्ण बीज

किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से काजरी ने इस वर्ष 'काजरी मोठ-8' का 100 क्विंटल से अधिक बीज तैयार किया है। यह किस्म मौसम संबंधी जोखिमों को कम करने, फसल उत्पादन बढ़ाने और शुष्क क्षेत्रों में किसानों की आय को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

खेत बचाओ संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन, सांसद हनुमान बेनीवाल होंगे शामिल

सिंचाई पानी को लेकर घड़साना में किसान आंदोलन तेज, कल चक्काजाम का ऐलान

सीमा सन्देश # घड़साना।

अनूपगढ़ शाखा के सिंचाई पानी को लेकर चल रहा किसानों का आंदोलन अब तेज होता जा रहा है। प्रशासन के साथ वार्ता विफल होने के बाद खेत बचाओ, किसान बचाओ संघर्ष समिति ने 14 अक्टूबर को अनूपगढ़ शाखा क्षेत्र की मंडियों में चक्का जाम का आह्वान किया है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल भी इस आंदोलन में शामिल होंगे। किसान अनूपगढ़ शाखा के पानी को रिवर्ज कराने तथा चार में से दो ग्रूप के आधार पर छह माह का रेग्युलेशन बनाकर आठ सिंचाई पानी की बारी देने की मांग कर रहे हैं। इसी मांग को लेकर किसान चक 12 एमडी टोल नाके पर दो दिनों तक दिन-रात धरने पर बैठे रहे।

प्रशासन से वार्ता रही बेनतीजा

रविवार रात किसानों और प्रशासन के बीच वार्ता हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। इसके बाद किसानों में आक्रोश बढ़ गया। आंदोलनकारियों ने उपखंड अधिकारी कार्यालय के समक्ष भी पड़ाव जारी रखा है। समिति के पदाधिकारी अब 14 अक्टूबर के



प्रस्तावित चक्का जाम को सफल बनाने के लिए गांव-गांव संपर्क कर रहे हैं।

किसानों का निर्णायक संघर्ष

किसानों का कहना है कि हर वर्ष सिंचाई पानी को लेकर उन्हें आंदोलन करना पड़ता है। इस बार का संघर्ष निर्णायक होगा। समिति के कार्यकर्ताओं ने चक्का जाम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग गांवों में जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। आंदोलन स्थल पर किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प जताया।

किसान कानून व्यवस्था नहीं बिगाड़ना चाहते : बेनीवाल

सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि किसान कानून व्यवस्था बिगाड़ना नहीं चाहते, लेकिन सरकार की ओर से किसानों की मांगों को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने राज्य सरकार पर किसान हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पानी का मुद्दा क्षेत्र के किसानों के जीवन और खेती से जुड़ा हुआ है। बेनीवाल ने आंदोलनकारियों से दो दिन का समय लेकर नागौर रवाना होने की बात कही। उन्होंने कहा कि 14 अक्टूबर को प्रस्तावित चक्का जाम में वे अपने समर्थकों के साथ शामिल होंगे।

निकाय के बाद पंचायत समिति पर भाजपा की नजर, महेश पेड़ीवाल को मिली चुनाव संयोजक की कमान

नगर परिषद में भाजपा का बोर्ड बनवाने में निभाई थी अहम भूमिका, अब ग्रामीण में संगठन मजबूत करने की जिम्मेदारी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

नगर परिषद में भाजपा का बोर्ड बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले महेश पेड़ीवाल को अब पंचायत समिति चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने उन्हें श्रीगंगानगर पंचायत समिति का चुनाव संयोजक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति को पार्टी की आगामी पंचायती राज चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।



नगर परिषद चुनाव में संगठनात्मक समन्वय और चुनावी प्रबंधन में महेश पेड़ीवाल की भूमिका चर्चा में रही थी। अब पार्टी ने उन्हें ग्रामीण क्षेत्र की चुनावी रणनीति को जमीन पर उतारने की जिम्मेदारी दी है। ऐसे में उनकी नियुक्ति के बाद भाजपा की पंचायत समिति चुनाव की तैयारियों को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

नगर परिषद का अनुभव, अब ग्रामीण सियासत की चुनौती : महेश पेड़ीवाल को संगठनात्मक गतिविधियों, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय और चुनावी प्रबंधन से जुड़े अनुभव के लिए जाना जाता है। नगर परिषद चुनाव के दौरान भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार करने और कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण माना गया था। अब पंचायत समिति चुनाव में उनके सामने ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को सक्रिय करने, तालमेल बनाने और स्थानीय राजनीतिक समीकरणों के अनुरूप रणनीति तैयार करने की चुनौती होगी।

बूथ स्तर तक समन्वय पर रहेगा जोर : पंचायत समिति चुनाव में स्थानीय मुद्दे, प्रत्याशियों का चयन, जनसंपर्क और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। चुनाव संयोजक के रूप में पेड़ीवाल को संगठनात्मक गतिविधियों में समन्वय स्थापित करने और पार्टी की चुनावी रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। पंचायत समिति चुनाव में स्थानीय मुद्दे, प्रत्याशियों का चयन, जनसंपर्क और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। संयोजक के रूप में पेड़ीवाल को संगठनात्मक गतिविधियों में समन्वय स्थापित करने और पार्टी की चुनावी रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू करने की जिम्मेदारी निभानी होगी।

'माइक्रो मैनेजमेंट' के लिए राजनीतिक हलकों में चर्चा

महेश पेड़ीवाल की राजनीतिक कार्यशैली में सूक्ष्म चुनावी प्रबंधन यानी माइक्रो मैनेजमेंट को अहम माना जाता है। बूथ स्तर पर संपर्क, चुनावी परिस्थितियों का आकलन और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय जैसे पहलू उनकी पहचान से जोड़े जाते हैं। राजनीतिक हलकों में उन्हें इसी शैली के कारण 'राजनीति का चाणक्य' भी कहा जाता है। अब देखना होगा कि नगर परिषद चुनाव के अनुभव को पेड़ीवाल पंचायत समिति चुनाव में किस तरह इस्तेमाल करते हैं। उनकी नियुक्ति से भाजपा की चुनावी तैयारियों को लेकर हलचल बढ़ी है।



Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st Aug. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. ~Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Rajasthan. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: श्रीगंगानगर: सूर्या ऑटोमोबाईल्स प्रा.लि., 9289922194, बीकानेर: राजाराम धारणिया हीरो, गोगा गेट सर्किल के पास, 9289922708 करण हीरो, म्यूजियम सर्किल के पास, 9289922528, एक्सटेंशन काउंटर : राजाराम धारणिया ऑटोमोबाईल्स, अनाज मण्डी गेट के सामने 7229822929, 8048243279, कालू रोड, लूणकरणसर, 8000294880, श्री गंगानगर रोड, 7428598938, चुरू: महालक्ष्मी हीरो, 9289922872, एसोशिएट डीलर: सूरतगढ़: बंसल ऑटो एवं टिपेयरिंग सेंटर, 9414092085, अनूपगढ़: बी.एस. मोटर्स, 9982725676, रायसिंहनगर: राजू ऑटो स्पेयर्स, 9414480981, करणपुर: जगदम्बा ऑटोमोबाईल्स, 9828297920, विजयनगर: राजू ऑटो एजेंसी, 9549228881, गजसिंहपुर: रामदेव ऑटोमोबाईल्स, 9772727008, घड़साना: संधु मोटर्स, 9782712236, पदमपुर: गिल ऑटो, 9414506065, बींझबायला: खालसा ऑटोमोबाईल्स, 9460602222, रिड़मलसर: सिद्धू ऑटोज, 9928296984, हनुमानगढ़: माँ भगवती मोटर्स, 8875901000, 8875907000, रावतसर: एस.बी. मोटर्स, 9414636600, 9166066604, भादरा: बंसल ऑटोमोबाईल्स, 8302473860, 9664487183, नोहर: कृष्णा मोटर्स, 9414503107, पीलीबंगा: आर.एल. मोटर्स, 7426835220, संगरिया: एस.एम. ऑटोमोबाईल्स, 9784490100, जैतसर: गजरा ऑटोमोबाईल्स, 9667761860, पल्लू: जय भवानी मोटर्स, 9672000078, टिब्बी: आर एण्ड आर ऑटोमोबाईल्स, 9728350011, हनुमानगढ़ जंक्शन: श्री महेश मोटर्स, 9079429111, गोलूवाला: प्रगति मोटर्स, 8696162229, रावलामंडी: ओम गणपति मोटर्स, 9887256445.

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528